www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, बुधवार, 7 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -303 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

नीतीश कैबिनेट की बैठक में 14 एजेंडों पर मुहर 02

■ दिल्ली नगर निगम की बैठक में हंगामा
■ राजधानी में दिन में खिली धूप से लोगों को ... 03

■ पाकिस्तानी नौसेना ने अरब सागर में फंसे नौ...
■ पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन ... 07

'पोचर' सह-अस्तित्व को अपनाने का आह्वान है : आलिया भट्ट 10

## सार संक्षेप

### मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल बुधवार से प्रारंभ होगा। तेरह दिवसीय सत्र के दौरान कुल नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बुधवार को सत्र राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ प्रारंभ होगा, जो 19 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। सोलहवीं विधानसभा के इस दूसरे सत्र में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लेखानुदान लाए जाने की संभावना है। इस दौरान अनेक शासकीय कार्य भी संपादित होंगे।

### राज्यसभा की पूर्व सदस्य वीणा वर्मा का निधन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं दो बार राज्यसभा सदस्य रही वीणा वर्मा का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह 83 वर्ष की थीं। वह कुछ समय से उम्रजनित बीमारी से जूझ रही थी और दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती थी , जहां आज सुबह उनका निधन हो गया। श्रीमती वर्मा ख्यातिलब्ध साहित्यकार एवं कवि श्रीकांत वर्मा की पत्नी थी , जो अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव भी रहे।

### आतंकी मॉड्यूल का मुख्य साजिशकर्ता दिल्ली में गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित एक मुख्य आरोपी को नयी दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मामले में मुख्य आरोपी एवं कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव के निवासी सेवानिवृत्त सैनिक रियाज अहमद को रविवार को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया।

### सुप्रसिद्ध कश्मीरी कवि फारुक नाजकी का निधन



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाजकी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे।

### बजट सत्र एक दिन के लिए बढ़ाया गया : प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** संसद के वर्तमान बजट सत्र की कार्यवाही को एक दिन के लिए बढ़ाकर शनिवार तक कर दिया गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इसकी पुष्टि की। समापन पहले 9 फरवरी को होना तय था, लेकिन अब इस सत्र को एक दिन बढ़ा दिया गया है और अब यह शनिवार, 10 फरवरी तक चलेगा।

---

शरद पवार को चुनाव आयोग का झटका

# अजित पवार गुट ही असली एनसीपी

## आयोग ने पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह भी अजित पवार को दिया

**नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की सियासत से बड़ी खबर सामने आई है। चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को असली एनसीपी करार दिया है। पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह भी अजित पवार को मिल गया है। ये राजनीति के दिग्गज कहे जाने वाले शरद पवार के लिए आम चुनाव से पहले करारा झटका है। चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनावों के मद्देनजर शरद पवार को अपने नए राजनीतिक गठन का नाम रखने के लिए विशेष छूट दी है। चुनाव आयोग ने कहा कि विवादित आंतरिक संगठनात्मक चुनावों के मद्देनजर 'विधायी बहुमत के परीक्षण' ने अजित पवार गुट को एनसीपी का चुनाव चिह्न हासिल करने में मदद की। 6 महीने से अधिक समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद, चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा किया और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया। पार्टी का सिंबल घड़ी अजित पवार के पास रहेगा।

**शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए गए थे अजित पवार**

2 जुलाई 2023 को एनसीपी में विभाजन हो गया था। अजित पवार अपने खेमे के विधायकों के साथ एनडीए में शामिल हो गए और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बनाए गए। वो महाराष्ट्र की बीजेपी और एकनाथ शिंदे की सरकार में शामिल हो गए। एनसीपी से अलग होने के बाद अजित पवार ने एनसीपी पर दावा ठोंक दिया था। इसके बाद ये मामला चुनाव आयोग की दहलीज चक पहुंचा। दोनों खेमों में चुनाव आयोग के समक्ष अपनी-अपनी दलीलें पेश की थीं। अब चुनाव आयोग ने असली एनसीपी का फैसला कर दिया।







मुझे लगता है कि जो शिवसेना के साथ हुआ वही आज हमारे साथ हो रहा है। इसलिए यह कोई नया आदेश नहीं है। बस नाम बदल गए हैं, लेकिन फैसला पुराना है: **सुप्रिया सुले, सांसद**

- छह महीने से अधिक समय तक चली सुनवाई
- पिछले साले 2 जुलाई को विभाजन हो गया था
- इससे पहले शिवसेना भी हो चुकी है दो फाड़



हमारे महागठबंधन में घटक दल उप-मुख्यमंत्री अजित दादा पवार को चुनाव आयोग ने एनसीपी पार्टी के साथ-साथ घड़ी चुनाव चिह्न के रूप में मान्यता दी है, मैं उन्हें, सभी सहयोगियों और कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई देता हूं: **देवेंद्र फडणवीस**

### शरद को लेना होगा नया नाम

*ये इंडिया गठबंधन के लिए भी बड़ा झटका है। अब शरद पवार को पार्टी का नया नाम और सिंबल सोचना होगा। महाराष्ट्र में इससे पहले शिवसेना में दो फाड़ हो चुका है। असली शिवसेना एकनाथ शिंदे की है, वहीं उद्धव ठाकरे की पार्टी का नाम शिवसेना (यूबीटी) है।*

**सता फरवरी का दिया समय**

चुनाव आयोग ने अपने नए राजनीतिक गठन के लिए एक नाम का दावा करने और आयोग को तीन प्राथमिकताएं देने का एक बार का विकल्प प्रदान किया है। रियायत का उपयोग 7 फरवरी, 2024 को दोपहर 3 बजे तक किया जा सकता है।

---

# मप्र के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 9 की मौत



**भोपाल/हरदा, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** मध्य प्रदेश के हरदा जिले में संचालित एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए कई विस्फोटों के बाद लगी भीषण आग में 9 लोगों की मौत हुई है और 167 लोग घायल हुए हैं। घायल और झुलसे लोगों का इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, हरदा के बैरागढ़ इलाके में मगरधा रोड के करीब एक आवासीय बस्ती है और यहां एक अवैध पटाखा फैक्ट्री रूप से संचालित थी। इस फैक्ट्री में मंगलवार को विस्फोटों के साथ आग लग गई। इसने कई मकानों को भी प्रभावित किया है। हरदा के कलेक्टर ऋषि गर्ग ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि छह लोगों की मौत हुई है और 59 लोग घायल हुए हैं। इन घायलों का उपचार जारी है। राहत और बचाव कार्य जारी है। आग पर काबू पाने के लिए आसपास से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई हैं। इस फैक्ट्री में पटाखों में विस्फोट और आग के विकराल रुप लेने के बाद आसपास के कई मकान भी जद में आ गए। इतना ही नहीं, फैक्ट्री के आसपास के इलाके में मकान से उछले ईंट-पत्थर ने सड़कों से गुजरते लोगों को भी अपनी चपेट में ले लिया। परिणाम स्वरुप वे सड़क पर गिर गए। कई लोग सड़क पर अचेत अवस्था में भी नजर आए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस हादसे को लेकर दुख जाहिर किया है।

**विस्फोटों के बाद लगी भीषण आग में 167 लोग घायल**

---

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

**लखनऊ, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में अमेठी या रायबरेली में शामिल होंगे।

सपा ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। सपा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को राहुल गांधी जी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में सम्मिलित होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी का निमंत्रण प्राप्त हुआ।



- सपा ने बयान जारी कर दी इसकी जानकारी दी
- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भेजा था निमंत्रण

बयान में कहा गया, अखिलेश यादव जी ने कांग्रेस को बधाई देते हुए निमंत्रण स्वीकार किया एवं 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के पश्चात अमेठी या रायबरेली में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी।' यादव ने कहा कि आशा है ये 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' उप्र में प्रवेश करके पीडीए की रणनीति से जुड़ेगी और हमारे 'सामाजिक न्याय' एवं 'परस्पर सौहार्द' के आंदोलन को और आगे ले जाएगी। 'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति, जीत का नया इतिहास लिखेगी।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा ओडिशा पहुंची

***राउरकेला।*** *कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ न्याय यात्रा मंगलवार दोपहर सुंदरगढ़ जिले के बीरमित्रपुर पहुंची। तीन दिवसीय दौरे पर आए राहुल का झारखंड के सीमावर्ती शहर बीरमित्रपुर के प्रवेश द्वार पर जोरदार स्वागत किया गया। राहुल को कांग्रेस राज्य प्रभारी डॉ अजय कुमार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शरत पटनायक, विजय पटनायक, सुर राउतराय, तारा प्रसाद बाहिनीपति, व राज्य के अन्य वरिय नेता व विधायकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बाद में भव्य जुलूस बीरमित्रपुर मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। राहुल और केंद्रीय नेताओं ने बीरमित्रपुर बस स्टैंड पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।*

---

उत्तराखंड में अब एक विधान, एक कानून !

# विधानसभा में यूसीसी बिल किया गया पेश

**देहरादून, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड विधानसभा यूसीसी बिल पेश किया। बिल पेश किए जाने के साथ ही विधानसभा वंदे मातरम, जय श्री राम, भारत माता की जय के नारों से गूंज उठी। वहीं, बिल पेश किए जाने के विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। इस कारण विधानसभा की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद तक यानी दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। धामी सरकार ने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के साथ ही यूसीसी पर बिल लाने के लिए कैबिनेट से कमिटी का गठन किया था। दरअसल, उत्तराखंड चुनाव 2022 के दौरान सीएम धामी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की घोषणा की थी।



**ऐसा बिल लाने वाली पहली विधानसभा**

उत्तराखंड विधानसभा ने यूसीसी बिल को पेश कर इतिहास रच दिया। स्वतंत्र भारत में उत्तराखंड विधानसभा इस प्रकार के बिल पेश करने वाली पहली विधानसभा बन गई है। इस बिल को पास कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पास पर्याप्त बहुमत है। प्रदेश की विधानसभा में भाजपा के पास 47 और कांग्रेस के पास 19 सीटें हैं। इस बहुमत के साथ धामी सरकार को बिल पास कराने में अधिक दिक्कत नहीं होगी। नए कानून में सभी विवाहों पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में पेश किया
- बिल पेश होते ही लगे वंदे मातरम के नारे

**बिल को लेकर कांग्रेस नेताओं ने किया हंगामा**

उत्तराखंड विधानसभा में विपक्ष की ओर से हंगामा किया गया। इससे पहले विपक्षी दलों के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे थे। वे सरकार पर सभी वर्गों के हितों की अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस नेताओं के रुख में बिल पेश किए जाने से पहले बदलाव होता दिखा। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि हम बिल के खिलाफ नहीं हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड को पास किए जाने से पहले चर्चा के लिए समय देने की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा कि चर्चा का पर्याप्त समय मिलना चाहिए। हम यूसीसी के विरोध में नहीं हैं। हालांकि, बिल पेश किए जाने से पहले कांग्रेसी विधायकों ने सदन में धरना दे दिया। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर सवाल उठाते हुए बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा को यूसीसी के ड्राफ्ट में केवल वोट नजर आ रहे हैं। यूसीसी के जरिए प्रदेश की आठ फीसदी आबादी को निशाना बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

---

# हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाना ही सामाजिक न्याय : मोदी

**पणजी, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनके लिए सच्ची धर्मनिर्पेक्षता और सच्चे सामाजिक न्याय का अर्थ है कि हर पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो और उनकी सरकार इसकी गारंटी देती है।



- गोवा को 1,330 करोड़ की विभिन्न योजनाएं दी
- 930 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र भी बांटे

श्री मोदी 'विकसित भारत, विकसित गोवा 2047' कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में 1,330 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इन योजनाओं में गोवा में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के स्थायी कैंपस, और राष्ट्रीय जलक्रीडा संस्थान के नए कैंपस का उद्घाटन तथा दस करोड़ लीटर के दैनिक क्षमता के जलशोधन सयंत्र की आधारशिला भी शामिल है। उन्होंने रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न विभागों में चुने गए 1930 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र भी वितरित किये। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में हर घर नल से जल, बिजली कनेक्शन, रसोई गैस कनेक्शन और हर घर में शौचालय की सुविधा जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुये कहा, जब सैचुरेशन होता है (जब सभी लोग संतृप्त होते हैं) तो लोगों को अपना हक पाने के लिए रिश्वत नहीं देनी होती। इसलिए मैं बार-बार कहता हूं कि सैचुरेशन ही सच्चा सेकुलरिज्म (धर्मनिर्पेक्षता) है। सैचुरेशन ही सच्चा सामाजिक न्याय है। यही सैचुरेशन, गोवा को, देश को, मोदी की गारंटी है। श्री मोदी ने कहा, कुछ दिन पहले जो बजट आया है, उसमें भी संम्पूर्ण संतृप्ति के, गरीब से गरीब की सेवा के हमारे संकल्प को मजबूती दी है। आप जानते हैं कि हमने चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्का मकान देने का लक्ष्य पूरा कर लिया। अब हमारी गारंटी है कि दो करोड़ और परिवारों को घर बनाकर के देंगे।

---

# तेलुगू देशम पार्टी के 13 विधायक विधानसभा से निलंबित

**विजयवाड़ा, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तम्मीनेनी सीताराम ने मंगलवार को 13 विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया। अमरावती में आयोजित विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन आज सुबह कार्यवाही शुरू होने पर तेदेपा विधायक सदन की आसंदी तक पहुंच गए। वे अध्यक्ष के आसन पर चढ़ गए और विधेयकों के कागजात फाड़कर उनकी ओर फेंक दिए। तेदेपा सदस्यों ने आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर स्थगन प्रस्ताव के लिए अध्यक्ष पर दबाव डाला, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। वे सदन की कार्यवाही में बाधा डालते रहे। बाद में स्पीकर ने इन्हें निलंबित कर दिया। इससे पहले तेदेपा विधायकों और विधानपरिषद सदस्यों ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाने के विरोध में विधानसभा के बाहर फायर स्टेशन सेंटर पर धरना दिया। उन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं और बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए कदम उठाने में उदासीनता के लिए सरकार की निंदा की।



- अध्यक्ष के आसन पर चढ़ गए थे विधायक
- विधेयकों के कागज फाड़कर उनकी ओर फेंके

---

# भारत, दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर फाइनल में पहुंचा

**अंडर-19 विश्व कप में सचिन व उदय ने जड़े शानदार अर्धशतक**

**बेनोनी, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** सचिन ढास 96 रन और कप्तान उदय सहारन की 81 रन की अर्धशतकीय पारी बदौलत भारतीय टीम ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही है और पहले ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज आर्दश सिंह शून्य का विकेट गवां दिया। इसके बाद चौथे ओवर में मुशीर खान चार रन और नियमित अंतराल पर प्रियांशु मोलिया पांच रन और अर्शीन कुलकर्णी 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए है। 12वें ओवर में भारत का स्कोर चार विकेट पर 32 रन था। इसके बाद कप्तान उदय सहारन तथा सचिन ढास ने भारतीय पारी को संभाला और पांचवें विकेट लिए रिकार्ड 171 रनों की साझेदारी की।

---

खुशखबरी | *ईरान दूतावास ने जारी किया बयान*

# भारतीय पर्यटकों को ईरान जाने के लिए वीजा की जरूरत नही

**नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान दूतावास द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, 4 फरवरी से लागू होने वाली नई नीति के साथ भारतीय पर्यटकों को ईरान जाने के लिए वीजा की जरूरत नहीं है। दूतावास ने एक बयान में कहा, सामान्य पासपोर्ट रखने वाले व्यक्तियों को हर छह महीने में एक बार बिना वीजा के ईरान में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।**

- हर छह महीने में एक बार जा सकेंगे
- अधिकतम 15 दिन का होगा प्रवास

इसमें अधिकतम 15 दिन का प्रवास होगा। बयान में स्पष्ट किया गया कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि 15 दिन की अवधि नहीं बढ़ाई जा सकती। वीजा-मुक्त प्रवेश केवल पर्यटन उद्देश्यों के लिए ईरान में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों पर लागू होता है। व्यवसाय या शैक्षिक उद्देश्यों के लिए ईरान जाने वाले भारतीयों को संबंधित श्रेणियों के तहत वीजा के लिए आवेदन करना होगा। जो लोग छह महीने की समय अवधि के भीतर एक से अधिक बार ईरान जाना चाहते हैं, उन्हें वीजा प्राप्त करना होगा। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि वीजा-मुक्त प्रवेश केवल उन भारतीय पर्यटकों पर लागू होगा जो हवाई मार्ग से ईरान पहुंचेंगे। तुर्की, अफगानिस्तान, पाकिस्तान या किसी पड़ोसी देश से होकर भूमि मार्ग से ईरान आने वालों को बिना पूर्व वीजा के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरान अब थाईलैंड, मलेशिया, श्रीलंका और वियतनाम जैसे देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने हाल ही में भारतीय आगंतुकों के लिए वीजा की जरूरत खत्म कर दी है।



# देश

उवाच

"अच्छे दिन आने की तो बहुत बातें की जाती हैं लेकिन किसानों, महिलाओं, गरीबों और बेरोजगारों के लिए वाकई क्या अच्छे दिन आ गए हैं। उन्होंने कहा कि आज हर दूसरा युवा बेरोजगार है। बड़ी संख्या में विद्यार्थी बेहतर शिक्षा के लिए देश से बाहर जाने को मजबूर हैं।
–हरसिमरत कौर, शिरोमणि अकाली दल की नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 19.0 | 09.0 |
| मुंबई | 28.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 24.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 23.0 |

# मोदी गहरी असुरक्षाओं व हीनभावना से ग्रस्त

**नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने मंगलवार को देश के पहले

■ **प्रधानमंत्री मोदी के सदन में जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधने पर भड़की कांग्रेस**

प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को निशाना बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री सोमवार को लोकसभा में बिल्कुल बेतुकी और बकवास बातें करते रहे। सदन में उनका यह सबसे निम्न स्तर था। राज्यसभा में भी वह निस्संदेह इसे दोहराएंगे। उन्होंने आगे रहा कि वह गहरी असुरक्षाओं और हीनभावना से ग्रस्त हैं। इसी वजह से वह नेहरू पर सिर्फ राजनीतिक ही नहीं बल्कि बेहद घटिया ढंग से व्यक्तिगत हमले भी करते हैं। उन्होंने कहा कि गहरी असुरक्षाओं और हीनभावना से ग्रस्त होने के चलते पीएम मोदी जवाहरलाल नेहरू पर क्रूरतापूर्ण हमला करते हैं।

**वाजपेयी और आडवाणी ने कभी ऐसा नहीं किया**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वाजपेयी और आडवाणी ने कभी ऐसा नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी, जिन्हें लगता है कि वह बहुत चालाक हैं। दरअसल ऐसा करके वह जिस पद पर हैं, उसका अपमान करते हैं। अहंकार की पराकाष्ठा और नेहरू का डर एक खतरनाक मिश्रण है जो मर्डर ऑफ डेमोक्रेसी इन इंडिया का



**प्रधानमंत्री लोकसभा में करते रहे बिल्कुल बेतुकी व बकवास बातें : जयराम रमेश**

कारण बन रहा है। पंडित नेहरू ने अपने संबोधन में कहा था, हिंदुस्तान में ज्यादा मेहनत करने की आदत आमतौर से नहीं है। हमारा कसूर नहीं है, आदतें ऐसी पड़ जाती है। लेकिन हम उतना काम नहीं करते, जितना यूरोप वाले या जापान वाले या चीन वाले या रूस वाले या अमेरिका वाले करते हैं। यह न समझिए कि वह कौमें कोई जादू से खुशहाल हो गईं, मेहनत से हुई हैं और अक्ल से हुई हैं। तो हम भी मेहनत और अक्ल से आगे बढ़ सकते हैं, कोई और चारा नहीं हैं। अपने संबोधन में पंडित नेहरू ने कहा था, हम कोई जादू से नहीं बढ़ सकते, क्योंकि दुनिया इंसान के काम से चलती है और इंसान की मेहनत से सारी दुनिया की दौलत पैदा होती है। चाहे जमीन पर किसान काम करता है, या कारखाने में, या दुकान में या कारीगर, उससे काम चलता है। कुछ बड़े अफसर दफ्तरों में बैठके इंतजाम करते हैं, वह दौलत नहीं पैदा करते हैं। दौलत पैदा करता है किसान अपनी मेहनत से, या कारीगर। तो हमें अपने काम, अपनी मेहनत को आगे बढ़ाना है। अभी मुझे खुशी हुई देखकर कि पंजाब के सूबे में काम करने के वक्त (घंटों) को बढ़ाया गया। इससे पंजाब की दौलत बढ़ेगी। पंजाब के लोगों को फायदा होगा और किसी को नहीं। हमारे यहां छुट्टियां हैं, इतनी छुट्टियां हैं कि इसमें कोई मुल्क हमारा मुकाबला नहीं कर सका, दुनियाभर में। छुट्टी अच्छी चीज है, आदमी को ताजा करती है। लेकिन जरूरत से ज्यादा छुट्टी जरा कमजोर भी कर देती है और काम की आदत भी निकल जाती है।

## पिछले दस साल का अन्याय काल जल्द ही समाप्त होगा

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत के लोगों और विशेष रूप से युवाओं ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी जी का लोकसभा में अंतिम भाषण होगा। पिछले दस साल का अन्याय काल जल्द ही समाप्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा था। इस दौरान उन्होंने नेहरू के 15 अगस्त 1959 को लाल किले से दिए भाषण का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने कभी भी देश के सामर्थ्य पर भरोसा नहीं जताया। प्रधानमंत्री ने कहा था कि नेहरू ने भारतीयों को नीचा दिखाया था और कहा था कि भारतीय कम काम करते हैं। नेहरू की भारतीयों के प्रति सोच थी कि भारतीय आलसी हैं।

वहीं दूसरी ओर रणनीति के मुताबिक कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने तो पेटीएम मामले पर जमकर नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इतने घपलों के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पेटीएम बैंक को ढील क्यों देती आई। उन्होंने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पेटीएम फाउंडर विजय शेखर पर कड़ी कारवाई क्यों नहीं की गई। कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा नोटबंदी को पेटीएम हमेशा जश्न की तरह मानता रहा। उस पर रिजर्व बैंक ने कानूनों का उल्लंघन करने पर कड़े प्रतिबंध भी लगाए। बावजूद इसके अब तक इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से न तो कोई कड़ी कार्रवाई की गई है और न ही कंपनी के मालिक के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों के मुताबिक जैसे ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा समाप्त होगी, इन मुद्दों के साथ अलग-अलग राज्यों में कार्यकर्ता सियासी मैदान में उतरेंगे। इसमें सिर्फ पेटीएम, अदाणी जैसे मामले ही नहीं, बल्कि वह सभी मामले होंगे जिस पर केंद्र सरकार ने चुप्पी साधी और उनको प्रश्रय दिया। कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों के मुताबिक ऐसे मुद्दों को पार्टी प्रदेश स्तर, जिला स्तर, नगर और ब्लॉक स्तर पर बड़े आंदोलन के रूप में जमीन पर उतारने जा रही है। शुरुआती दौर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के अलावा अलग-अलग राज्यों में स्थानीय मुद्दों और ऐसे बड़े मुद्दों के साथ कार्यकर्ता जमीन पर उतरेंगे। वहीं इस पूरे मामले में कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया कहती हैं कि आरबीआई ने कई बार पेटीएम पेमेंट बैंक और पेटीएम के बीच ट्रांजेक्शन डाटा ट्रैफिक को लेकर चिंता जताई थी।

# भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाएगी सरकार : शाह

**नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने समूची भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का निर्णय लिया है और वह सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने मंगलवार को यहां एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सीमा पर बेहतर निगरानी की सुविधा के लिए सीमा पर एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा की कुल लंबाई में से मणिपुर के मोरेह में 10 किमी की दूरी पर पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम के माध्यम से बाड़ लगाने की दो पायलट परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में प्रत्येक 1 किमी की दूरी पर बाड़ लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, मणिपुर में लगभग 20 किलोमीटर तक बाड़ लगाने के काम को भी मंजूरी दे दी गई है और काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।



## संसद से

### सरकार ने दस वर्षों में दस हजार से अधिक जन औषधि केंद्र खोले : भगवंत खुबा

केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने आज राज्यसभा को बताया कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में 10 हजार से भी अधिक प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने छह वर्षों में केवल 72 जन औषधि केंद्र खोले थे। खुबा ने मंगलवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि जन औषधि योजना 2008 में शुरू हुई थी और वर्ष 2014 तक केवल 72 जन औषधि केंद्र खोले गए। मोदी सरकार ने इस योजना में तेजी लाते हुए दस वर्षों में 10 हजार 500 केंद्र खोले। यह पूछे जाने पर कि क्या इन केंद्रों पर स्वर्ण यौगिक जैसे महंगे आयुर्वेदिक उत्पाद भी बेचे जाएंगे खुबा ने कहा कि इन केंद्रों पर बेचे जाने वाले उत्पादों के बारे में पहले बाजार के रूझान का अध्ययन किया जाता है और उसके आधार पर ही निर्णय लिया जाता है।

### जम्मू-कश्मीर में स्थानीय निकायों में ओबीसी की भागीदारी बढ़ेगी : नित्यानंद राय

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर स्थानीय निकाय विधियां (संशोधन) विधेयक 2024 पारित करके इसके माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग को स्थानीय निकायों में आरक्षण देकर इस वर्ग के साथ न्याय किया जा सकेगा। राय ने इस विधेयक पर लोकसभा में हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह प्रगतिशील विधेयक है और इसके माध्यम से पंचायतों, नगर निगमों और नगरपालिकाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण प्रदान किया जा सकेगा। इस विधेयक पर हुई चर्चा में शामिल होते हुये कांग्रेस के जसबीर सिंह गिल ने कहा कि आम जनता से जुड़े कार्य वाले विभागों को संचालित करने की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों को दी जानी चाहिये। स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि आम जन से निरंतर जुड़े रहते हैं, वे उनकी समस्याओं को बेहतर तरीके से समझते हैं जिससे वे लोगों की समस्याओं को दूर करने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

### अहिंसा शब्द संविधान की प्रस्तावना में शामिल करने की मांग

बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि संविधान की प्रस्तावना में अहिंसा शब्द शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि यह भारतीय संस्कृति का मूल है। पात्रा ने सदन में शून्य काल के दौरान सभापति की अनुमति से उठाए गए मामले के अंतर्गत कहा कि महात्मा गांधी का अहिंसा शब्द दुनिया भर में प्रचलित है और प्रभावित करता है। भारतीय संस्कृति के मूल में अहिंसा है। अहिंसा शब्द को संविधान की प्रस्तावना में शामिल करने के लिए ओडिशा विस ने एक प्रस्ताव पारित किया है और राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए भी अहिंसा शब्द भारतीय संविधान के प्रस्तावना में शामिल होना चाहिए। कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग के बच्चों लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण में आय और आयु सीमा में छूट देने की मांग की। भाजपा की सीमा द्विवेदी ने पत्रकारों को रेल यात्रा के किराए और टोल टैक्स में छूट देने की मांग की।

### ईश निंदा कानून बनाने की मांग

भारतीय जनता पार्टी के डॉ.अशोक वाजपेई ने मंगलवार को राज्यसभा में ईश निंदा कानून बनाने की मांग की। डॉ. ने सदन में शून्य काल के दौरान सभापति की अनुमति से उठाए गए मामले के अंतर्गत कहा कि देश का बहुसंख्यक समाज सहनशील है और इसे कमजोरी समझ लिया गया है। कई लोग आपत्तिजनक बयान बाजी करते हैं, साहित्य छपते हैं और चित्र बनाते हैं। इससे बहुसंख्यक समाज की भावनाएं आहत होती है। सरकार को अन्य देशों की भांति भारत में भी धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करने के लिए ईश निंदा कानून बनना चाहिए। बीजू जनता दल की सुलता देव ने पशु के प्रति क्रूरता बरतने वाले लोगों के खिलाफ कड़े प्रावधान बनाने की मांग की।

### सरकारी परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग पर मिलेगा भारी दंड

देश के सरकारी सेवाओं के लिए भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग किये जाने के विरुद्ध कठोर दंडात्मक प्रावधानों वाले सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 को आज लोकसभा में पेश किया गया। कार्मिक, जनशिकायत एवं पेंशन मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सदन में यह विधेयक पेश करने के बाद कहा कि देश में एक नई परिस्थिति ने जन्म लिया है। पेपर लीक होने, प्रश्नपत्र बाहर हल किए जाने, नकल किए जाने आदि प्रकार की शिकायतें एकाएक बढ़ गईं हैं। राजस्थान में 2018 से ऐसे 12 घोटाले हुए। इसका परिणाम परिश्रम करने वाले बच्चों को भुगतना पड़ता है। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ होता है। कई बच्चे भावुकता में अतिवादी कदम उठा लेते हैं।

## सार संक्षेप

### सुप्रसिद्ध कश्मीरी कवि फारूक नाजकी का निधन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, दूरदर्शन, आकाशवाणी श्रीनगर के पूर्व निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाजकी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। परिवारिक सूत्रों ने नाजकी के निधन के बारे में जानकारी दी। दूरदर्शन व आकाशवाणी, श्रीनगर के पूर्व निदेशक नाज़की मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के मदार गांव के निवासी और कश्मीरी सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक प्रसारक तथा शिक्षक मीर गुलाम रसूल नजक के पुत्र थे।

### झाबुआ में मोदी का आगमन 11 फरवरी को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 फरवरी को झाबुआ पधार रहे हैं। प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में विकास और जन कल्याण के जो कार्य किए हैं, उन्हें आजादी के अमृत काल में वृहत्तर स्वरूप में आरंभ करने का संकल्प लेने के लिए वहां भव्य आयोजन होगा।

### मप्र के हरदा हादसे पर तीन सदस्यीय जांच समिति गठित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के हरदा जिले में आज सुबह हुए भीषण हादसे के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर घटना की जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर हरदा के बैरागढ़ में पटाखा फैक्ट्री एवं गोदाम दुर्घटना की जांच के लिए प्रमुख सचिव गृह संजय दुबे की अध्यक्षता में तीन सदस्य समिति गठित की गई है।

### दो महिला माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के माओवादी कैंप में यौन शोषण का आरोप लगाते हुए दो महिला माओवादियों ने मंगलवार को बौध में दक्षिणी रेंज पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जयनारायण पंकज के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। छत्तीसगढ़ की दो महिला माओवादियों को 2018 में भर्ती किया गया था और वे भाकपा (माओवादी) के कालाहांडी-कंधमाल-बौध-नयागढ़ (केकेबीएन) डिवीजन की सदस्य थीं। आईजी ने बताया कि दोनों माओवादी बहुत निराश थे और उन्होंने शिविर में वरिष्ठ माओवादी नेताओं द्वारा यौन शोषण की शिकायत की थी और इसलिए उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया।

# नीतीश कैबिनेट की बैठक में 14 एजेंडों पर मुहर

**पटना, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** नीतीश कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक खत्म हो गई है। कैबिनेट की बैठक में कुल 14 एजेंडों पर मुहर लगी है। नीतीश कैबिनेट ने विभिन्न विभागों से जुड़े 14 प्रस्तावों पर अपनी स्वीकृति दी है। नीतीश सरकार इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए बिहार सरकार नई पॉलिसी लेकर आई है। इंजीनियरिंग छात्रों को सरकार अब दस हजार रुपए का स्टाइपेंड देही। इंटर्नशिप पर यह राशि दी जाएगी। बीटेक के सातवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप करने पर राशि मिलेगी। वहीं विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रुप डी के आवेदन के लिए कोई द्वद्वद्व नही लगेगा। तीन लाख 46 हजार 777 आवेदन कर्ता को इसका लाभ मिलेगा। बिहार सरकार राज्यभर में 2165 पंचायत भवन बनाएगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 1083 और सामान्य क्षेत्र में 1082 भवन बनेंगे। इसपर कुल 6 हजार करोड़ 10 लाख 38 हजार 707 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नीतीश कैबिनेट ने उद्योग विभगा के अंतर्गत एक्स सलेरेटिंग एम एस एम ई परफॉर्मेंस के तहत सूक्ष्म, लघु, एंव मध्यम उद्यमों के क्षमता वर्धन एवं कोरोना वैश्विक महामारी के कारण पड़े दुष्प्रभाव को कम करने के लिए विश्व बैंक समर्थित सेंट्रल योजना रैंप के तहत 140.74 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति एवं संविदा आधारित पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। वहीं सरकार ने पटना स्थित एनआईटी में इंक्यूबेशन सेंटर के निर्माण के लिए और अन्य कार्यों के लिए कुल 47.76 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी है।



# कर्नाटक के साथ अन्याय के आरोप में कांग्रेस चलाएगी दिल्ली चलो आंदोलन

**बंगलूरू, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोलने वाले हैं। वह राज्य के सभी कांग्रेस विधायक और सांसद के साथ अंतरण और सहायता अनुदान के संबंध में केंद्र के कथित अन्याय के खिलाफ सात फरवरी को नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए सीएम ने दिल्ली चलो आंदोलन का एलान किया है। यह प्रदर्शन बुधवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होना है। 15वें वित्त आयोग से कर्नाटक के साथ हुए कथित अन्याय और केंद्र से अनुदान समेत राज्य से जुड़े कई अन्य मुद्दों को लेकर सिद्धारमैया केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे हैं।



■ **भाजपा सांसदों से शामिल होने का किया अनुरोध**

उन्होंने कहा कि कर्नाटक को न्याय और अनुदान में भेदभाव नहीं सहना चाहिए। इसके लिए उन्होंने भाजपा सांसदों से भी इसमें भाग लेने का अनुरोध किया। वहीं, सीएम ने निर्मला सीतारमण, राजीव चंद्रशेखर, एचडी देवगौड़ा, तेजस्वी सूर्या और मल्लिकार्जुन खरगे सहित सांसदों को पत्र लिखकर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का अनुरोध किया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने यह दावा किया कि कन्नड़ लोगों द्वारा दिया गया कर राज्य के मुश्किल वक्त में काम नहीं आया और यह पैसा उत्तरी राज्यों के पास जा रहा है।

## उपमुख्यमंत्री ने भी लगाए आरोप

राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को इस मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद कहा कि यह विरोध भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नहीं है। इसलिए सभी विधायकों को भाग लेना चाहिए। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि सरकार इसका विरोध करेगी, सभी विधायकों को पार्टी भूल जाना चाहिए और भाग लेना चाहिए। हम सभी को राज्य की भलाई के लिए मिलकर लड़ना होगा।

# राजद के रामबली सिंह की विधान परिषद सदस्यता रद्द

**पटना, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** राजद के विधान पार्षद रामबली सिंह चंद्रवंशी की सदस्यता रद्द कर दी गई है। विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने ये फैसला सुनाया है। रामबली चंद्रवंशी के खिलाफ राजद ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद सभापति ने फैसला सुनाया है। बता दें

■ **सार्वजनिक सभाओं में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी का आरोप**

विधान परिषद में राजद के सचेतक सुनील सिंह ने सभापति को पत्र लिखकर रामबली चंद्रवंशी की सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। सुनील सिंह ने शिकायत की थी रामबली चंद्रवंशी राजद के विधान पार्षद होने के बावजूद सार्वजनिक सभाओं में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। ये दलबदल कानून के तहत कार्रवाई का मामला बनता है इसलिए उनकी विधान परिषद की सदस्यता रद्द की जाए। रामबली सिंह चंद्रवंशी ने अति पिछड़ों का हक दिलाने के लिए यात्रा निकाली थी। वे लगातार ये कह रहे थे बिहार सरकार में बैठे नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव अति पिछड़ों के साथ हकमारी कर रहे है। कर्पूरी ठाकुर ने जिन जातियों को अति पिछड़ा माना था, उसके साथ हकमारी हो ही है। बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने फैसला सुनाते हुए लिखा इस मामले में वादी और प्रतिवादी दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में नागरिकों को भाषण और अभिव्यक्ति का मौलिक अधिकार प्राप्त है, परंतु यदि कोई नागरिक किसी राजनीतिक दल के सदस्य की हैसियत से सदन का सदस्य है तो उसे अपने आचरण एवं व्यवहार से दल के अनुशासन, संविधान और नियम के अनुपालन हेतु सदैव तत्पर रहते हुए पुनीत कर्तव्य का निर्वहन भी सुनिश्चित करना चाहिए।



## विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ने फैसला सुनाया

सभापति देवेशचंद्र ठाकुर ने लिखा है डा. सुनिल कुमार सिंह, तत्कालीन उप मुख्य सचेतक (सत्तारूढ़ दल) की याचिका गत वर्ष दो दिसम्बर को स्वीकार करते हुए मैं यह घोषणा करता हूं कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 191 (2) एवं संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा-2 (क) तथा बिहार विधान परिषद् सदस्य (दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता) नियम, 1994 के प्रावधानों के आलोक में बिहार विधान परिषद् के सदस्य प्रो. डॉ. रामबली सिंह इस सदन के सदस्य होने से निरर्हित हो गए हैं।

इसके साथ ही लिखा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 190(3) (क) के प्रावधान के आलोक में बिहार विधान परिषद् में सदस्य प्रो. डॉ. रामबली सिंह का स्थान प्रभाव से रिक्त हो गया है।

# कुलगाम में ड्रग तस्कर की सम्पत्ति की कुर्क

**श्रीनगर, 6 फरवरी (एजेंसियां)।** पुलिस ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक कुख्यात ड्रग तस्कर की संपत्ति कुर्क की।

पुलिस ने कहा कि सोपत देवसर निवासी खुर्शीद अहमद भट नामक कुख्यात ड्रग तस्कर का दो मंजिला मकान एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 68-एफ के तहत संलग्न किया गया है। भट्ट वर्तमान में पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत कोटे-भलवाल जम्मू में हिरासत में है।

आरोपी ड्रग तस्कर देवसर थाने से जुड़े एनडीपीएस के कई मामलों में आरोपी है। पुलिस द्वारा की गई जांच और पूछताछ के दौरान संपत्ति की पहचान अवैध रूप से अर्जित की गई पाया गया।

राहत | *गुलमर्ग व पहलगाम में चारों ओर बिछी बर्फ की सफेद चादर*

# बर्फबारी ने कश्मीर को एक बार फिर बनाया धरती का स्वर्ग

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** गुलमर्ग और पहलगाम में चारों ओर बर्फ की सफेद की चादर। कहीं बर्फ से अठखेलियां करते मेहंदी लगे हाथ तो कहीं स्लेज पर बैठ दूसरे की ताकत को आजमाने की कोशिश। बच्चों के लिए बर्फ का मानव बनाना तो जैसे सैकंडों का काम हो गया हो। बर्फ का पुतला बनाने-बनते। रूई के फाहों के समान लगने वाले बर्फ के गोले एक दूसरे पर फैंक फिर प्यार जताने की प्रक्रिया में डूबे नवविवाहित जोड़े। भयानक सर्दी। फिर भी सभी के मुहं से बस यही निकलता है 'जमीं पर अगर कहीं जन्नत है तो यहीं है, यहीं है।' कश्मीर में बर्फबारी कोई पहली बार नहीं हुई है। पर इस बार यह बहुत देरी से हुई है। चिल्ले कलां का दौर पूरी तरह से सूखा गुजरा है। हालांकि बर्फीले सुनामी के दौर से भी अतीत में कश्मीर कई बार गुजर चुका है। मगर शांति की बयार के बीच होने वाली बर्फबारी ने एक बार फिर कश्मीर को धरती का स्वर्ग बना दिया है। कुछ साल पहले तो यह धरती का नर्क बन गया था इसी बर्फबारी के कारण। वैसे आतंकवाद के कारण आज भी यह उन लोगों के लिए नर्क ही है जिनके सगे-संबंधी आए दिन आतंकवादियों की गोलियों का शिकार होते रहते हैं।



■ **बर्फ से अठखेलियां करते देखे गए पर्यटक**

बिना बर्फ के कश्मीर को देखने वाले भी अनवरत रूप से जारी आने वालों के लिए आज भी सैर सपाटे का प्रथम गंतव्य कश्मीर ही है। 'आखिर हो भी क्यों न, यह तो वाकई धरती का स्वर्ग है,महाराष्ट्र का भौंसले कहता था। उसकी नई नई शादी हुई थी एक महीना पहले। बर्फ देखने की चाहत थी तो वह पूरी हो गई। यह बात अलग है कि बर्फ ने उसके बजट को भी बिगाड़ दिया है क्योंकि बर्फ के कारण रास्ता बंद होने के कारण उसे अब कुछ दिन और रूकना पड़ेगा और ऐसी हालत में घरवालों से एटीएम में वैसे डलवाने के लिए निवेदन करने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं है। ऐसी परिस्थिति के बावजूद उन सभी के लिए कश्मीर फिर भी धरती का स्वर्ग है। सफेद चादर में लिपटा हुआ गुलमर्ग और पहलगाम, उन्हें किसी फिल्मी सपने के पूरा होने से कम नहीं लगता।

गुलमर्ग में 2 से 3 फुट बर्फ ने तो कई जगह पहाड़ बनाए थे तो पहलगाम में इतनी ही बर्फ गिरी और अभी यह सिलसिला थम नहीं रहा था। सिर्फ गुलमर्ग या पहलगाम ही कश्मीर को धरती का स्वर्ग नहीं बनाते थे बल्कि डल झील में तैरते शिकारों पर गिरी बर्फ और करीब कुछ हद तक जम चुकी डल झील भी आने वालों के लिए किसी सपने से कम नहीं थी। उड़ी-मुजफराबाद मार्ग पर एक किनारे से सड़क के दूसरे छोर तक दिखने वाली मीलों बर्फ की सड़क और उसके दोनों ओर चिनार के पेड़ों की कतारों से झांकती धुंध जो नजारा पैदा करती थी उसे अपने कैमरे में कैद कर लेने को बेताब भीड़ के लिए गुलमर्ग में गंडोला भी कम आकर्षण पैदा नहीं करता था।

**उल्टा पुल्टा**

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!

छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!

बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# दिल्ली नगर निगम की बैठक में हंगामा

## भाजपा पर लगाया सदन को राजनीतिक अखाड़ा बनाने का आरोप

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल व सदन के नेता मुकेश गोयल के साथ में मंगलवार को सिविक सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा निगम आयुक्त ने इस वित्तीय वर्ष के लिए सदन में बजट पेश किया और इस पर चर्चा करने के लिए चार दिन निर्धारित किए। सदन में 5 से 8 फरवरी तक सदन में बजट पर चर्चा होनी है। सदन में कल बजट पर पार्षदों द्वारा चर्चा हुई और शांतिपूर्वक सदन चला। लेकिन मंगलवार को भाजपा के पार्षदों ने सदन बिलकुल भी नहीं चलने दिया। हम दिल्ली की जनता, कर्मचारियों व्यापारियों के हित का बजट लाना चाहते हैं लेकिन आज सदन में भाजपा के पार्षदों ने किसी भी सदस्य को बोलने नहीं दिया। मैं बीजेपी के पार्षदों से अपील करना चाहती हूं कि वे सदन चलने दें। बजट की कल तीसरा दिन है। हम बजट पर एक सकारात्मक बहस चाहते हैं क्योंकि सदन का समय कीमती है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों में जो भाजपा शासित सरकार निगम में कार्य नहीं कर कर पाई ,वो सभी कार्य हम निगम में करके दिखाएंगे। हम सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहते हैं, नई सड़कें बनवाना चाहते हैं। अस्पतालों व डिस्पेंसरी में बेहतर व्यवस्था स्थापित करना चाहते हैं। इसके अलावा अच्छे स्कूल बनवाना चाहते हैं, कर्मचारियों को समय से सैलरी देना चाहते हैं और व्यापारियों के हित में नई पॉलिसी लागू करना चाहते हैं। लेकिन मुझे बहुत दुख व खेद के साथ ही कहना पड़ रहा है बीजेपी का मक़सद सिर्फ़ सदन को राजनीतिक अखाड़ा बनाना है और उसे नहीं चलने देना है।



**सदन में भाजपा के पार्षदों ने किसी भी सदस्य को बोलने नहीं दिया : डॉ. शैली ओबरॉय**

### कल बजट होगा पेश

बजट सत्र पर कल चर्चा के लिए आखिरी दिन है और 8 फरवरी को हमारे सदन के नेता मुकेश गोयल बजट पेश करेंगे। सभी पार्षदों द्वारा दिए गए सुझावों को बजट में समाहित किया जाएगा। हम चाहते हैं कि बीजेपी के पार्षद भी इस बजट में अपने सुझाव दें। लेकिन सबसे बड़े दुख की बात यह है कि भाजपा के सीनियर नेता जो पहले मेयर और विभिन्न कमेटी के चेयरमैन रह चुके हैं वो ऐसा व्यवहार सदन में करेंगे तो सदन कैसे चलेगा। वे भी सदन में हंगामा करते हैं और सदन नहीं चलने देते। मेयर डॉ शैली ओबरॉय बीजेपी के पार्षदों से कहना चाहती हूं की दिल्ली की जनता के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में सोचें।

दिल्ली की जनता ने हमको चुना है, जो भी वादे हमने किए हैं, उन्हें हम पूरा करेंगे। दिल्ली शहर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और एक साफ़ सुंदर शहर बनाएंगे। लेकिन ये तभी सफल हो सकता है जब सदन शांतिपूर्वक चले। मैं बीजेपी के पार्षदों से पुन: अपील करना चाहती हूं कि बजट पर चर्चा करने का आखिरी दिन है।

### महापौर के आसन के सामने आए भाजपा पार्षद

भाजपा पार्षद योगेश वर्मा ने इस सदन में इस मुद्दे को उठाया। इसके बाद भाजपा पार्षद महापौर डॉ. शैली ओबेराय के आसन के सामने आ गए और महापौर से कट मोशन को वापस लेने की मांग की। इस दौरान महापौर ने भाजपा पार्षदों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन हंगामा शांत होने के लिए पहले सदन की बैठक दस मिनट के लिए स्थगित की। फिर पुन: शुरू हुई बैठक में भाजपा पार्षद महापौर के आसन के समक्ष आ गए।

## राजधानी में दिन में खिली धूप से लोगों को मिली राहत

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी में मंगलवार को खिली धूप से लोगों को सर्दी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। मंगलवार को दिन में उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से 10 से 12 किमी प्रति घंटे की गति से हल्की ठंडी हवाएं चलीं। बुधवार को सुबह के तापमान में गिरावट होने की उम्मीद है। अनुमान है कि 11 फरवरी तक दिल्ली का न्यूनतम तापमान गिरकर सात डिग्री तक पहुंच सकता है। जबकि दिन में धूप खिलने से अधिकतम तापमान बढ़कर 22 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने 11 फरवरी तक सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। फरवरी का पहला सप्ताह दिल्ली में पिछले साल के मुकाबले कुछ सर्द रहा। पिछले साल पांच फरवरी तक अधिकतम तापमान 25 डिग्री को पार कर गया था, जबकि अभी यह 20 डिग्री के आसपास ही बना हुआ है। हालांकि न्यूनतम तापमान पिछले साल के मुकाबले कुछ गर्म है। पिछले साल पांच फरवरी को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री के आसपास बना हुआ था वहीं इस साल यह 12 डिग्री को पार कर गया। मौसम विभाग के आंकड़ों की माने तो पिछले साल 21 फरवरी को दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 डिग्री को पार कर गया था। इस बार अभी तक ऐसी संभावनाएं नहीं बन रही है।

## सीनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप का दिल्ली में होगा आयोजन : कर्म सिंह

**विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी व ट्रैक सूट दिया जाएगा**



**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के तितिक्षा पब्लिक स्कूल सेक्टर 11 रोहणी में 45वां सीनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 8 से 11 फरवरी को होगा। भाजपा नेता सेकेट्री थ्रोवाल एसोसियेशन कर्म सिंह कर्मा ने बताया कि इस आयोजन में लड़के और लड़कियां खिलाड़ी भाग लेंगे और विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी और ट्रैक सूट दिया जाएगा। कर्म सिंह कर्मा ने कहा कि खेल आज राष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान बना रहा है, विभिन्न खेल के जुड़ी प्रतियोगिताओं को आयोजित करके युवा खिलाड़ियों की रुचि को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने आवश्यक है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खेलो के प्रति लगातार केंद्र की तमाम योजनाओ के माध्यम से खेल को बढ़ावा दे रहे है। फेडरेशन 45वां नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप का आयोजन इस साल करने जा रही है, आयोजन समिति का कहना है कि इस कार्यक्रम में तकरीवन 1000 युवा खिलाड़िया इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने जा रहे है,वही इस आयोजन में खेलजगत से जुड़े हुए तमाम हस्तियां और मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली भाजपा के तमाम राष्ट्रीय पदाधिकारी समेत भाजपा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और तमाम गण मान लोग उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेकेट्री नरेश मान, प्रवीण राणा , अध्यक्ष दिल्ली एसोसियेशन, राजीव राणा चेयरमैन फेडरेशन मौजूद रहे।

**सार संक्षेप**

### टाटा एआईए ने वेंकटचलम एच को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ने वेंकटचलम एच को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आईआरडीएआई से नियामक अनुमोदन के अधीन है। वेंकटचलम एच वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, नवीन ताहिलयानी का स्थान लेंगे, जो टाटा समूह में एक दूसरा पद संभालेंगे और उन्हें टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया है। वेंकटचलम एच को सभी प्यार से वेंकी कहते हैं। जीवन बीमा, संपत्ति प्रबंधन और कस्टोडियल सेवाओं में 27 वर्षों से अधिक अनुभव के साथ वेंकी ने बिक्री और वितरण, रणनीति, व्यवसाय और प्रक्रिया विकास और मुख्य खाता प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल है। वह 2016 में टाटा एआईए में शामिल हुए और इसके पहले अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी थे। वेंकी ने मार्केटिंग, स्ट्रेटेजी, विश्लेषण और प्रत्यक्ष डिजिटल व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में भी कई पहलों का नेतृत्व किया है।

### वसंत विहार में युवक की हत्या, आरोपी की जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक सनसनी वारदात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि वसंत विहार इलाके में सुबह छह बजे हत्या की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस की टीम कुसुमपुर पहाड़ी पर घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने बताया किया जहां एक 35 वर्षीय अश्विनी पुत्र स्वर्गीय इंद्र प्रकाश का शव बरामद हुआ है। फिलहाल, पुलिस ने कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कुछ संदिग्धों की पहचान की जा रही है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

## भारत को एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाना हमारा उद्देश्य : ओरबिंद नायक

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। मूल रूप से ओडिशा में स्थापित भारत राजनीति पार्टी ने राजधानी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वयं को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में घोषित कर दिया। पार्टी द्वारा यह औपचारिक घोषणा प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में की गई। इस अवसर पर भारत राजनीति पार्टी के महासचिव ओरबिंद नायक ने पार्टी की रणनीति और एजेंडा के बारे में मीडिया को बताया। उन्होंने कहा कि भारत राजनीति पार्टी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में 5 से 12 राज्यों में अपने प्रत्याक्षी उतारेगी। इसके अलावा आंध्र प्रदेश और ओडिशा में होने वाले 2024 के विधानसभा चुनावों में भी पार्टी चुनाव लड़ेगी। लेकिन फिलहाल पार्टी आंध्र प्रदेश और ओडिशा में होने वाले विधान सभा चुनावों पर ज्यादा ध्यान देगी।उन्होंने आगे बताया कि ओडिशा और आंध्र प्रदेश में आम आदमी बहुत परेशान है क्योंकि सत्ता पक्ष की तरफ से उनके सुधार के लिए कोई प्रयास नहीं किए जाते हैं और हम चाहते हैं कि उन दोनों राज्यों में विकास की गति तीव्र हो। इसलिए पार्टी इन दोनों प्रदेशों पर ज्यादा ध्यान दे रही है। संगठन के चुनावी एजेंडा बताने के साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि बीआरपी भारत को एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसे पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर पार्टी की तरफ से ओडिशा में राज्य सचिव के तौर पर कार्यरत दीपक कुमार नायक भी मौजूद थे। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय एजेंडा के बारे में अपने विचार रखे और कहा कि बीआरपी एक हिन्दुत्व बहुल पार्टी है, जिसका उद्देश्य भारत के सभी हिन्दुओं को एकजुट करके संगठित करना है। इसके अलावा हमारी पार्टी समाज के प्रति अपने दायित्वों को लेकर भी पूरी तरह सजग है और हमारा प्रयास रहेगा कि हम देश से भ्रष्टाचार का पूरी तरह सफाया कर दें और समाज के पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करें।



## समाजसेवी चरणजीत मल्होत्रा की माता जी का आकस्मिक निधन

**साधु संतो द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की**

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। करोलबाग क्षेत्र के प्रसिद्ध करोना योद्धा एवं समाजसेवक चरणजीत मलहोत्रा की माता जी विमला रानी मलहोत्रा का आकस्मिक निधन पर अजमल खां पार्क करोलबाग में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी व उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। बताया गया कि गत दिनों दिल्ली के करोलबाग निवास पर उनका निधन हो गया। माता विमला रानी मलहोत्रा के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संत महात्माओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा से मंच का संचालन करते हुए अनिल द्विवेदी ने मल्होत्रा परिवार के समाजसेवा को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि वैविश्व महामारी करोना के आरंभिक काल से चरणजीच मल्होत्रा समाजसेवा कर रहे हैं। ऐसे समय में जब लोग अपनों को करोना के डर से छूने से भी जरते थे तब मल्होत्रा करोना से मृत हुए शव का संस्कार नि:शुल्क किया। अब तक हजारों की संख्या में लावारिश काशों का संस्कार करने वाले मल्होत्रा ने 11 एम्बुलेंस की सेवाएं समाजहित में लगा रखी है।



### ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज की पहली सूची की घोषणा

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज की लॉन्गलिस्ट यानी पहली सूची की घोषणा की गई है। प्रतिष्ठित ज्यूरी ने यह लॉन्गलिस्ट तैयार की है। विभिन्न पब्लिशर्स, डिजाइनर्स, लेखक और साहित्यिक हस्तियों की उपस्थिति में म्यूजियम क्यूरेटर एवं ज्यूरी प्रमुख डॉ. अल्का पांडे, लेखक एवं सांसद शशि थरूर, आईएफआई में काउंसलर फॉर को-ऑपरेशन एंड कल्चरल एक्शन एमैनुएल लेब्रन डेमियंस और इन्फॉर्मेशन सर्विसेज साउथ एशिया गोएथे इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर एंजा रीडबर्गर ने लॉन्गलिस्ट के लिए चुने गए 23 बुक कवर का अनावरण किया। ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज ज्यूरी पैनल में प्रीति पटेल, शोभा डे, डॉ. कुणाल बसु, डॉ. शशि थरूर, डॉ. अल्का पांडे के साथ-साथ एमैनुएल लेब्रन डेमियंस एवं एंजा रीडबर्गर भी अतिथि ज्यूरी के रूप में शामिल रहे। इन प्रतिष्ठित ज्यूरी सदस्यों ने अपनी व्यापक पकड़ एवं समृद्ध समझ के आधार पर 350 से ज्यादा आवेदनों में से नौवें ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज की लॉन्गलिस्ट तैयार की। उन्होंने कवर डिजाइन एवं इलस्ट्रेशन के आधार पर अलग-अलग विषय एवं थीम पर 23 कवर का चयन किया।

## विश्व का सबसे बड़ा नेचुरोपैथी संगठन बना एआईओ

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आम-जनता में नेचुरोपैथी का प्रचार-प्रसार व समग्र विकास हेतु 25 वर्षों से समर्पित इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन को Biggest Naturopathy Oranization in the World" अवार्ड से वियतनाम की आर्थिक राजधनी हो चि मिह्न (Ho Chi Minh) शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। वियतनाम बुक आफ रिकॉर्ड्स के 20वें वार्षिक समारोह के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इण्डिया बुक आफ रिकॉर्डस व वर्ल्ड रिकार्ड्स यूनियन द्वारा वियतनाम में मंत्री तथा इण्डो-वियतनाम मेडिकल बोर्ड के निदेशक डॉ.बिश्वरूप रॉय द्वारा सूर्या फाउण्डेशन के वाइस चेयरमैन तथा इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अंनत बिरादार को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में साहित्य, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्रा में विशेष योगदान दे रहे 10 देशों के लगभग 700 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर हिंदी भाषा में विशेष योगदान हेतु राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा व 195 देशों के राष्ट्रगान कंठस्थ करने पर पुणे के 12 वर्षीय मास्टर जयेश को भी सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भी आईएनओ को सन् 2018 में सामूहिक मिट्टी स्नान के लिए एशिया बुक आफ रिकार्डस से सम्मानित किया जा चुका है। सूर्या फाउण्डेशन व आईएनओ के संस्थापक चेयरमैन पदमश्री जयप्रकाश के प्रेरणादायक व कुशल मार्गदर्शन में प्राकृतिक चिकित्सा योग को विभिन्न कार्यक्रमों, शिविरों व अभियानों के माध्यम से भारत के 32 राज्यों , लगभग 500 जिलों तथा अमेरिका, चीन, कनाडा, वियतनाम, मॉरिशस, यूक्रेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नेपाल, फीलीपिन्स व अन्य देशों में तीन दशकों से सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं। पदमश्री जयप्रकाश ने स्वयं प्राकृतिक चिकित्सा को अपने जीवन में अपनाया व प्रयोग किया है। वह चाहते हैं कि इस सरल व सस्ती स्वदेशी चिकित्सा का ज्ञान और लाभ देश के हर नागरिक को मिले। उन्होंने नेचुरोपैथी के प्रति जन-सामान्य को जोड़ने, शासकीय ध्यान आकर्षण करने हेतु तथा इसके समग्र विकास प्रचार-प्रसार व संवधर्न हेतु इसे जन आन्दोलन बनाने के लिए 20 दिन तक केवल जलाहार कर दिल्ली में गांधी समाधि राजघाट पर सन् 2003 में 'भारत जगाओ- सत्याग्रह' आन्दोलन किया था।




- डॉ. अंनत बिरादार को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित
- दस देशों के सात सौ प्रतिनिधियों ने लिया भाग

# केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में इस बार आम जनता के लिए कुछ खास नहीं

- सरकार के अंतरिम बजट में इस बार आम जनता के लिए कुछ खास नही
- टैक्स स्लैब में बदलाव की आस लगाए लोगों के हाथ लगी निराशा
- बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी बताया

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार 1 फरवरी 2024 को अपने अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार देश को 4 जाति में बांटकर देखती है, महिला, किसान, युवा और गरीब। ये ऐसा वर्ग है जिनको ध्यान में रखने की सबसे अधिक जरूरत है। इस बार बजट में आम जनता के लिए कुछ खास नहीं है क्योंकि न ही कुछ सस्ता-महंगा हुआ, न टैक्स के स्लैब में कोई बदलाव हुआ और न ही इस बार किसी बड़ी योजना की घोषणा हुई। यह बजट अंतरिम था इसलिए इससे लोगों को बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं थी। लेकिन चुनावी साल को देखते हुए साल ने अंतरिम बजट में भी महिलाओं, मध्यम वर्ग और करदाताओं के लिए कुछ बड़े एलान किए हैं।

इस बजट से उन लोगों को निराशा हुई है जो टैक्स स्लैब में बदलाव की उम्मीद कर रहे थे। हालांकि, सरकार ने स्टार्टअप के लिए टैक्स छूट को मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है, जिसका उन्हें फायदा मिलेगा। टैक्स मामलों को वापस लेने से 1 करोड़ लोगों को फायदा होने वाला है। सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि अंतरिम बजट होता क्या है? इसकी जरुरत क्यों पड़ती है? और यह नियमित बजट से किस प्रकार अलग होता है? जिससे इस बजट को समझने में आसानी होगी। अंतरिम बजट केंद्र सरकार द्वारा सामान्य चुनावों से ठीक पहले प्रस्तुत किया जाने वाला बजट है। लोकसभा में चर्चा किए बिना, अंतरिम बजट मतदान पारित किया जाता है, अगर सरकार वित्तीय वर्ष के अंत से पहले पूरा बजट प्रस्तुत नहीं कर पाती है, तो नए वित्तीय वर्ष में नया बजट पारित होने तक खर्च करने के लिए संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के बाद अपने संबोधन में कहा कि 'ये बजट अंतरिम बजट तो है, ही साथ ही इन्क्लूसिव और इनोवेटिव बजट भी है। यह बजट देश के युवा, गरीब, महिला और किसान, सभी को सशक्त करेगा। यह बजट, देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। स्तंभकार अभिषेक गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बजट के बाद मीडिया के संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री ने जिस युवा, गरीब, महिला और किसान को बजट के मध्यम से सशक्त बनाने की बात कही है वह उसका आधार तो बजट में कहीं नजर आ नहीं रहा है। लेकिन देश की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए 83 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी नौ करोड़ महिलाओं में से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान समय में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में सफलता प्राप्त हो चुकी है। 30 करोड़ महिला उद्यमियों को मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन दिए गए हैं जिससे उनके आर्थिक स्वावलंबन को मदद मिल रही है । बेटियों की उच्च शिक्षा में एडमिशन लेने के आकडे में पिछले 10 वर्षों में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह सशक्त भारत की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है। सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9 से 14 वर्ष की उम्र की बालिकाओं का टीकाकरण, मातृ एवं शिशु को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के लिए सक्षम आंगनवाड़ी के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के डेवलपमेंट में तेजी लाने का लक्ष्य रखा गया है, मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण के लिए यू-विन प्लेटफॉर्म और आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में इलाज की सुविधाओं का लाभ मिलेगा। माध्यम वर्ग के परिवारों को घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु घर खरीदने या निर्माण कराने के लिए हाउसिंग फॉर मिडिल क्लास योजना की शुरुआत की जाएगी, जिससे आम जनता को बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत दिए जाने वाले घर 3 करोड़ का आकड़ा जल्द ही पूर्ण होने की उम्मीद है साथ ही आने वाले पांच सालों के लिए 2 करोड़ घरों का अतिरिक्त लक्ष्य भी तय किया गया है। डायरेक्ट टैक्स, इनडायरेक्ट टैक्स और कस्टम ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि नई टैक्स व्यवस्था में सात लाख रुपए तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।

पुराने टैक्स विवाद खत्म करने के लिए वित्त वर्ष 2009-10 तक 25,000 रुपये और 2010-11 से 2014-15 तक 10,000 रुपये तक डिमांड वाले विवाद वापस ले लिए जाएंगे। इससे करीब एक करोड़ लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। देश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार एक करोड़ घरों को छत पर सोलर रूफटॉप पैनल लगाने में सक्षम बनाएगी। इसके जरिए हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का लक्ष्य है। इससे ग्रीन हॉउस गैस के उत्सर्जन में कमी आएगी। सरकार हवाई यात्रा को और सुगम बनाने के लिए उड़ान योजना के अंतर्गत मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार करने की तैयारी में है। इसके तहत नए हवाई अड्डों का व्यापक विकास करने का भी लक्ष्य रखा गया है। लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ाने और ट्रांसपोर्टेशन लागत को कम करने के लिए पीएम गति शक्ति के अंतर्गत चिन्हित गए तीन इकनोमिक रेलवे कॉरिडोर बनाये जायेंगे, पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर, एनर्जी, मिनरल तथा सीमेंट कॉरिडोर और हाई ट्रैफिक डेन्सिटी कॉरिडोर। इस विशेष आर्थिक कॉरिडोर बनाने से मौजूदा लाइनों पर ट्रैफिक कम होगा, सामान की ढुलाई में तेजी आयेगी और लॉजिस्टिक्स की लागत कम करने में भी मदद मिलेगी, लागत कम होने से पड़ोसी देशों की तुलना में हमारे मैन्युफैक्चरर्स की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। इन प्रमुख विकासात्मक लक्ष्यों के बावजूद इस बजट को देखकर ऐसा लगता है कि इसमें आम जनता की अनदेखी ही गई है क्योंकि, शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दे पर सरकार की कोई स्पष्ट योजना नही है जिससे आम जनता को कुछ रहत मिल सके। भारत की कुल जनसंख्या का एक बहुत वर्ग मध्य वर्गीय है, जिसे ध्यान में रखने की जरुरत है।



**अभिषेक गुप्ता (राजनीतिक विश्लेषक एवं स्तंभकार)**


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन/उत्तर रेलवे के दिल्ली उप-शहरी क्षेत्र के एनडीएलएस-सीपीवाईजेड अनुभाग में 1 एक्स 25 केवी ओएचई सिस्टम को 2 एक्स 25 केवी ओएचई सिस्टम में परिवर्तित करने के लिए मौजूदा ओएचई व्यवस्था में संशोधन की आवश्यकता है। गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में डफरिन ब्रिज पर एसएसपी का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 9,08,67,668.32/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 6,04,300/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 15.02.2024 (00.00 बजे) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 29.02.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 00879732(EBR-IF) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 42A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 05.02.2024 389/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

नगर आयुक्त की उपस्थिति में संभव में समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्रवाई की गई टीम को मौके पर भेजा गया। जन समस्याओं का तत्काल निस्तारण हो इसको ध्यान में रखते हुए कार्रवाई कराई जा रही है 22 दिसम्बर को में से पांच संदर्भ निर्माण के पांच संदर्भ टैक्स के जलकल विभाग के चार संदर्भ स्वास्थ्य विभाग के चार संदर्भ प्रकाश विभाग का एक संदर्भ तथा उद्यान विभाग के दो संदर्भ प्राप्त हुए।

**अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त**

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि निर्वाचन की तैयारियों में सहयोग करें : इन्द्र विक्रम सिंह

**गाजियाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सहायक मतदेय स्थलों के प्रस्ताव के सम्बंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक ली। सिंह ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से

■ **मतदाता पहचान पत्र बनने सम्बंधित कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं रहना चाहिए**

आग्रह किया कि वह मतदाता सूची को जरूर चैक कर लें कि कहीं उनकी पार्टी, क्षेत्र का कोई महिला/पुरूष जो बालिक हो, मतदाता पहचान पत्र बनवाने से छूट तो नहीं रहा हैं। साथ ही जनता को ऑनलाईन पंजीकरण के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सभी अगर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निवर्हन करेंगे तो हर क्षेत्र में शत-प्रतिशत कार्य होगा।

इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में जिन बूथों पर 1500 से अधिक मतदाता हो गए हैं उनके लिए उसी भवन में पूर्व मतदान बूथ के समीप ही एक-एक अन्य बूथ बनाये जा रहे है। जिसके क्रम में क्लब हाउस कृष्णा ओपरा गार्डन, वैभव खण्ड, इंदिरापुरम के बूथ संख्या 586 में 1550 मतदाता हो गए थे जिसे दो भागों 586 और 586अ में विभाजित किया गया हैं जिसमें बूथ 586 में क्रमांक 1 से 797 तक व बूथ संख्या 586अ में क्रमांक 798 से अंत तक के मतदाता मतदान करेंगे। इसके साथ ही ए.के.चिल्ड्रन एकेडमी, राजनगर एक्सटेंशन, रूम नम्बर—6 के बूथ संख्या 1122 में 1692 मतदाता हो गये थे जिसे दो भागों 1122 और 1122अ में विभाजित किया गया हैं जिसमें बूथ 1122 में क्रमांक 1 से 867 तक व बूथ संख्या 1122अ में क्रमांक 868 से अंत तक के मतदाता मतदान करेंगे।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता पहचान पत्र बनाने वाले सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके यहां कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं रहना चाहिए, प्रत्येक दिन की कार्य रिर्पोट उन्हें प्रस्तुत करें। सभी कार्य समयांतर से पूर्ण करें।

बैठक में मुख्य रूप से राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों में सुभाष चन्द्र शर्मा भाजपा, विजय सिंह बसपा, ओमवीर सिंह बसपा, रमेश चन्द सपा, सुमित आप, त्रिफूल सिंह सीपीआईएम, मनोज कुमार बसपा सहित अधिकारियों में एडीएम प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, एसडीएम सन्तोष कुमार, तहसीलदार रवि कुमार सिंह सहित जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।



## जीडीए उपाध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन बुनकर मार्ट व अन्य योजनाओं का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को मधुबन बापू धाम योजना के अंतर्गत निर्माण अधीन बुनकर मार्ट प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत भवन वी प्राधिकरण कार्यालय की इमारत का निरीक्षण किया। उन्होंने जीडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए की तीनों योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से इन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली। इस मौके पर अपर सचिव क त्रिपाठी प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह तथा अधिशासी अभियंता आलोक रंजन व अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

■ **सभी कार्य समय के साथ गुणवत्तापूर्ण हो : इन्द्रविक्रम सिंह**

## मेडिकल कॉलेज में कान के ऑपरेशन करने के बजाय कान की मशीन बेचने की निष्पक्ष जांच की मांग

**गाजियाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. बी पी त्यागी ने मेडिकल कॉलेज में कान के ऑपरेशन करने के बजाय कान की मशीन बेचने मामले की जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से कराने की मांग की है। उन्होंने एक बयान में कहा है कि यह एक बेहद गम्भीर मामला है।

डॉ. त्यागी ने कहा है कि शिकायत मिली है कि गरीब मरीज कान के पर्दे में छेद के चलते मेरठ मेडिकल कॉलेज डॉ. निकुंज को दिखाते है लेकिन कान का पर्दा बनाने के बजाय वह कान की मशीन के उपयोग की सलाह देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह सब कमिशन खोरी के लिए होता है। उन्होंने कहा कि कान की मशीन पर पर कमीशन खाने के लिए सरकारी हॉस्पिटल के ऑडियोलॉजिस्ट के पास भेजते है जिनका नाम प्रवीण कुमार है। वह मरीज़ को बोलते है कि सरकार मशीन नहीं देती है आपको 16 हजार- में एक कान में मशीन लगा देंगे। जब यह मरीज उनके अस्पताल में पहुंचा तो जांच करने पर पता चला कि मरीज को मशीन की जरूरत नहीं है। अब हर्ष ईएनटी अस्पताल ने इस मरीज को 7 अप्रैल को फ्री ऑपरेशन करने की तारीख़ दे दी है।

## सार संक्षेप

### अवैध रूप से लगी 15 दुकानों को हटवाया

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतम बुद्ध नगर के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस और प्राधिकरण की टीम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर सड़क के बगल लगी 15 दुकानों को हटवाया है। एसीपी वन रजनीश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस और प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को सेक्टर 125 स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के आसपास अभियान चलाकर अवैध वेंडर की 15 दुकानों को बंद कराया है। इसके साथ ही पुलिस की टीमों ने अवैध अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। बता दे कि सड़क के बगल दुकान लगाने से यहां पर अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थित बन जाती है।

### दुकान पर सामान खरीद रहे युवक का आईफोन चोरी

**नोएडा।** सोरखा में एक दुकान पर अंडे खरीद रहे युवक की जेब से अज्ञात चोर उसका आईफोन चोरी करके फरार हो गए। इसको लेकर पीड़ित ने सेक्टर 113 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि वह तीन फरवरी को सोरखा में ठेके के पास की दुकान से अंडे खरीद रहे थे। इस दौरान अज्ञात चोर उनकी जेब से आईफोन निकाल कर फरार हो गए। जब उन्होंने ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए जेब में देखा तो फोन गायब था। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### मामूली विवाद में युवक को पीटा

**नोएडा।** सेक्टर 63 चोटपुर कॉलोनी में रहने वाले एक युवक को मामूली विवाद में कुछ युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जिनका गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसको लेकर पीड़ित युवक ने सेक्टर 63 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह चोटपुर कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि चार फरवरी की रात करीब 10 बजे वह अपने घर को जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में मुकेश उर्फ माइकल, अनिल के साथ ही अन्य मिले। आरोपियों ने उनको देखते ही गाली देना शुरु कर दिया। जिसका जब पीड़ित ने विरोध किया। इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ गंभीर रूप से मारपीट किया। घटना में उनके दो दांत टूट गए हैं। इसके साथ ही शरीर में भी गंभीर चोट आ गई है। पीड़ित का अस्पताल में इलाज चल रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली महिला के साथ दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र मसूरी में एक युवक ने ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली महिला के साथ न केवल दुष्कर्म किया बल्कि उसके कुंडल और मोबाइल फोन भी छीन लिए। पुलिस ने इस युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी मसूरी ने बताया कि जनपद हापुड़ निवासी एक महिला ने पुलिस को सूचना दी गई कि वह मिशल गढ़ी स्थित ब्युटीपार्लर का काम सीख रही थी। 3फरवरी को अकुर चौधरी द उन्हे पार्लर से अपने साथ बैठाकर ले गये तथा उनके साथ दुष्कर्म व मारपीट कर उनका फोन व कुंडल छीन लिया। उन्होंने बताया कि वादिया और अंकुर चौधरी आपस में पूर्व से ही परिचित थे। फोन भी बरामद कर लिया गया है।

## नगर आयुक्त ने उद्यमियों के साथ की बैठक

**गाजियाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड के अंतर्गत 40 एम एल डी औद्योगिक जल की पूर्ति के लिए कार्रवाई को और अधिक तेज कर दिया गया है। जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को औद्योगिक बंधुओ से बैठक की। जिसमें मोहन नगर राजेंद्र नगर में भी औद्योगिक जलापूर्ति पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

■ **ग्रीन म्युनिसिपल बोंड के अंतर्गत साइट 4, मोहन नगर तथा राजेंद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र में भी होगी जलापूर्ति**



महाप्रबंधक जल ने बताया कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में उद्योग बंधुओ से ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत औद्योगिक जलापूर्ति हेतु कि रहे कार्यों पर चर्चा हुई। जिसमें साहिबाबाद साइट 4 में चल रही प्रक्रिया को देखते हुए मोहन नगर तथा राजेंद्र नगर में भी औद्योगिक जलापूर्ति करने की योजना बनाई जा रही है। जिससे वहां के औद्योगिक इकाइयों को लाभ मिलेगा। बैठक में सभी को औद्योगिक जलापूर्ति के विषय में अवगत कराया गया अधिकांश औद्योगिक इकाइयों द्वारा अपनी सहमति भी दी गई तथा नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार शीघ्र ही प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा साहिबाबाद साइट 4 में लगभग 1400 औद्योगिक इकाइयों के लिए ग्रीन म्युनिसिपल बोंड के अंतर्गत औद्योगिक जलापूर्ति का कार्य तेजी से चल रहा है। राजेंद्र नगर इंडस्ट्रियल एरिया में लगभग 800 इकाइयां है, वहां के पदाधिकारी द्वारा बेहतर नेतृत्व में कार्य करने के लिए निवेदन किया गया, सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य के उपरांत तत्काल किया जाए इस विषय पर भी चर्चा की गई।

## सम्भव में नगर आयुक्त ने खुद की सुनवाई, दिए समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

**गाजियाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को संभव जनसुनवाई के दौरान जन समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



आज संभव सुनवाई में 22 से संदर्भ प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश संदर्भ टैक्स तथा निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुए हैं। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त की उपस्थिति में संभव में समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्रवाई की गई टीम को मौके पर भेजा गया। जन समस्याओं का तत्काल निस्तारण हो इसको ध्यान में रखते हुए कार्रवाई कराई जा रही है 22 दिसम्बर को में से पांच संदर्भ निर्माण के पांच संदर्भ टैक्स के जलकल विभाग के चार संदर्भ स्वास्थ्य विभाग के चार संदर्भ प्रकाश विभाग का एक संदर्भ तथा उद्यान विभाग के दो संदर्भ प्राप्त हुए। जनसुनवाई संभव में नई बस्ती, विजयनगर वार्ड 58, पटेल नगर सेकंड, करपुरीपुरम, डासना गेट संजय नगर व अन्य क्षेत्रों के निवासी उपस्थित हुए तथा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं पर नगर आयुक्त के समक्ष अपना विषय रखा, समस्त विभागीय अधिकारी गण भी संभव जनसुनवाई में उपस्थित रहे।

## कंपनी में चोरी के सातों आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**नोएडा,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-60 स्थित अल्ट्राफ्लेक्स कंपनी के गेस्ट हाउस से करोड़ों रुपए की चोरी की घटना में शामिल सभी सात आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-58 पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। आरोपियों की चल और अचल संपत्ति की पहचान की जा रही है। इसके बाद इनकी संपत्ति को कुर्क की जाएगी। आरोप है कि आरोपियों ने नगदी के साथ गहने भी चुराए थे। पुलिस ने आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने फरमान, शेर बहादुर थापा, सचिन गुप्ता, रणजीत, दीपक, सरदार उर्फ मंगल, योगेश उर्फ चोखेलाल के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने बीते दिनों कंपनी के गेस्ट हाउस में करोड़ों रुपए चोरी की घटना को अंजाम दिया था। कंपनी द्वारा दीपावली पर कर्मचारियों को वेतन व बोनस देने के लिए गेस्ट हाउस में नकदी तथा सोने के जेवरात रखे हुए थे। इन लोगों ने मौका पाकर करोड़ों रुपए की नगदी व जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर नगदी व चोरी किए गए जेवरात बरामद किए थे। मामला कई दिन तक सुर्खियों में रहा था। गेस्ट हाउस में इतनी नगदी का होना चर्चा का विषय बना रहा।

■ **आरोपियों की चल अचल संपत्ति होगी कुर्क**

## हत्या के आरोप में वांछित आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नोएडा,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस ने हत्या के प्रयास के वांछित आरोपित को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली टांग में लगने से आरोपित घायल हो गया। आरोपित के पास से चाकू बरामद हुआ है।

एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि 5 फरवरी में सेक्टर-51 होशियारपुर के सोकिन ने एफआइआर दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि दोपहर करीब 2.30 बजे पुत्र शाहरुख गांव में दलबीर के प्लाट पर बैठा था। तभी अचानक वहां गणेश निवासी लोनी गाजियाबाद पहुंचा और उसने शाहरुख पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू शाहरुख के पेट में लगा। आरोपित हमला कर भाग गया। घायल शाहरुख को अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि आरोपित को पकड़ने के लिए दो टीमों गठन किया गया।

सोमवार देर रात सूचना के आधार पर गणेश को स्पैक्ट्रम माल के सामने बिजली घर के पीछे सेक्टर-50 से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चाकू भी बरामद कर लिया, लेकिन गिरफ्तारी के दौरान गाड़ी में बैठाते समय गणेश ने भागने का प्रयास किया। यही नहीं आरोपित ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से हमलावर भी किया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ की गई कार्रवाई में गणेश गोली लगने से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। जांच में पता चला कि शाहरुख पर पैसे के लेनदेन के कारण चाकू से मारकर घायल कर दिया था।

## व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सीओ सिटी से प्रथम शिष्टाचार भेंट की

बुलंदशहर, 6 फरवरी (देशबन्धु)। औरंगाबाद व्यापारी सुरक्षा फोरम के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल की अगुवाई में व्यापारी सुरक्षा फोरम अनूपशहर इकाई के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता अपने अनूपशहर इकाई के पदाधिकारियों को साथ लेकर आज नवनियुक्त सीओ सिटी विकास प्रताप चौहान से मुलाकात करते हुए क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं से उनको अवगत करवाया।

सीओ सिटी ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष के माध्यम से जिले के समस्त व्यापारियों से निर्भय होकर अपना व्यापार करने की अपील की, कहा कि अगर कोई भी आराजकतत्व समाज में आराजकता करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

अनूपशहर इकाई के सभी पदाधिकारियों ने सीओ सिटी विकास प्रताप चौहान को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने सीओ सिटी से अपने सभी पदाधिकारियों का परिचय करवाया, साथ ही जनपद के व्यापारी वर्ग की प्रमुख समस्याओं से अवगत भी करवाया। इस दौरान सीओ सिटी ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल के माध्यम अपील करते हुए जनपद के सभी व्यापारियों से अपने अपने कस्बों में अधिक से अधिक सी सी टी वी कैमरे लगवाए जाने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सी सी टी वी कैमरे लग जाने से जहां एक ओर अपराध कम हो जाता है वहीं दूसरी ओर अपराध को पकड़ने में भी सी सी टी वी कैमरे काफी मदद करते हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से व्यापारी सुरक्षा फोरम के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राजीव शर्मा पत्रकार, अनूपशहर इकाई के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, मनोज गुप्ता पत्रकार, जैद अली, महबूब अली, डॉक्टर आमिर सैफी, राकेश गिरी, अंकुर अग्रवाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बना, की रुपए की मांग

**नोएडा,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। साइबर अपराधियों ने सेक्टर 93 ए में रहने वाले एक व्यक्ति के नाम पर सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बना कर लोगों से रुपए की मांग कर रहें हैं। इसको लेकर पीड़ित ने फेज दो थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को गई शिकायत में अमोलक नाथ सैगल ने बताया कि अज्ञात लोगों ने उनकी फोटो को इस्तेमाल करके लिंक्डइन और व्हाट्सऐप पर फर्जी प्रोफाइल बनाया हुआ है। जिसके जरिए आरोपी उनके करीबी दोस्तों रिश्तेदारों के साथ ही अन्य लोगों को पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर देकर उनके साथ ठगी कर रहें हैं। इसके साथ ही आरोपी उनके कई करीबियों से कुछ मजबूरी बताकर भी रुपये की मांग कर रहें हैं। कई करीबी लोगों के द्वारा संबंधित प्रोफाइल के बारे में पूछे जाने के बाद उनको घटना की जानकारी हुई है। जालसाजों ने फर्जी प्रोफाइल में पीड़ित के सोशल मीडिया अकाउंट से फोटो लेकर इस्तेमाल किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट के साथ ही अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

## नोएडा में 12 स्थान पर लगाए जाएंगे वाटर एटीएम

**नोएडा,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। आम लोगों को मुफ्त में पीने के पानी की सुविधा देने के लिए शहर में 12 स्थानों पर वाटर एटीएम लगवाएगा। ये एटीएम अप्रैल 2024 तक लग जाएंगे। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल का कहना है कि सेक्टर-35 मोरना चौक, सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर के पास सहित अन्य जगह ये वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। इनके जरिए लोगों को मुफ्त में पानी पीने की सुविधा मिल सकेगी। शहर में अभी जो पानी की सप्लाई हो रही है। उसका टीडीएस काफी अधिक होता है। ऐसे में पीना तो दूर नहाने योग्य भी नहीं होता है। अब प्राधिकरण के अधिकारी दावा कर रहे हैं तो अगले चार-पांच महीने में 37 प्वाइंट 5 क्यूसेक और गंगाजल की सप्लाई शहर में शुरू कर दी जाएगी। ऐसे में शहर के अधिकांश हिस्से में गंगाजल की मात्रा बढ़ जाएगी। पानी सप्लाई की मात्रा भी बेहतर होगी।

■ **लोगों को मुफ्त में पानी पीने की मिलेगी सुविधा**

एसीईओ ने बताया कि भारत सरकार व यूनेस्को से समर्थित वर्ल्ड वाटर अवार्ड 2023-2024 में नोएडा को वाटर वारियर्स का अवार्ड मिला है। यह अवार्ड बेस्ट एसटीपी व वाटर रि-यूज प्रॉजेक्ट ऑफ द ईयर गवर्मेंट श्रेणी में दिए गए। उन्होंने बताया कि पानी से जुड़ी जो भी शहर की समस्याएं हैं उनको दूर करवाकर सुविधाओं को आगे और भी बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। एसीईओ ने बताया कि अब शहर में टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट सभी पुराने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर लगाए जाएंगे। प्राधिकरण के जरिए अभी 6 जगह सीवेज ट्रीटमेंट संचालित हो रहे हैं। ये ट्रीटमेंट वाटर प्लांट सिक्वेंसियल बैच रियेक्ट एसबीआर तकनीक से बनाए जाएंगे। इसमें सीवेज पानी को एसटीपी प्लांट में तीन बार शोधित कर प्रयोग में लाया जाएगा जिससे इस पानी की गुणवत्ता और बेहतर होगी। अभी एसटीपी के जरिए अभी रीयूज के लिए तैयार किए जा रहे पानी में से 60-70 प्रतिशत पानी का प्रयोग विभिन्न कामकाज में किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शहर में 20 हजार वर्ग मीटर एरिया से अधिक बड़ी 95 सोसाइटी बनी हुई हैं। इनमें से 83 सोसाइटी में एसटीपी अनिवार्य हैं। अधिकारियों का दावा है कि अभी 79 सोसाइटी में एसटीपी पूरी तरह से संचालित हो रहा है।

## आयुर्वेद एवं योग स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक : अशोक कुमार राना

**गाजियाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। आयुर्वेद विभाग गाजियाबाद राज्य आयुष सोसायटी पब्लिक हैल्थ आउटरीच कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम दोसा बंजारपुर विकास खण्ड स्जापुर में स्वास्थ्य / योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कुल 665 रोगियों को औषधि वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि विनोद वैशाली जाटव, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मोदीनगर एवं डा. अशोक कुमार राना क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार राना ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आयुर्वेद एवं योग द्वारा स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया। ग्राम प्रधान दोसा बन्जारपुर प्रवीन कुमार ने शिविर में आये समस्त चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया इस शिविर के आयोजन में जनपद के तमाम



चिकित्साधिकारियों योग प्रशिक्षको एवं सहायकों ने प्रतिभाग किया शिविर के सफल आयोजन में हरीप्रकाश, श्रीदेवपाल हरित, सचिन बौद्ध, मानचन्द मानकी एवं सुनील कुमार ग्राम सचिव का विशेष सहयोग रहा।

उवाच

नोएडा एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को लेकर 9 फरवरी को समीक्षा बैठक होगी। जिसमें प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी को लेकर सरकार गंभीर है।

**डॉ. अरुणवीर सिंह, यमुना प्राधिकरण सीईओ**



# औद्योगिक मंत्री के पत्र से औद्योगिक भूखंड योजना पर संकट

- **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 44 औद्योगिक भूखंड़ों की निकाली थी योजना**
- **औद्योगिक विकास मंत्री ने प्राधिकरणों को पत्र जारी कर साक्षात्कार के बजाय नीलामी से आवंटन करने का जारी किया आदेश**
- **नोएडा प्राधिकरण 14 औद्योगिक भूखंडों का साक्षात्कार से कर चुका है आवंटन**
- **आवंटित औद्योगिक भूखंड़ों का मुख्यमंत्री ने तलब किया पूरा ब्यौरा**

**ग्रेटर नोएडा, 6 फरवरी(देशबन्धु)।** औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिये नहीं बल्कि नीलामी के जरिये किया जाएगा। साथ ही साक्षात्कार के जरिये हाल ही में जो आवंटन हुए हैं, उनकी रिपोर्ट तलब की गई है। नोएडा प्राधिकरण ने हाल ही में 14 औद्योगिक भूखंड़ों को आवंटन किया है। आवंटन प्रक्रिया और भूखंड पाने वाले औद्योगिक संस्थानों के नाम मांगे गए हैं। औद्योगिक विकास मंत्री के इस आदेश के बाद अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण औद्योगिक भूखंडों की योजना भी खतरे में पड़ गई है। साथ ही नोएडा में जिन 14 भूखंड़ों का आवंटन किया जा चुका है, उसे लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। प्राधिकरण आवंटियों को आवंटन पत्र तक जारी कर चुका है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिये करने पर उनके बोर्ड ने मुहर लगा दी। नोएडा प्राधिकरण ने औद्योगकि भूखंड की योजना निकालकर साक्षात्कार के जरिये औद्योगिक भूखंडों का आवंटन कर दिया गया। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी 44 औद्योगिक भूखंडों की योजना निकाल दी। अब प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ने पत्र जारी किया है। इसमें औद्योगिक भूखंडों की आवंटन प्रणाली पर सवाल उठाए गए हैं। मंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि साक्षात्कार के जरिये आवंटन नीति पर मुख्यमंत्री का आदेश-मार्गदर्शन लिया जाना था। लेकिन बिना इसके आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। नंदी ने कहा कि कई औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उनसे मिले और आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी नहीं बताया। इसमें सुधार की जरूरत है।

औद्योगिक विकास मंत्री ने औद्योगिक विकास आयुक्त से कहा है कि वह साक्षात्कार के जरिये अब तक भूखंडों का आवंटन किया गया है। किस-किस औद्योगिक संस्था को भूखंड दिए गए हैं। इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने इस आवंटन की प्रक्रिया, प्रगति एवं सुझाव को संकलित करते हुए मुख्यमंत्री को रिपोर्ट भेजी जानी है ताकि मार्गदर्शन मिल सके। यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश के बिना अभी सिर्फ नीलामी के जरिये आवंटन किया जाए।

वहीं नोएडा 30 के छोटे प्लॉट को लेकर निकाली गई औद्योगिक भूखंड योजना के तहत आवंटित 14 प्लाटों को साक्षात्कार के माध्यम से आवंटन कर चुका है। औद्योगिक विकास मंत्री मंत्री नंद गोपाल नंदी की तरफ से जारी निर्देश के बाद क्या इनका आवंटन निरस्त होगा! अभी इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम का कहना है कि इस प्लॉट स्कीम को लेकर कोई भी जांच नहीं है, प्लॉट आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती गई थी यह लेटर जो जारी किया गया है यह फ्यूचर की आने वाली इंडस्ट्री प्लाट स्कीम में हिदायत के तौर पर है।

# नोएडा एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी का प्रयास तेज, 9 को होगी बैठक

- **नोएडा एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को लेकर साइट पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ होगी बैठक**

**ग्रेटर नोएडा, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** नोएडा इंटरनेषनल जेवर एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी को लेकर प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसको लेकर शुक्रवार 9 फरवरी को एनसीआरटीसी, रेलवे, एनएचएआई और परिवहन विभाग के अधिकारियों की निर्माणाधीन साइट पर बैठक होगी। नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रगाति रिपोर्ट की समीक्षा के साथ आगे की तैयारियों पर चर्चा होगी। दिल्ली एनसीआर के शहरों से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंचना सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए सरकार बेहतर कनेक्टिविटी पर काम कर रही है। इसके लिए रैपिड रेल/मेट्रो, रेलवे, बस व सड़क मार्ग आदि विकल्पों पर काम चल रहा है। इन परियोजनाओं की प्रगाति जानने के लिए ही 9 फरवरी को बैठक होगी। नोएडा एयरपोर्ट को रैपिड रेल/ मेट्रो से जोड़ने के लिए गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट, परीचौक व यीडा सिटी से होते हुए एयरपोर्ट तक का रूट फाइनल हो गया है। एनसीआरटीसी को आगामी पांच माह में डीपीआर तैयार करनी है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को लेकर 9 फरवरी को समीक्षा बैठक होगी। जिसमें प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी को लेकर सरकार गंभीर है।

# 57वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला स्प्रिंग 2024 का हुआ उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** इंडिया एक्सपो सेंटर एण्ड मार्ट में आयोजित हो रहे आईएचजीएफ-दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2024 के 57वें संस्करण का ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद, आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, ईपीसीएच उपाध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना, मेला




- **कई देशों से आए खरीदारों और मेले की भव्यता ने लोगों का ध्यान खींचा**

अध्यक्ष रिसेप्शन कमेटी आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2024 प्रिया अग्रवाल, ईपीसीएच के प्रशासनिक समिति के सदस्यों और ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ उद्घाटन किया। 6 से 10 फरवरी 2024 तक चलने वाले में मेले की उद्घाटन की घोषणा करते हुए ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने कहा कि यह आयोजन देश के सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित व्यापार मेलों में से एक है, जो हमारे सदस्य निर्यातकों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता का प्रमाण है, जो लगभग तीन दशकों से दुनिया के सामने अपनी उत्कृष्ट शिल्प कौशल और अद्वितीय उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं, इसका श्रेय विदेशी खरीदार समुदाय को भी जाता है, जिन्होंने ईपीसीएच में आस्था और विश्वास जताया है और पिछले 30 वर्षों से शो के प्रत्येक संस्करण में लगातार भाग लिया है। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि ईपीसीएच के चलाए गए व्यापक प्रचार अभियान के साथ ही बड़ी संख्या में विदेशी खरीदार, थोक और खुदरा विक्रेताओं ने पहले ही इस शो में आने के लिए पंजीकरण करा लिया है। इंडिया एक्सपो सेंटर ऐंड मार्ट अपनी विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ ऐसे बड़े समारोहों की मेजबानी के लिए एक सर्वोत्तम वेन्यू है। साथ ही यहां भारत के प्रमुख हस्तशिल्प निर्यातकों के स्वामित्व वाले 900 मार्ट शोरूम ने खरीदारों के सोर्सिंग अनुभव को और बेहतर बनाया है। मुझे खुशी है कि आईएचजीएफ दिल्ली मेले द्वारा लाए गए निर्यात अवसरों के जरिए अपने सालाना कारोबार को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मार्ट मालिक सकारात्मक रूप से आगे आए हैं। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि पहले से किए गए पंजीकरण के आधार पर 100 से अधिक देशों के विदेशी खरीदारों के इस मेले में आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि शुरुआती घंटों से ही खरीदारों के कई समूह इंडिया एक्सपो सेंटर ऐंड मार्ट में उमड़ रहे थे जिसकी वजह से पंजीकरण काउंटरों पर काफी चहलपहल थी। प्रिया अग्रवाल अध्यक्ष, रिसेप्शन कमेटी आईएचजीएफ दिल्ली मेला ने कहा कि आगामी सीजन के लिए होम, फैशन, लाइफ स्टाइल, फर्नीशिंग और फर्नीचर की वस्तुओं से भरे हुए हैं जो कई प्रकार के रंगों, बनावटों, आकारों और भरपूर मात्रा में सौदे के लिए तैयार उत्पादों से जीवंत दिख रहे हैं।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर टोल दर बढ़ाने पर बोर्ड ने मांगी रिपोर्ट

- **रिपोर्ट के आधार पर 26 फरवरी को होगा एक्सप्रेस वे पर टोल दर बढ़ाने पर फैसला**

**ग्रेटर नोएडा, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** यमुना एक्सप्रेस वे की टोल दरें बढ़ाने पर 26 फरवरी को होने वाली बोर्ड बैठक में फैसला लिया जा सकता है। इस फैसले से पहले यमुना प्राधिकरण एक्सप्रेस वे प्रबंधन कंपनी से रिपोर्ट मांगी है। इसमें वर्तमान में चल रही टोल दरों से क्या 36 साल में एक्सप्रेस वे की लागत निकल जाएगी। इसके लिए शुरू किए गए पूर्वानुमान पर भी रिपोर्ट मांगी गई है।

यमुना प्राधिकरण की पिछली बोर्ड बैठक में यमुना एक्सप्रेस वे की टोल दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था। इस प्रस्ताव पर प्राधिकरण का बोर्ड सहमत नहीं था। बोर्ड ने एक्सप्रेस वे का प्रबंधन करने वाली कंपनी जेपी इंफ्रा से रिपोर्ट मांगी है। पूछा गया है कि वर्तमान में जो टोल दरें हैं, क्या इससे 36 साल में एक्सप्रेस वे की लागत निकल जाएगी। उस समय एक्सप्रेस वे से कितने वाहनों के गुजरने का पूर्वानुमान किया गया था। उसके अनुसार वाहनों की क्या स्थिति है। बोर्ड ने कहा कि एयरपोर्ट शुरू होते ही वाहनों की संख्या बढ़ेगी। इस दौरान वाहनों का पूर्वानुमान क्या है। इन सभी बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है। प्राधिकरण बोर्ड ने कहा कि इस रिपोर्ट को आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाए। इस रिपोर्ट के आधार पर टोल दरें बढ़ाने या नहीं बढ़ाने का फैसला लिया जाएगा। अब प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 26 फरवरी को प्रस्तावित है। इस बैठक में यह रिपोर्ट रखी जा सकती है। इस बैठक में टोल दरों को लेकर फैसला लिया जाएगा।

# छह फीसदी भूखंडों की पात्रता करने को अब साकीपुर व सैनी में लगेगा शिविर

- **8 फरवरी को साकीपुर में और 9 फरवरी को सैनी में लगेगा शिविर**
- **इससे पहले डाढ़ा व सिरसा में ग्रेनो प्राधिकरण लगा चुका है शिविर**

**ग्रेटर नोएडा, 6 फरवरी(देशबन्धु)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को जमीन देने वाले किसानों की छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में शिविर लगवा रहा है। प्राधिकरण ने सिरसा और डाढ़ा के बाद साकीपुर व सैनी में शिविर लगाने का निर्णय लिया है। आगामी 8 फरवरी को साकीपुर में और 9 फरवरी को सैनी में शिविर लगाया जाएगा। साथ ही एसआईटी जांच के बाद सही प्रकरणों में लीज बैक करने के लिए भी कैंप में आवेदन किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित करता है और उसके एवज में प्राधिकरण की तरफ से कुल अधिग्रहित जमीन का 6 फीसदी हिस्सा विकसित करके किसानों को देता है। इसकी पात्रता तय करने के लिए किसानों को प्राधिकरण आना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में ही शिविर शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि भूलेख विभाग की टीम 8 फरवरी को सुबह 11 बजे से साकीपुर में और 9 फरवरी को सैनी में शिविर लगाएगी। इस शिविर में प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। पात्रता तय कराने के लिए किसानों को संबंधित कागजात भी साथ लाना होगा। अगर किसी को आपत्ति है तो वह भी इस कैंप में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। गांवों में ही शिविर लगाने से किसानों को बड़ी सुविधा हो जाएगी। किसानों को प्राधिकरण नहीं आना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि एसआईटी जांच के बाद सही प्रकरणों में लीज बैक करने के लिए भी इस कैंप में आवेदन किया जा सकता है।

# बच्चों ने नेहरू तारामंडल का किया भ्रमण, देखी रहस्यमय दुनिया की झलक

**ग्रेटर नोएडा, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** जी डी गोयंका पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन, चार और पांच के छात्रों को शैक्षिक यात्रा पर नेहरू तारामंडल, दिल्ली ले जाया गया, जहां बच्चों ने खूब आनन्द उठाया। भारत के अन्य शहरों के तारामंडलों की अपेक्षा इस तारामंडल के पास बहुत ज्यादा सुविधाएं नहीं हैं तो भी वह लोगों को इस रहस्यमय दुनिया की झलक दिखाता है। नेहरू तारामंडल की कल्पना एवं योजना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बनाई थी।



वे चाहती थीं कि बच्चों में विज्ञान को बढ़ावा दिया जाए। जवाहर लाल नेहरू का साइंस और बच्चों में रुझान को देखते हुए इंदिरा गांधी ने सोचा कि उन्हीं के नाम पर कुछ ऐसा किया जाए जिसमें बच्चों और साइंस दोनों को लाभ हो। इस तरह नेहरू तारामंडल अस्तित्व में आया। इसका उद्घाटन भी खुद इंदिरा गांधी ने किया था। पहले शो का नाम था अवर कास्मिक हेरिटेज तारामंडल के पहले डायरेक्टर कर्नल सिंह थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर रेणु सहगल ने इन शैक्षिक यात्राओं को सराहते हुए छात्रों से अपने अनुभव बांटे। इस प्रकार यह शैक्षिक भ्रमण छात्रों के लिए बहुत ही मनोरंजक और ज्ञानवर्धक रहा।

# जिलाधिकारी ने दिल्ली पुलिस में चयनित व पैरा एथलीट को किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** ग्रामीण एजुकेशन सोसाइटी की तरफ से ग्राम सादुल्लापुर में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, सम्मान समारोह में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दिल्ली पुलिस में चयनित 18 बालक - बालिकाओं एवं गोवा में



आयोजित हुए पैरा गेम्स में गोल्ड मेडल जीत कर आई अनुराधा चौहान को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, ग्रामीण एजुकेशन सोसाइटी की संस्थापक बबीता नागर तथा नीलम भाटी उपस्थिति रही।

# लूट की झूठी सूचना देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपियों के पास से एक लाख नब्बे हजार पांच सौ रुपए व मोटर साइकिल बरामद**

**ग्रेटर नोएडा, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** सूरजपुर थाना की पुलिस सर्विलांस टीम तथा गोपनीय सूचना के आधार पर झूठी लूट की घटना का सफल अनावरण करते आरोपियों अमन, सौरभ उर्फ कालीचरन, अनुज व दीपक वर्मा को मकोडा गोलचक्कर ग्रेटर नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से 1,90,500 घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल व एक मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना दी गयी कि सीमेन्ट व्यापार से सम्बन्धित फर्म मैसर्स न्यू अवाना ट्रेडिंग



कंपनी पैरामाउन्ट सोसाइटी मे उनके कलैक्शन एजेन्ट अमन सोमवार को कलैक्शन किया हुआ लगभग 1,90,600 रुपए नगद अपने तीन अन्य साथियों सौरभ उर्फ कालीचरन, अनुज, दीपक वर्मा के साथ आपराधिक षडयन्त्र/साजिश करके हड़प लिया और उसके साथ लूट हो जाने सम्बन्धी झूठी सूचना पुलिस को गुमराह करके दी गई। जब अमन से पूछताछ व गहन जानकारी की गयी तो उसके द्वारा वादी के रूपए गायब करने की घटना स्वीकार करने पर थाना सूरजपुर पर उक्त घटना के सम्बन्ध में एक लिखित तहरीर दी गई, जिसके सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी कलेक्शन एजेन्ट अमन ने बताया गया कि उसके उपर बहुत सारा कर्जा हो गया था, जिसे चुकाने के लिए उसने अपने दोस्तों के साथ साजिश करके कलेक्शन का रूपया हड़पने व लूट की घटना हो जाने की झूठी सूचना देने की योजना तैयार की और सोमवार को शाम को ओमीक्रान 3 ग्रेटर नोएडा गोलचक्कर व भट्टा गोलचक्कर चौकी क्षेत्र में अपने मालिक वादी सुमित व पुलिस को उसके साथ लूट हो जाने की झूठी सूचना दी गयी। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया है।

# वार्डों में साठ लाख के विकास कार्यों से बदलेगी कस्बे की तस्वीर

**जेवर, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** नगरपंचायत द्वारा कस्बे के अलग अलग वार्डों में मंगलवार को साठ लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। जिससे नगरवासियों में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी द्वारा कस्बे के पांच वार्डों में इंटरलॉकिग व आरसीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

नगरपंचायत जेवर के अधिषासी अधिकारी सतीष कुमार ने बताया कि मंगलवार को अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी द्वारा फीता काटकर 60 लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। जिसमें वार्ड 16 मोहल्ला कानूनगोयान में खुर्जा रोड पर 46लाख रूपए की लागत से पटरी पर इंटरलॉकिंग, वार्ड 6 मोहल्ला बनी इसराइल में मंगरौली रोड पर 4 लाख रूपए की लागत से इंटरलॉकिंग कार्य, वार्ड 7 मोहल्ला वैश्य खटीक में तीन लाख रूपए की लागत से आरसीसी रोड का निर्माण कार्य, वार्ड 14 मोहल्ला मानक चौक में ढाई लाख रूपए की लागत से आरसीसी रोड का निर्माण कार्य तथा वार्ड एक मोहल्ला रावतिया में साढ़े लाख रूपए की लागत से आरसीसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर



- **चेयरमैन नारायण माहेश्वरी व अधिशासी अधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी ने कहा कि उन्होंने लोगों से प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों का वायदा किया था जिसको वह पूरा करने के प्रयास में जुटे हैं। उन्होने लोगों से मानक के अनुसार विकास कार्य न किये जाने पर शिकायत करने का आग्रह किया।

इस मौके पर गौरव पाठक, जवाहर तालान, पंकज शर्मा, सौरभ माहेश्वरी, प्रदीप चौधरी, उमेश तायल, शीशपाल शर्मा, सुरेन्द्र सक्सेना, संजय सिंह, माधोश्याम आदि मौजूद रहे।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1 सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्व नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अल्फा आवासीय भूखण्ड योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-सी-71 क्षेत्रफल-200 वर्गमीटर सैक्टर-अल्फा-1, अलॉटमेन्ट नं0 A010138 ग्रेटर नोएडा PANNA LAL के पक्ष में पंजीकृत है। आवंटी PANNA LAL की मृत्यु दिनांक 05.02.2010 को हो गई है। मृतक आवंटी PANNA LAL के पुत्र DEEPAK KUMAR ARYA ने उपरोक्त भूखण्ड अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस म्यूटेशन/नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में PANNA LAL के स्थान पर उनके पुत्र DEEPAK KUMAR ARYA S/O LATE SH. PANNA LAL के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308
जिला गौतमबुद्व नगर (उ0प्र0) दूरभाष नं-0120-2395201, फैक्स नं0-0120-2395150
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भवन सं0-KCA-10-1103 in Wish Town Classic A-10 at Jaypee Greens Wish Town, Sector-134, Noida Super Area-109.40 Sqm. जो कि स्व0 श्री राकेश आनंद के नाम पर सबलीज्ड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनके पुत्र श्री रक्षित आनंद के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।
अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्व0 श्री राकेश आनंद की मृत्यु उपरांत उक्त सम्पत्ति को उनके पुत्र श्री रक्षित आनंद के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

(प्रबन्धक सम्पत्ति)

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

# चाकू के हमले से घायल युवक की हालत नाजुक, वेंटिलेटर पर रखा

**दनकौर, 6 फरवरी (देशबन्धु)।** यमुना एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के नजदीक स्टॉल लगाकर काफी बेचने वाले दो चचेरे भाइयों पर सोमवार को एक दुकानदार और उसकी बहन ने चाकू से हमला कर दिया था। दोनों घायलों का ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिसमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है जिसके वेंटिलेटर पर रखा गया है। सालारपुर गांव निवासी रोहित नागर और उसका चचेरा भाई पवन नागर यमुना एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के पास स्टॉल लगाकर कॉफी बेचते थे। आरोप है कि एक अन्य दुकानदार ने उनसे काफी का रेट सस्ता करने को कहा था। इसी बात को लेकर उनकी सोमवार को कहासुनी हो गई थी। आरोप है दुकानदार और उसकी बहन ने दोनों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। घटना में रोहित नागर और पवन नागर गंभीर रूप से घायल हो गई गए थे। गर्दन में चाकू लगने और खून अधिक बह जाने के कारण रोहित नागर की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों अरुण व उसकी बहन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है की मुख्य आरोपी घटना के बाद से ही फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# विदाई समारोह में बच्चों को आजीवन सीखने के लिए किया गया प्रेरित

**ग्रेटर नोएडा, 6 जनवरी (देशबन्धु)।** अल्फा-वन स्थित सेंट जोसफ विद्यालय में बारहवीं कक्षा के लिए

- **विदाई समारोह में बच्चे हुए भावुक, सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

विदाई कार्यक्रम हार्दिक भावनाओं और ग्लैमर के स्पर्श से चिह्नित एक यादगार अवसर था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर ऑलविन पिंटो सिस्टर्स, समस्त अध्यापकगण एवं छात्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न नृत्य एवं हास्य नाटक प्रस्तुत किए गए। जब छात्र अपनी स्कूली




यात्रा को अलविदा कह रहे थे तो माहौल पुरानी यादों और नए उत्साह के मिश्रण से भरा हुआ था। प्रधानाचार्य ने छात्रों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए प्रोत्साहित किया। प्रोत्साहन के शब्दों से छात्र वर्ग को आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ अपने भविष्य के प्रयासों को आरंभ करने के लिए प्रेरणा मिली। डॉ. ऑल्विन पिंटो ने अपने संबोधन में दृढ़ता और आजीवन सीखने के महत्व पर बल दिया और छात्रों से अपने विद्यालयी समय में सीखे नैतिक मूल्यों को जीवन भर अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समूह गान का एक विशेष प्रदर्शन था, जिनकी भावपूर्ण धुनों ने विदाई समारोह को अत्यंत भावपूर्ण बना दिया। इस दौरान मिस्टर सेंट जोसेफ रहे तनय नेगी और मिस सेंट जोसफ रही गार्गी भाटी। इस चयन को लेकर छात्रों में काफी उत्साह रहा। कार्यक्रम में छात्रों, और शिक्षकों ने हार्दिक शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह अविस्मरणीय पदों के साथ उनके शैक्षणिक जीवन में एक अध्याय के अंत और दूसरे के आरंभ का प्रतीक रहा। सभी ने उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्व नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-घोडी बछेडा की प्रस्तावित आबादी मे आवंटित आवंटन-जी.एच.डी.0117, भूखण्ड संख्या-344, क्षेत्रफल-380 वर्ग मीटर श्री सुनील कुमार पुत्र श्री कौशल सिंह, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री सुनील कुमार पुत्र श्री कौशल सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री केवश दत्त रावल, रवि पुत्रगण स्व० श्री सुनील कुमार, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री केवश दत्त रावल, रवि पुत्रगण स्व० श्री सुनील कुमार, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष मे सहः आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

देशबन्धु

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 7 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन



## लोकतंत्र के साथ सच्चा न्याय

30 जनवरी को हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पीठासीन अधिकारी की धांधली के कारण भाजपा को जो जीत मिली है, यह आरोप आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने लगाए। मामला पहले पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा और वहां से राहत नहीं मिली तो फिर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया गया। सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह लोकतंत्र का मज़ाक है। जो हुआ, हम उससे हैरान हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते।' देश के मुख्य न्यायाधीश जिस बात पर हैरान थे, यानी लोकतंत्र का मजाक बनाने पर, लोकतंत्र की हत्या करने पर, उस पर विपक्ष समेत देश का एक बड़ा तबका बहुत लंबे वक्त से हैरान ही नहीं, परेशान भी है। लेकिन सोमवार को यह देखकर राहत मिली कि अब सुप्रीम कोर्ट को भी इस पर दुखद हैरानी हुई है। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की ओर से दाखिल की गई इस याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पर्दीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की बेंच कर रही थी। अपनी सख्त टिप्पणी में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने कहा कि-'पीठासीन अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं। क्या ये एक रिटर्निंग ऑफिसर का बर्ताव होना चाहिए? वो कैमरे की ओर देखते हैं और मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिस मतपत्र के नीचे क्रॉस का निशान बना हुआ है, उसे ये ट्रे में रख देते हैं। जिस मतपत्र के ऊपर क्रॉस नहीं बना हुआ है, उसे ये बिगाड़ देते हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हैं। इनसे बताइए कि सुप्रीम कोर्ट इन्हें देख रहा है। हम लोकतंत्र की ऐसी हत्या नहीं होने देंगे। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है।' शीर्ष अदालत से आई इस टिप्पणी को शायद निर्वाचन आयोग से लेकर केंद्र सरकार के तमाम दफ्तरों में चस्पां करने की जरूरत है।

चंडीगढ़ के मेयर पद के चुनाव को लेकर हार का डर शायद भाजपा को पहले से था, इसलिए पहले पीठासीन अधिकारी के बीमार होने को वजह बताकर चुनाव की तारीखें बढ़वाई गईं और जब 30 जनवरी को चुनाव हुए तो संयोग से पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा की गई तथाकथित छेड़छाड़ कैमरे में कैद हो गई। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जिसे लोकतंत्र की हत्या कहा है, वह दरअसल लोकतंत्र की सुपारी देने जैसा गंभीर अपराध है, क्योंकि यहां हत्या गैरइरादतन नहीं, बल्कि रणनीति के तहत करवाई गई है। अनिल मसीह को अदालत से फटकार लग चुकी है, हो सकता है उन पर मुकदमा चले और दिखाने को कार्रवाई भी हो। लेकिन उसके बाद क्या लोकतंत्र को खत्म करने का खेल रुक जाएगा। क्या अनिल मसीह को इसका अकेले जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, या फिर अदालत की नजर में वे लोग भी आएंगे, जिनके कहने पर अनिल मसीह जैसे अधिकारी कठपुतलियों की मानिंद काम करते हैं।

अभी तो एक अदने से चुनाव के लिए इतना दुस्साहस दिखाया गया है, लेकिन जहां लोकसभा में बाकायदा आंकड़ों के साथ ऐलान हो रहा है कि हम 400 सीटें जीतेंगे और तीसरी बार सत्ता में आएंगे, वहां और कितने खेल होंगे, क्या इस बारे में भी शीर्ष अदालत को विचार नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के ही कुछ वकीलों ने बाकायदा ईवीएम के खिलाफ मोर्चा खोलकर बताया है कि किस तरह ईवीएम हैक करके वोटों में गड़बड़ी हो सकती है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने अंतिम सत्य की तरह ऐलान कर दिया है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती। अगर निष्पक्ष चुनाव पर जनता के एक तबके को संदेह है, तो क्या उस संदेह को दूर करने के लिए खुद निर्वाचन आयोग को पहल नहीं करना चाहिए या फिर गुलाम भारत की तरह जनता की बात तभी सुनी जाएगी, जब कोई आंदोलन खड़ा हो। क्या सुप्रीम कोर्ट ईवीएम पर कोई स्वतः संज्ञान लेकर देख पाएगा कि इसमें भी लोकतंत्र को कुचला जा रहा है या नहीं।

चंडीगढ़ चुनाव में धांधली के आरोप तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने शुरु से लगाए हैं, लेकिन शीर्ष अदालत ने यह तभी देखा, जब वहां याचिका दाखिल हुई। अगर याचिकाकर्ता हिम्मत हार जाते, तब क्या हत्या किसी को नजर नहीं आती। यह केवल एक मामला ही नहीं है, जहां लोकतंत्र की प्रक्रिया को कुचला गया हो। सोमवार को ही झारखंड में चम्पाई सोरेन की सरकार ने विश्वासमत हासिल कर अपनी सरकार बचा ली, वर्ना झारखंड का हश्र भी बिहार की तरह हो सकता था। लेकिन इस बचाव के लिए कितने यत्न करने पड़े, क्या यह शीर्ष अदालत को नहीं दिखा। विधायकों की खरीद-फरोख्त अब आम बात हो गई है, इसलिए विधायकों को बचाने के लिए रिजार्ट पॉलिटिक्स का नया चलन देश में निकला है। अभी बिहार में बहुमत परीक्षण से पहले कांग्रेस अपने विधायकों को सुरक्षित रखने के लिए बाहर ले जा चुकी है। कहीं भी चुनाव होते हैं और बहुमत के आंकड़े में जरा सी ऊंच-नीच की आशंका होती है, तो फौरन विधायकों की बाड़ेबंदी शुरु हो जाती है। ये लोकतंत्र की सुपारी लेने के ही परिणाम हैं। देश का सत्तारुढ़ दल अपनी सत्ता राज्यों में कायम करने के लिए बाकायदा आपरेशन लोटस चलाता है, राज्यपाल जैसे संवैधानिक पदों पर बैठे लोग खुलकर सत्ता पक्ष के हक के लिए काम करते हैं, क्या यह सुप्रीम कोर्ट को अब तक नजर नहीं आया।

लोकतंत्र की हत्या का सिलसिला केवल चुनावों में धांधली या सत्ता हथियाने तक ही सीमित नहीं है। लोगों के अधिकारों को कई तरह से छीना जा रहा है। इसका ज्वलंत उदाहरण है उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई का बार-बार टलते जाना। याचिका पर फैसला जो भी आए, लेकिन लचर बहानों की आड़ में बार-बार सुनवाई को टालना भी एक नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन क्या नहीं माना जाना चाहिए। इसी तरह जो व्यक्ति हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों के कारण जेल में है, वह चुनाव के पहले बार-बार पैरोल हासिल कर बाहर आ जाता है, तो क्या इसमें लोकतंत्र की हत्या नहीं हो रही। संसद से एक साथ डेढ़ सौ सांसदों का निलंबन भी लोकतंत्र की हत्या जैसा ही था।

चंडीगढ़ मामले से पहले बिल्किस बानो प्रकरण में भी शीर्ष अदालत ने पीड़िता के हक में फैसला सुनाते हुए उनके दोषियों को वापस जेल भेजने के आदेश दिए थे। लेकिन यहां भी सवाल वही है कि अगर बिल्किस बानो हिम्मत हारतीं या उनके साथ देश की कुछ जुझारू महिलाएं खड़ी होकर अदालत नहीं पहुंचती तो क्या उनके दोषी आजाद घूमते रहते। यह सही है कि न्यायपालिका का अपना कार्यक्षेत्र और दायरा है, और वह कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में दखल नहीं कर सकता। लेकिन जब घर के एक हिस्से में आग लगी हो तो वहां कई बार सीमाएं लांघकर भी बचाव की कोशिश करनी पड़ती है। चंडीगढ़ से शुरु हुई यह कोशिश और आगे बढ़े, तभी लोकतंत्र के साथ सच्चा न्याय होगा।

# लोकतंत्र के साथ मज़ाक तो अर्से से हो रहा है, मी लॉर्ड!



डॉ. दीपक पाचपोर

**वर्तमान चीफ जस्टिस को देश में लोकतंत्र व न्याय के दृष्टिकोण से आशा की अंतिम किरण के रूप में देखा जा रहा है। फिर भी कई बार ऐसे फैसले आते हैं, या फिर अपेक्षित निर्णय नहीं आते, कि उससे हैरत तो होती ही है, निराशा भी कम नहीं होती। न्यायपालिका से जनता की आशाओं का पूरा न होने से बढ़कर लोकतंत्र व कानून का दूसरा कोई बड़ा मज़ाक नहीं हो सकता; और वह अक्सर होता रहता है।**

हाल ही में चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में जिस प्रकार से पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के 8 वोटों को साफ जान पड़ती दुर्भावना तथा षड्यंत्रपूर्वक रद्द करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को विजयी घोषित किया, उससे सियासी तूफान तो पहले से ही उठा हुआ था, सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि, 'यह लोकतंत्र के साथ मज़ाक है। लोकतंत्र की हत्या है।' दरअसल यह मामला आप के मेयर पद के उम्मीदवार रहे कुलदीप कुमार द्वारा उच्चतम न्यायालय ले जाया गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्दीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई के दौरान वकील अभिषेक मनु संघवी द्वारा पेश किया गया वह वीडियो देखा जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह 8 बार अपना पेन इधर-उधर घुमाते दिखाई दे रहे हैं। इतने ही वोट अवैध बतलाकर निरस्त कर दिये गये जबकि चंडीगढ़ नगर निगम में कांग्रेस-आप के पास 20 एवं भाजपा के पास 16 वोट हैं। इतने वोट रद्द कराकर भाजपा उम्मीदवार को विजयी घोषित कराना सारी कहानी को साफ-साफ बयां करता है।

इस वीडियो को देखकर नाराज़ न्यायाधीशों ने अनेक प्रकार की सख्त टिप्पणियां की हैं और कई तरह के निर्देश भी दिये हैं। पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट को न्याय करने में असफल करार देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का पूरा रिकार्ड सुरक्षित रूप से हाईकोर्ट के पास जमा कराया जाये। सुको ने नगर निगम की सभी अगली कार्रवाइयों पर रोक भी लगा दी है। शीर्ष कोर्ट ने सरकारी वकील को कहा है कि वे 'पीठासीन अधिकारी को बतलाएं कि उन्हें न्यायालय देख रहा है।' अगली सुनवाई में उन्हें स्वयं सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश भी दिये गये हैं, जो कि 12 फरवरी को निर्धारित की गयी है। देखना तो यह है कि सर्वोच्च अदालत ने जितनी सख्त टिप्पणी की है, सज़ा भी उतनी ही सख्त होने जा रही है या फिर किसी न किसी आधार पर अपराध की गम्भीरता को कमतर मानते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी की सज़ा को भी नरम सी, हल्की-फुल्की, चेतावनी जैसा कुछ जारी कर दिया जायेगा अथवा फिर माफी ही दे दी जायेगी?

सवाल तो यह है कि कोर्ट-कचहरी की एक मुकम्मल व्यवस्था के रहते हुए एक अधिकारी नियमों की ऐसी धज्जियां उड़ाने की हिम्मत कर कैसे सकता है? जाहिर है, जो जिम्मेदार पद पर बैठा है, वह कानूनी प्रावधानों को जानता ही होगा। आखिरकार नियमों से तो वह कतई अनभिज्ञ नहीं होगा। असली में वह चारों ओर देख रहा है कि सभी तरह के नियमों व कानूनों को तोड़ने वाली राजनीतिक शक्तियां विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, स्वायत्त संस्थाओं एवं संवैधानिक संस्थानों पर इस कदर हावी हैं कि इन सभी का काम केवल सत्ता एवं सत्तारुढ़ भाजपा की हां में हां मिलाना रह गया है। अब तो ऐसा कोई भी मंच नहीं रह गया है जहां लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाने वाले तत्व धमाल न मचा रहे हों। संसद में न केवल महिला पहलवानों के उत्पीड़न के आरोपी शान से बैठते हैं बल्कि सत्ताधारी दल के एक सदस्य अल्पसंख्यक विपक्षी सदस्य को संप्रदाय से जुड़ी भद्दी व असंसदीय गालियां देते हैं। उसी सदन में वे लोग भी मंत्री बनकर बैठे हुए हैं जिनका बेटा सरेआम अपने वाहन से आंदोलन कर रहे किसानों को कुचल देता है। एक राज्य में कद्दावर नेता के पुत्र अधिकारी को बीच सड़क पर बैट से भरपूर मारते हैं और कोई कार्रवाई तक नहीं होती। दंगों व सामूहिक बलात्कार के आरोपियों की सज़ा अच्छे चाल-चलन के आधार पर माफ कर दी जाती है तो वहीं बलात्कार-हत्या का आरोपी एक कथित संत हर दो-चार माह में पैरोल पर निकल आता है और अपने आश्रम में कुछ समय बिताकर जेल लौट जाता है।

पिछले कुछ दिनों से लोकतंत्र की हत्या और उसके साथ मखौल कुछ ज्यादा ही बढ़ चला है, इतना कि सारा देश ही उसका आनंद उठा रहा है। न्यायपालिका को तेजी से कार्यपालिका स्थानापन्न कर रही है और सज़ा दिलाने के लिये आरोपियों को न्यायाधीश के सम्मुख खड़ा करने के बजाये खुद ही बुलडोज़र चला रही है। सुको को इस बात पर भी गुस्सा नहीं आता कि उसकी जगह विध्वंसक मशीनों ने ले रखी है। आरोपी के साथ पूरे परिवार को बेघर करने के पीछे कौन सा कानून व तर्क काम करता है और कार्यपालिका कब से न्यायपालिका की जिम्मेदारियां निभाने लग गया है, यह सभी जानते हैं।

यह देखकर अब न्यायपालिका ने हैरत में पड़ना बन्द कर दिया है कि किसी का भी अवैध निर्माण किसी राज्य सरकार व प्रशासन को तभी क्यों दिखलाई पड़ता है जब उसे पता चलता है कि आरोपी अल्पसंख्यक है अथवा किसी गैर भाजपायी दल से उसका सम्बन्ध है। लोकतंत्र के साथ मज़ाक तो तब भी हुआ था जब हेट स्पीच करने वाले एक केन्द्रीय मंत्री व सांसद को यह कहकर बरी कर दिया गया था कि 'बयान मुस्कुराकर दिया गया है, लिहाज़ा वह अपराध की श्रेणी में नहीं आता।' उससे बड़ा मज़ाक तो तब भी होते हैं जब सत्ता दल से जुड़े लोगों के चुनावी भाषणों के खिलाफ की गयी शिकायतों को निर्वाचन आयोग तब तक नहीं सुनता जब तक कि चुनाव लगभग पूरे नहीं हो जाते, जबकि विपक्षी दलों के नेताओं के बयानों को शीघ्रता से संज्ञान में लिया जाता है।

देश में लोकतंत्र की हत्याओं की वेरायटी और उसके साथ होने वाले मज़ाकों की रेंज असीम है। राज्यपालों का ही देखें तो उनके द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने उपयोग के खिलाफ कई तरह की शिकायतें पहुंचती हैं परन्तु फैसले वे ही आते हैं जो भाजपा की सुविधा वाले होते हैं। न जाने कितने ही पत्रकार, लेखक, मानवाधिकार कार्यकर्ता, विपक्षी दलों के नेता जेलों में डाल दिये गये हैं, पर उनके फैसले तो दूर, उन्हें जमानत देने में में भी न्यायालय घबराती है। वह केवल तारीखें देती है। अब तो जनता को साफ संदेश जा चुका है कि खुद न्यायपालिका घबराई हुई सी प्रतीत होती है। ज़ाहिर है कि कुछ समय पहले इसी घबराई हुई कोर्ट के चार जस्टिसों ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर बतलाया था कि खास तरह के मामले एक जस्टिस विशेष की अदालत में ही जाते हैं। उनमें से एक जस्टिस बाद में मुख्य न्यायाधीश बनते हैं, एक खास फैसला सुनाते हैं और रिटायर होने के बाद सीधे राज्यसभा में जा बैठते हैं। यह न्यायपालिका द्वारा खुद के साथ किया हुआ मज़ाक है कि अब विरोधी दलों के नेताओं के विरूद्ध प्रवर्तन निदेशालय के ज्यादातर मामले एक ही जस्टिस के सामने प्रस्तुत होते हैं जिनका सम्बन्ध गुजरात से है। वह महिला जस्टिस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वहां जिम्मेदार पद पर थीं। इस मज़ाक की भी इन दिनों काफी चर्चा है।

बेशक, वर्तमान चीफ जस्टिस को देश में लोकतंत्र व न्याय के दृष्टिकोण से आशा की अंतिम किरण के रूप में देखा जा रहा है। फिर भी कई बार ऐसे फैसले आते हैं, या फिर अपेक्षित निर्णय नहीं आते, कि उससे हैरत तो होती ही है, निराशा भी कम नहीं होती। न्यायपालिका से जनता की आशाओं का पूरा न होने से बढ़कर लोकतंत्र व कानून का दूसरा कोई बड़ा मज़ाक नहीं हो सकता; और वह अक्सर होता रहता है। लोगों को उम्मीद है कि यदि लोकतांत्रिक प्रणाली के सभी अंग, संस्थाएं व संगठन लोकविरोधी हो जायें तो भी कम से कम न्यायपालिका नामक मशाल नागरिकों को अंधकार में रास्ता दिखाती मिलेगी। हाल में कई ऐसे मौके आये हैं जब देश में कानून को सत्ता की शह पर बेखौफ़ ठेंगा दिखाया गया लेकिन अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। उम्मीद है, मी लॉर्ड कि चंडीगढ़ मामले में ऐसा नहीं होगा!

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# झारखंड विधानसभा में चंपाई सोरेन की जीत है इंडिया ब्लॉक की जीत

■ कल्याणी शंकर

**चुनावों में जब किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है, तो यह छोटे और बड़े राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। सांसदों को दल बदलने से रोकने के लिए दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया। हालांकि, यह कानून अक्सर विफल हो जाता है क्योंकि कुछ विधायक धन और बाहुबल से प्रलोभित होते हैं।**

भाजपा द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयासों की खबरों के बीच 5 फरवरी को झारखंड विधानसभा में बहुमत सिद्ध करने हेतु हुए मतदान में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की जीत, देश के वर्तमान राजनीतिक माहौल में इंडिया गुट के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के लिए अब प्रशासन में भ्रष्टाचार को दूर करते हुए लोगों, विशेषकर आदिवासियों के, कल्याण के लिए सरकार चलाना कठिन काम है।

झारखंड 2000 में अपनी स्थापना के बाद से ही राजनीतिक अशांति से गुजर रहा है। इसलिए, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि पिछले कुछ दिनों में इसे एक और संकट और राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है।

राज्य का राजनीतिक इतिहास उथल-पुथल भरा रहा है। पिछले दो दशकों में इसने ग्यारह मुख्यमंत्रियों को देखा है। बारहवीं नियुक्ति चंपाई सोरेन की है। शुक्रवार को, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आधिकारिक आवास पर सात घंटे तक पूछताछ की गयी और बाद में उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया, जिसके परिणामस्वरूप संकट पैदा हो गया।

भ्रष्टाचार और दलबदल ने राज्य में अस्थिरता पैदा कर दी है। पिछले दिनों कई पूर्व मुख्यमंत्रियों ने भ्रष्टाचार के कारण इस्तीफा दे दिया। जब हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया तो यह आश्चर्य की बात नहीं थी, क्योंकि उन्हें पता था कि देर-सबेर ऐसा होने वाला है।

दुर्भाग्य से, संकट एक महत्वपूर्ण समय पर आया, जिसने कई मुद्दे खड़े कर दिये। इनमें नवगठित विपक्षी मंच इंडिया को लेकर अनिश्चितता भी शामिल है। यह 2024 के चुनावों के नतीजों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, जो अप्रैल-मई में होने वाले हैं। साथ ही, छोटे राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता क्यों महसूस हो रही है, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

झारखंड के गठन के बाद से ही यहां राजनीतिक अस्थिरता और माओवादी हिंसा रही है। इसके विपरीत, एक साथ बना छत्तीसगढ़ अपेक्षाकृत राजनीतिक रूप से स्थिर रहा है। झारखंड में प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में मौजूद हैं। फिर भी, सरकार में बार-बार बदलाव के कारण यहां के लोग गरीबी और विकास की कमी से जूझ रहे हैं। इससे समय के साथ राज्य के विकास में दिक्कतें पैदा हुईं।

2000 के बाद से झारखंड में 11 मुख्यमंत्री हुए हैं, जिनमें से अधिकांश का कार्यकाल संक्षिप्त रहा। केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य रघुबर दास ने 2014 से 2019 तक पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।

हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने चंपाई सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में देरी की, जिससे झारखंड में तनाव पैदा हो गया। राज्य 48 घंटे से अधिक समय तक बिना मुख्यमंत्री के रहा। हालांकि, झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के एक प्रतिबद्ध सदस्य और पूर्व राज्य परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन ने आखिरकार शुक्रवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन के साथ पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। हेमंत ने चंपाई सोरेन को न केवल उनकी वफादारी के लिए बल्कि उनकी योग्यता और पार्टी के प्रति समर्पण के लिए भी अपना उत्तराधिकारी चुना।

सिर्फ छोटे राज्य बनाने से बेहतर जीवन की कोई गारंटी नहीं है, जैसा कि 2000 में बने उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड से पता चलता है।

झारखंड विधानसभा में 81 सदस्य हैं। 41 सदस्यों के साथ सरकार बन सकती है। झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के 47 सदस्य हैं, भाजपा के 25, और आजसू पार्टी के तीन सदस्य हैं। शेष सीटें राकांपा, एक वामपंथी पार्टी और तीन स्वतंत्र सदस्यों द्वारा साझा की गयी हैं।

झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन चिंतित था कि भारतीय जनता पार्टी उनके सदस्यों को लालच देकर उनकी सरकार को अस्थिर कर देगी। नये मुख्यमंत्री के शपथ लेने तक एहतियात के तौर पर विधायकों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। दलबदल की समस्याओं ने राजनीतिक व्यवस्था को त्रस्त कर दिया है। रिज़ॉर्ट राजनीति एक और मुद्दा है जिस पर ध्यान देने की ज़रूरत है।

झारखंड में अस्थिरता के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका लगा है। इंडिया ब्लॉकके भीतर एकता की कमी के कारण गठबंधन में दरारें अधिक स्पष्ट हो गयी हैं। नीतीश कुमार की पार्टी के इंडिया गुट से अलग हो जाने के बाद ममता बनर्जी की घोषणा कि उनकी टी.एम.सी. पश्चिम बंगाल में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, और पंजाब में स्वतंत्र रूप से चलने के आम आदमी पार्टी (आप) के फैसले ने समूह की एकता के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के बीच तनावपूर्ण रिश्तों ने स्थिति और भी खराब कर दी है।

विपक्ष का आरोप है कि मोदी सरकार विपक्ष के कई नेताओं की केन्द्रीय जांच एजंसियों से जांच करा रही है। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के पिनाराई विजयन, एनसीपी के शरद पवार, झामुमो के हेमंत सोरेन, डीएमके के नेता एम के स्टालिन और कांग्रेस के कई नेता भी शामिल हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बड़े राज्यों को विभाजित करके तीन छोटे राज्यों की स्थापना की थी- मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़, बिहार से झारखंड और उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड। मुख्य लक्ष्य इन क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना था। हालांकि, दो दशक बाद भी, ये राज्य अभी भी अस्थिरता और विकास की कमी का अनुभव कर रहे हैं। मात्र एक छोटे राज्य का निर्माण बेहतर जीवन की गारंटी नहीं है।

अब यह आकलन करने का समय आ गया है कि क्या छोटे राज्यों ने अपनी स्थापना का उद्देश्य हासिल कर लिया है। लोगों के लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं। विधायकों के पाला बदलने से छोटी सभाएं अस्थिरता पैदा कर सकती हैं। छोटे राज्यों में, चुनाव अक्सर स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। छोटे दलों और स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले क्षेत्रीय नेताओं के बीच प्रतिनिधित्व को विभाजित करते हैं। इसके अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं जो लोगों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

छोटे राज्यों की स्थिरता विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है। छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होता है। झारखंड में क्षेत्रीय दलों पर निर्भर राष्ट्रीय दलों के साथ बहुदलीय प्रणाली अस्थिरता और दलबदल को जन्म दे सकती है।

चुनावों में जब किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है, तो यह छोटे और बड़े राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। सांसदों को दल बदलने से रोकने के लिए दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया। हालांकि, यह कानून अक्सर विफल हो जाता है क्योंकि कुछ विधायक धन और बाहुबल से प्रलोभित होते हैं।

व्यापक चुनाव सुधारों को लागू किया जाना चाहिए और चुनावों के लिए राज्य वित्त पोषण प्रदान किया जाना चाहिए। चुनाव प्रणाली की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों को व्यावहारिक समाधान खोजने होंगे।

## पावन प्रसंग

## बच्चों को निरर्थक न डराएं

किसी भी रूप में बच्चों को डराने की प्रवृत्ति बहुत ही हानिकारक सिद्ध होती है। इन बातों से बालक के कोमल मन पर भय की भावना इतनी दृढ़ता से जम जाती है कि वह जीवन भर नहीं छूट पाती। वह अंधेरे में, अकेले में डर महसूस करता है। अंधेरे में कोई कपड़ा या वस्तु हवा से हिलती-डुलती देखकर उसकी घिग्घी बंध जाती है। जिन वस्तुओं का नाम लेकर डराया जाता है, यथा कुत्ता, बिल्ली, बंदर, भालू, सांप, छिपकली इनके संपर्क में आते ही बालक होशोहवास खो बैठता है। भयावनी कहानियां उसकी विचारधारा और कल्पनाओं को उसी दिशा में मोड़ देती हैं, जिससे बालक अकारण ही कई भयप्रद कल्पनाओं और विचारों से भयभीत होता रहता है। एत दूसरे ढंग से भी मां-बाप बच्चों में भय की भावना पैदा करते हैं। बातचीत में, व्यवहार में बच्चों के साथ सख्ती से पेश आना, उन्हें झिड़क देना भी बच्चों को दूसरे ढंग से भयभीत बना देता है। ऐसा बालक बात बात में दूसरों से डरने लगता है। कुछ करने से पूर्व झिझकता है। धीरे-धीरे यह भय इतना बढ़ जाता है कि वह कुछ नहीं कर पाता।

कई बार किसी पराजय अथवा कटु अनुभव होने पर बालक को चिढ़ाना, धिक्कारना, उस पर व्यंग्य कसना भी उसके साहस को कमजोर करना है। कुछ करने से पहले ही असफलता की, हानि की भविष्यवाणी कर देना भी बच्चों में एक प्रकार का भय पैदा करता है, जिससे बालक फिर इस तरह के कामों में हाथ डालने पर सहम जाता है और वह अपना बढ़ा हुआ पैर तक पीछे हटा लेता है। दिनभर दिए जाने वाले भयप्रद संकेत देख ऐसा मत करना, अमुक वस्तु को मत छूना, शीशा मत तोड़ देना आदि आदेश जो भय दिखाते हुए दिए जाते हैं और भूल हो जाने पर जब बच्चे को डांट फटकार सुननी पड़ती है, तो बालक निर्भय होक बर कुछ नहीं कर पाता।

आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों में भय की भावनाओं को पैदा ही नहीं होने देना चाहिए। कदाचित किसी रूप में भय पैदा हो भी जाए तो माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बालक की स्थिति का मनोवैज्ञानिक अध्ययन करके तुरंत उसके मन से भय को दूर करें। यदि अंधेरे में या किसी स्थान विशेष पर बालक जाने से डरे तो उसे प्रेम के साथ अपना पूर्ण संरक्षण प्रदान करें। कोई वस्तु टूट-फूट जाए, कोई नुकसान हो जाए, बालक को कोई असफलता मिल जाए तो उसे आप कभी न टोकें, न कोई दोष दें और न मीन-मेख ही निकालें। गिरे हुए बालक को कोसने के बजाय उसे उठने, असफल हो जाने पर सफलता के लिए प्रोत्साहित कीजिए, खतरों दुर्घटनाओं के लिए उसे डांट-फटकार करने की अपेक्षा उसका हौसला बढ़ाएं। तभी जीवन उसका आने वाली बहुत सी असफलताओं, दुर्घटनाओं, कठिनाइयों को झेल सकेगा। बच्चों से जो नुकसान हो गया, वह तो पूरा होने का नहीं। व्यर्थ ही उन्हें भयभीत करना, डांटना उनके मनोबल को क्षीण कर देना है। अतः बच्चों को उनकी भूलों पर, असफलता पर असावधानी पर शर्मिन्दा न करें, उन्हें न कोसें। बच्चों को भूलकर भी ऐसी कहानियां प्रसंग न सुनाएं जिनमें भूत-प्रेत, चुड़ैल, हौव्वा जैसी काल्पनिक, लेकिन भयानक बातों की प्रधानता हो। इसके स्थान पर उन्हें इतिहास के वीरों की, महान पुरुषों की, साहस- शौर्य, की घटना, कथाओं को सुनाया जाए। उनके संरक्षण में रहकर निडर रहता है।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

## विद्यार्थी तनाव से दूर रहकर बिना बाधा के परीक्षा दे सके ऐसी व्यवस्था हो

देश में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहकर परीक्षा देने के लिए कई तरह की व्यवस्था की जा रही है। बिना बाधा के परीक्षा दे सके उसके लिए सरकार हर तरह की व्यवस्था और सुविधा उपलब्ध करा रही है। किसी भी चीज को प्रामाणिक रूप से समझने के लिए हमारे पास दो दृष्टिया होती है। एक वैज्ञानिक दृष्टि और दूसरी आध्यत्मिक दृष्टि। परीक्षा खण्ड में प्रवेश से पहले विद्यार्थी घबराने लगता है। बोर्ड का नाम सुनते ही परीक्षार्थियों को डर सताने लगता है लेकिन डरने की जरूरत नहीं है। भयमुक्त वातावरण बनाकर परीक्षा कैसे दी जाती है उसके लिए भी श्री मोदी ने आनलाइन चर्चा का आयोजन किया था। इसमें कई छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव का शिकार हो जाते है। कई तो भय के कारण आत्महत्या तक कर लेते है। यह गलत धारणा है। जीवन में कोई किसी भी प्रकार का व्यवधान, गड़बड़ी या बैचेनी का पैदा होना तनाव है। परीक्षा का नाम आते ही परिस्थितियां हमारी जीवन धारा को अस्त-व्यस्त कर देती है। परिवर्तित कर दे, घुमाव या मुड़ाव या विकृति पैदा कर दे, वे सभी तनाव को पैदा करने वाली परिस्थितियां कहलाती है। दबाव तंत्र को प्रभावित करने वाली परिस्थिति जब हमारे सामने होती है तो हम घबरा जाते हैं। जब विद्यार्थी कोई विशेष विधि से कार्य करना चाहता है तो दूसरी शक्ति उसे ऐसा करने से रोकती है। यही तनाव है और यह चित विक्षेप करता है। इसमें परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी भयग्रस्त होकर प्रश्नों के जवाब भूल जाते हैं। मन का कड़ापन शरीर में गांठें पैदा करता है। इस प्रकार तनाव में खिंचाव कड़ापन दबाव में अनुचित मार्ग अपना लेता है। ऐसे समय विद्यार्थी की ऊर्जा शक्ति का ह्रास होता है। तनाव सबसे पहले मन में जन्म लेते हैं फिर यही हमारी संपूर्ण काया में अपना जाल बिछाते हैं। देखते-देखते छात्र-छात्राएं इन तनावों के तेवरों से बच नहीं सकते है। विद्यार्थी मानव विचारों भावनाओं तथा धारणाओं के भार से जितना दबा रहता है उतना ही वह तनावों से घिरा रहता है। मानसिक तनाव मन को सुस्त करते हैं जबकि शारीरिक तनाव तन को अस्वस्थ करते हैं। परीक्षार्थियों को सुस्त और अस्वस्थ रखना ही तनावों की नियति है। इनके तेवरों से विद्यार्थी त्रस्त है। विद्यार्थियों को चाहिए कि तेवरों के स्वरूपों को ठीक-ठीक समझे और निडर होकर परीक्षा खण्ड में जाकर परीक्षा दे। सरकार तनाव को दूर करने के लिए हेल्पलाइन और पुस्तिका में मनोचिकित्सक के मार्गदर्शन के टिप्स भी दे रही है जिससे किसी भी समस्या के निवारण के लिए संपर्क किया जा सके। परीक्षा केंद्र में दवाइयां और फर्स्ट एड की सुविधा देने की भी तैयारी देश के शहरों और कस्बों में की जा रही है। यातायात की समस्याओं से विद्यार्थियों को परेशानी नहीं हो, उसके लिए पूर्व में व्यवस्था होगी। यह भी विद्यार्थियों के तनाव के कारण हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालयः फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेलः deshbandhudelhi@gmail.com वेबः www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## रूस में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के चालक दल के सदस्य का शव बरामद

**मॉस्को।** रूसी बचावकर्मियों ने सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए रूसी एमआई-8 हेलीकॉप्टर के चालक दल के सदस्यों में से एक का शव बरामद किया है। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालक दल के अन्य दो सदस्यों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि तीन चालक दल के सदस्यों के साथ रूसी एमआई -8 हेलिकॉप्टर एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान करेलिया गणराज्य में वनगा झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

# पाकिस्तानी नौसेना ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों की मदद की

**■ पाकिस्तानी सेना ने बयान जारी कर दी जानकारी ■ तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था जहाज**

**इस्लामाबाद,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचायी है।



पाकिस्तानी सेना द्वारा सोमवार रात जारी एक बयान में कहा गया कि भारतीय जहाज 'सैस फाइव' से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था। यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया।

संयुक्त ऑपरेशन ने न केवल इंजन की समस्या को ठीक किया बल्कि चालक दल के सदस्यों को महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता भी प्रदान की।

## आईएमएफ ने पाकिस्तान की अंतरिम सरकार के प्रस्तावों को लेकर नरम रुख अपनाया

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने औद्योगिक बिजली की कीमतों को कम करने, सर्कुलर ऋण के पांचवें हिस्से का निपटान करने और पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) के 268 अरब रुपये का कर्ज चुकाने के पाकिस्तान की अंतरिम सरकार के प्रस्तावों का समर्थन नहीं किया है, जो सार्वजनिक ऋण का हिस्सा है। यह जानकारी मीडिया की खबरों में दी गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि आईएमएफ ने यह भी पूछा कि अंतरिम सरकार जल्दबाजी क्यों दिखा रही है, जब पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पहले ही उसे पीआईए के निजीकरण पर कोई निर्णायक कार्रवाई करने से रोक दिया है। वैश्विक ऋणदाता ने तीन प्रमुख प्रस्तावों की आर्थिक और कानूनी व्यवहार्यता के बारे में अधिक जानकारी मांगी। आईएमएफ ने लगातार दो आभासी बैठकें कीं, लेकिन उनके नतीजे पाकिस्तानी अधिकारियों की उम्मीदों से कम रहे।

# किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित



**लंदन,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन के किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। राजमहल बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजमहल की ओर से जारी बयान के मुताबिक किंग्स चार्ल्स तृतीय प्रोस्टेट के इलाज के तुरंत बाद यह पता लगा कि वे कैंसर से ग्रसित हैं। पैलेस के एक प्रवक्ता ने कहा, किंग्स चार्ल्स तृतीय का प्रोस्टेट वृद्धि के लिए इलाज किया गया है। बाद में यह भी पता चला कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंग्स का आज नियमित उपचार शुरू हुआ है और इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने तथा सार्वजनिक कर्तव्यों को स्थगित करने की सलाह दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने बयान में कहा कि वह किंग्स चार्ल्स तृतीय के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह कुछ ही समय में स्वस्थ्य हो कर वापस आ जाएंगे। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की कामना करेगा। किंग्स चार्ल्स तृतीय ने इलाज शुरू करने के लिए सोमवार सुबह नॉरफ़ॉक के सैंड्रिंघम से लंदन आए।

## *मोदी ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की*

***नई दिल्ली।*** *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपनी और भारत के लोगों की ओर से ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। गौरतलब है कि ब्रिटेन के शाही परिवार ने सोमवार को बताया कि 75 वर्षीय सम्राट कैंसर से पीड़ित हैं। इस सूचना को सार्वजनिक करने वाली एक पोस्ट के जवाब में, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं भारत के लोगों के साथ महामहिम किंग चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।*

## सुडोकू 6459

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6459

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. पहिये आदि के बीच का भाग, केन्द्र, धुरी, नाभि
३. जिसे उसके पद से हटा दिया गया हो
५. पेट, जठर
६. मनोरंजक दृश्य, खेल आदि
७. संदेहास्पद (उर्दू)
८. ठुकराना, ठोकर लगाना (मुहावरा)
१३. बदचलन, पतित
१५. माफ किया गया
१६. जौहरी, श्रृंगार रस, पारा
१७. प्रार्थना, निवेदन
१८. किंचित, थोड़ा
२०. कृषक, किसान
२२. फायदेमंद
२३. थकान, शारीरिक शिथिलता

**ऊपर से नीचे:-**

१. एक तरह का बड़ा नींबू
२. मदिरालय (उर्दू)
३. भले-बुरे को पहचानना, समझना
४. नटना
५. बराबरी, तुलना
९. लेखादि का विषय (उर्दू)
१० गर्व, नाज
१२. पेड़, तरू
१३. भीतरी, अंदरूनी
१४. अपरिमित (उर्दू)
१७. जहरीला
१९. बेजान. निष्प्राण
२०. अफसोस, दुख
२१. एक प्रकार का वाहन

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : बुधवार 7 फरवरी, 2024 माघ कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष -आज आपको अपने गुस्से पर काबू रखने की जरुरत है। आपका क्रोध किसी भी काम या संबंध को बिगाड़ने का कारण बन सकता है। शरीर में स्फूर्ति का अभाव रहेगा।

वृषभ -काम में विलंब से सफलता मिलेगी। शारीरिक अस्वस्थता के कारण आप हताशा की भावना का अनुभव करेंगे। अत्यधिक काम के बोझ से थकान और मानसिक बेचैनी रहेगी। प्रवास में विघ्न आने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन -शारीरिक और मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। परिजनों तथा मित्रों के साथ प्रवास एवं पार्टी का आयोजन होगा। आज आपके पास मनोरंजन के सभी साधन उपलब्ध होंगे।

कर्क -आज के दिन आपको खुशी और सफलता मिलेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में सुख-शांति से दिन व्यतीत करेंगे। नौकरी करने वालों को लाभ होगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। काम में यश मिलेगा।

सिंह -लेखन और साहित्य के क्षेत्र में कुछ नए सृजन करने की आपको प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थी अध्ययन में उत्तम प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रेम में सफलता और प्रिय व्यक्तियों के साथ आपकी मुलाकात से मन खुश रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

कन्या -आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं के साथ तैयार रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा। मन चिंताओं से घिरा रहेगा। माता से संबंधों में तनाव होगा अथवा उनकी तबीयत खराब होगी।

तुला -नए काम की शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है। भाग्यवृद्धि और धनलाभ की संभावनाएं हैं। पारिवारिक या व्यावहारिक काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। धार्मिक प्रवास का सफल आयोजन होगा। विदेश से शुभ समाचार मिलेगा।

वृश्चिक -आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सगे-संबंधियों और मित्रों का आगमन होगा। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। धार्मिक काम के पीछे खर्च होगा। अलंकारों तथा सुगंधित पदार्थों की खरीदारी होगी।

धनु -आज के दिन आप अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखें। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसी तीर्थयात्रा पर जाना हो सकता है। सगे संबंधियों और मित्रों के आने से मन खुश रहेगा।

मकर -आज सावधानी बरतें। अधिक परिश्रम में कम सफलता मिलने से निराशा की भावना पैदा होगी। पारिवारिक वातावरण भी अशांत रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। दुर्घटना से बचें। व्यावसायिक कामों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा।

कुंभ -आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपको फायदा होगा। मित्रों के साथ भेंट होने से मन में आनंद छाया रहेगा। उनके साथ प्रवास का आयोजन भी हो सकता है। नए काम की शुरुआत आपके लिए लाभदायी रहेगा।

मीन -व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आपकी कार्यसफलता के कारण अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में पदोन्नति के भी योग है। व्यापारियों को व्यापार में लाभ मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## श्रीलंका पुलिस ने 50 दिनों में 56,000 से ज्यादा संदिग्धों को किया गिरफ्तार

**कोलम्बो,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। श्री लंका में राष्ट्रीय अपराध विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 50 दिनों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के मामले 56,000 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से 49,558 को मादक पदार्थ संबंधी मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य लोगों को अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका पर गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संदिग्धों की जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 72.5 करोड़ रुपये (लगभग 23 लाख अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। इसके साथ ही जब्त दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य 7.73 अरब रुपये (लगभग 2.5 करोड डॉलर) बताया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका पुलिस ने देश में मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गत 17 दिसंबर से एक अभियान की शुरूआत की है।




# पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल



**क्वेटा,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के औद्योगिक शहर के पास में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने प्रस्तावित मतदान केंद्रों सहित छह अन्य स्थानों पर भी सोमवार को ग्रेनेड हमले किए। डॉन समाचारपत्र ने पुलिस के हवाले से मंगलवार को कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने जुम्मा खान होटल के पास पीपीपी के बलूचिस्तान विधानसभा उम्मीदवार मीर अली हसन जेहरी के चुनाव कार्यालय पर हमला किया। विस्फोट चुनाव शिविर के करीब हुआ, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्चों को हब के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब ग्रेनेड विस्फोट हुआ तब श्री जेहरी चुनाव शिविर में मौजूद नहीं थे। बाद में घायल बच्चों को कराची के जियाउद्दीन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एक और ग्रेनेड हमला पीपीपी उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर हुआ जो चुनाव कार्यालय के करीब ही फट गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ तथा इसमें केवल शिविर क्षतिग्रस्त हुआ।

## खैबर पख्तूनख्वा में दो आतंकवादी ढेर

**उत्तरी वजीरिस्तान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सेना की कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गये । सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद कल रात अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

# रूस-तुर्किए के बीच होगी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा



**अंकारा,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन श्री पुतिन की आगामी तुर्किए यात्रा के दौरान राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने तुर्किए के राष्ट्रपति प्रशासन के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पहले कहा था कि श्री पुतिन फरवरी में तुर्किए का दौरा करेंगे। सूत्र ने कहा, यह आर्थिक एजेंडे में से एक है। नेता हमेशा इस विषय को हैं और प्रासंगिक आंकड़ों में रुचि रखते हैं। निस्संदेह, हमारी मुद्राओं (लीरा और रूबल) में व्यापार के क्षेत्रों के विस्तार पर द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाएं हैं और इस पर चर्चा की जाएगी।

## सेना के बारे में फर्जी बातें करने के आरोप में लेखक अकुनिन गिरफ्तार

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत के आदेश के बाद आतंकवाद के आह्वान और रूसी सशस्त्र बलों के बारे में फर्जी खबरें फैलाने के आरोप में प्रमुख लेखक ग्रिगोरी चकर्तिशविली को गिरफ्तार किया गया है। लेखक को बोरिस अकुनिन (आतंकवादी एवं चरमपंथी के रूप में सूचीबद्ध) के नाम से भी जाना जाता है। अदालती सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मॉस्को के बासमनी जिला न्यायालय के एक फैसले के बाद अकुनिन को गिरफ्तार किया गया है।

## अमेरिका गठबंधन बल का उत्तरी यमन पर हवाई हमला

**सना,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल ने मंगलवार तड़के पहले यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल-मसीरा मीडिया के अनुसार हमलों में प्रांत की राजधानी के पूर्वी हिस्से में साइटों को निशाना बनाया गया। हवाई हमले लाल सागर की ओर एक कथित मिसाइल हमले के बाद हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यमन में दो हाउती विस्फोटक गैर-चालक दल वाले वाहनों पर हमला किये जाने की पुष्टि की और कहा कि यह हमला क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारी जहाजों के लिए एक आसन्न खतरे के मद्देनजर किया गया।

सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हवाई हमले 12 जनवरी से वाशिंगटन और लंदन की ओर से जारी सैन्य प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं, जिसमें सना और अन्य उत्तरी प्रांतों के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों को लक्षित किया गया है। कथित तौर पर ये कार्रवाई लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन पर हाउती हमलों के प्रतिशोध में हैं। गौरतलब है कि हाउती का दावा है इजरायली जहाजों और इजरायल जाने वाले जहाजों को निशाना बनाया जा रहा है।

## आज का इतिहास

1831- बेल्जियम में संविधान लागू हुआ।
1845- ब्रिटिश म्यूजियम में रखा बेशकीमती पोर्टलैंड वास यानी फूलदान एक शराबी विलियम फ्लॉयड की वजह से गिर गया था और उसके 80 टुकड़े हो गए थे।
1856- अवध के नवाब वाजिद अली शाह को ईस्ट इंडिया कंपनी ने गद्दी छोड़ने पर मजबूर किया और पूरे अवध पर कंपनी का कब्जा हो गया।
1915- पहली बार चलती ट्रेन से भेजा गया वायरलेस मैसेज रेलवे स्टेशन को मिला।
1939- लंदन में फिलिस्तीन कांफ्रेस शुरू। प्रधानमंत्री चैंबरलेन ने यहूदियों और अरब प्रतिनिधियों के बीच सुलह सफाई का अनुरोध किया।
1940- ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण हुआ।
1959- फिदेल कास्त्रो ने क्यूबा में नए संविधान की घोषणा की।
1962- राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने क्यूबा पर पूर्ण व्यापारिक प्रतिबंध लगाया।
1962- जर्मनी की एक कोयला खदान में विस्फोट से 298 मजदूरों की मौत हुई।
1964- ब्रिटेन के म्यूजिक बैंड बीटल्स का अमेरिका आगमन। उनके शो को करोड़ों लोगों ने देखा।
1969- अल फतह के नेता यासर अराफात फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) के अध्यक्ष बने।
1974- ग्रेनाडा को ब्रिटेन से आजादी मिली।
1983- कलकत्ता में इस्टर्न न्यूज एजेंसी की स्थापना हुई।

**जांच** *संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने की घोषणा*

# यूएनआरडब्ल्यूए पर लगे आरोपों की जांच करेगी समिति

**संयुक्त राष्ट्र, 6 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) की तटस्थता के संबंध में आरोपों की जांच के लिए सोमवार को एक स्वतंत्र समिति गठित की। श्री गुटेरेस ने यूएनआरडब्ल्यूए के कमिश्नर जनरल फिलिप लजारिनी के परामर्श से इस महत्वपूर्ण समीक्षा का नेतृत्व फ्रांस की पूर्व विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना को सौंपा है।**

पैनल तीन प्रतिष्ठित अनुसंधान संगठनों-स्वीडन में राउल वॉलेनबर्ग इंस्टीट्यूट नॉर्वे में मिशेलसन इंस्टीट्यूट और डेनिश इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन राइट्स को शामिल किया गया है, जो सुश्री कोलोना की सहायता करेंगे। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक बयान में इस समीक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, समीक्षा समूह का काम यह आकलन करना है कि क्या एजेंसी तटस्थता सुनिश्चित करने और गंभीर उल्लंघनों के आरोपों का जवाब देने के लिए अपनी शक्ति के तहत सब कुछ कर रही है। श्री फिलिप ने इस संबंध में अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा, मैं रिपोर्ट के निष्कर्ष और सिफारिशों की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जिसे सार्वजनिक किया जाएगा। सुश्री कोलोना की टीम 14 फरवरी को



■ **गुटेरेस ने फ्रांस की पूर्व विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना को सौंपा जिम्मा**

अपना काम शुरू करेगी और मार्च के अंत तक अंतरिम रिपोर्ट और अप्रैल के अंत तक अंतिम रिपोर्ट पेश कर सकती है। आरोपों को संबोधित करने में पारदर्शिता की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए जांच के नतीजे सार्वजनिक किए जाएंगे। श्री फिलिप ने इस बाहरी समीक्षा का अनुरोध किया था, जो जवाबदेही के प्रति एजेंसी के समर्पण को दर्शाता है। समीक्षा समूह के लिए संदर्भ की शर्तें व्यापक हैं, जिसमें मौजूदा तंत्र और प्रक्रियाएं, व्यवहार में उनका कार्यान्वयन और परिचालन, राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ में उनकी पर्याप्तता शामिल है। संरा महासचिव ने उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का उल्लेख किया, जिनमें यूएनआरडब्ल्यूए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ये आरोप ऐसे समय में लगाए गए हैं, जब यूएनआरडब्ल्यूए गाजा पट्टी में 20 लाख लोगों को जीवन-रक्षक सहायता प्रदान करने के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम कर रहा है।

## वर्ग पहेली-6458


| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ दा | र | ■ | ■ | ३ श | वा | ४ स | न |
| मा | ■ | मो | ■ | ५ सा | बि | त | ■ | मा | ■ |
| ६ व | जू | द | ■ | ध | ■ | ७ द | र्द | ना | क |
| स्या | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | थीं | |
| ■ | १० अ | ■ | यं | ■ | ■ | ■ | ११ प्रा | ■ | १२ इ |
| १३ वि | दा | र | क | ■ | १४ प | ■ | १५ ची | ख | ना |
| ■ | ल | ■ | १६ र | स | रा | ज | ■ | ■ | य |
| १७ अं | त | स | ■ | ■ | ज | ■ | १८ औ | १९ स | त |
| ब | ■ | ■ | २० हि | दा | य | २१ त | ■ | जी | ■ |
| २२ र | वा | य | त | ■ | ■ | २३ य | म | व | रा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# अपने तरीके से वसंत त्योहार मनाते हैं चीनी किसान

**बीजिंग,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। चीन के परंपरागत वसंतोत्सव की पूर्व संध्या में स्प्रिंग फेस्टिवल गाला का आयोजन होता है, जो चीनी लोगों के लिए बेहद अहम माना जाता है। वसंत त्योहार मनाने के लिए चीन के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान सांस्कृतिक समारोहों का आयोजन भी करते हैं। सभी कार्यक्रम किसानों द्वारा स्व-लिखित, स्व-निर्देशित होते हैं। किसानों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम असली जीवन से घनिष्ठ रूप से संबंधित होते हैं, जिससे ग्रामीण संस्कृति जाहिर होती है। कार्यक्रम तैयार करने के जरिए किसान आपस में संपर्क मजबूत कर सकते हैं और मित्रता बढ़ा सकते हैं। अब ग्रामीण क्षेत्रों में वसंत त्योहार की खुशियां ऑनलाइन मंच पर भी महसूस की जा सकती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसानों द्वारा प्रदर्शित कार्यक्रम लोकप्रिय होने लगे हैं।



# प्रादेशिकी

## मसीह पहले बना भाजपा का मसीहा, अब बनेगा बलि का बकराः बंसल

**चंडीगढ़,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद पवन कुमार बंसल ने उच्चतम न्यायालय द्वारा चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हुई धांधलियों में चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को आड़े हाथ लेने पर कहा है कि वह तो सिर्फ एक मोहरा है, जो पहले भारतीय जनता पार्टी के लिये मसीहा बना, और उसके लिये बलि का बकरा भी बनेगा। श्री बंसल ने मंगलवार कहा कि मेयर चुनाव में हुये लोकतंत्र के कत्ल के लिये अब अकेले अनिल मसीह को दोषी ठहरा दिया जायेगा, जबकि असल में इस खेल को चलाने वाले भाजपा के कई बड़े चेहरे हैं। तीस जनवरी के दिन चुनाव के समय की नयी वीडियो सामने आई है, जिसमें साफ तौर पर भाजपा के पार्षद कंवरजीत राणा, नामित पार्षद सतिंदर सिद्धू, भाजपा पार्षद हरजीत सिंह, कुलजीत संधू, भाजपा के एक और नामित पार्षद अमित जिंदल, पूर्व मेयर अनूप गुप्ता ये सभी अनिल मसीह के ऊपर से कैमरा हटवाते नज़र आ रहे हैं।

# उत्तराखंड यूसीसीः विवाह के सभी कानून और प्रथाएं होंगी निष्प्रभावी

**देहरादून,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश का पहला कॉमन सिविल कोड बिल आज विधानसभा के पटल पर पेश कर दिया। इस बिल के लागू होने के बाद उत्तराखंड में विवाह के सभी कानून, प्रथाएं और रूढ़ियां निष्प्रभावी हो जाएंगी। विवाह, लिव इन रिलेशनशिप और विवाह विच्छेद का पंजीकरण अनिवार्य हो जाएगा। कोई भी एक पति या पत्नी के रहते दूसरा विवाह नहीं कर पाएगा। लिव इन रिलेशनशिप से पैदा बच्चा वैध माना जाएगा। संपत्ति में बेटियों को बराबर का हक मिलेगा। उत्तराधिकार के नियम पर कड़े कर दिए गए हैं। हाथ में संविधान का प्रति लेकर लेकर विधानसभा पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कॉमन सिविल कोड का बिल सदन के पटल पर पेश कर दिया। 202 पेज के इस बिल में विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, गोद लेने का अधिकार, लिव इन रिलेशनशिप, विवाह पंजीकरण पर विस्तार से नियम बनाए गए हैं। जानकारों का कहना है कि इस बिल के लागू होने के बाद उत्तराखंड में विवाह के अन्य सभी कानून, रूढ़ियां या प्रथाएं स्वत: ही निष्प्रभावी हो जाएंगी। यह कानून राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के सभी नागरिकों पर भी लागू होगा। अलबत्ता अनूसूचित जनजाति के लोगों और समूहों पर यह कानून लागू नहीं होगा।

- विवाह का पंजीकरण न कराने पर सजा व जुर्माना
- विवाह से एक साल पहले नहीं हो सकेगा विच्छेद
- राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखण्ड के सभी नागरिकों पर लागू होगा यह बिल




नए कानून में सभी विवाहों पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। लिव इन रिलेशनशिप के लिए भी पंजीकरण जरूरी कर दिया गया है। विवाह के लिए पुरुष की उम्र 21 और महिला के लिए न्यूनतम 18 वर्ष कर दी गई है। पंजीकरण के लिए सचिव स्तर का अधिकार महानिबंधक और एसडीएम स्तर का अधिकारी निबंधक होगा। उप निबंधक भी नियुक्त किए जाएगा। ये अधिकारी किसी सूचना या शिकायत पर भी विवाह या लिव इन रिलेशन के पंजीकरण के लिए नोटिस जारी कर सकेंगे। नोटिस के एक माह बाद तक पंजीकरण के लिए आवेदन न करने पर 25 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा।

आपसी सहमति से भी विवाह विच्छेद हो सकेगा। लेकिन शर्त यह होगी कि विवाह को एक साल से अधिक का वक्त हो चुका हो। इसका उल्लंघन करने पर 50 हजार का जुर्माना और छह माह की सजा हो सकती है। हलाला जैसी रूढ़ि के मामलों में तीन वर्ष की सजा और एक लाख का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसे संज्ञेय अपराध में शामिल कर दिया गया है।


### लिव इन रिलेशन का पंजीकरण भी होगा अनिवार्य

देहरादून। लिव इन रिलेशन का पंजीकरण भी अनिवार्य कर दिया गया है। तय किया गया है कि अगर कोई पुरुष या महिला पहले से विवाहित है या किसी अन्य के साथ इस तरह के लिव इन रिलेशन में है तो उनका पंजीकरण नहीं किया जाएगा। इस रिलेशन के बारे में अभिभावकों को भी सूचित किया जाएगा। इस रिलेशनशिप से पैदा होने वाले बच्चे को वैध माना जाएगा और उसे उत्तराधिकारी माना जाएगा। लिव इन रिलेशन को दोनों की सहमति से समय से पहले भी समाप्त किया जा सकता है। यह संबंध खत्म होने पर महिला को भरण पोषण का अधिकार होगा। एक माह तक पंजीकरण न कराने पर तीन माह की सजा और 10 हजार का जुर्माना होगा। गलत तथ्यों के साथ पंजीकरण कराने पर तीन माह की सजा और 25 का जुर्माना होगा।

### विवाह विच्छेद का मामला विचाराधीन होने पर महिला को भरण पोषण का अधिकार होगा

देहरादून। विवाह विच्छेद का मामला विचाराधीन होने पर महिला को भरण पोषण का अधिकार होगा। विच्छेद के बाद हैसियत के अनुसार भरण पोषण की राशि तय की जाएगा। इस भरण पोषण में मेहर और स्त्रीधन को शामिल नहीं किया जाएगा। इस कानून में प्रतिबंधिक नातेदारी की सूची भी शामिल गई है। इसमें महिला और पुरुष की 37-37 श्रेणियों को शामिल किया गया है। यानि कि इनके बीच आपस में विवाह नहीं हो सकेगा। महिला के दोबारा विवाह करने में कोई शर्त नहीं है। बहु विवाह पर रोक लगाई गई है। यानि पति या पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी नहीं हो सकती है। जानकारों का कहना है कि इस कानून से कुछ चीजों पर कोई फर्क नहीं होगा। मसलन विवाह की धार्मिक मान्यताओं और धार्मिक रीति-रिवाज पर असर नहीं होगा। खान-पान, पूजा-इबादत, वेश-भूषा पर प्रभाव नहीं होगा।





## संविधान की मूल प्रति हाथों में लेकर विधानसभा पहुंचे सीएम धामी

**देहरादून,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड असेंबली में यूसीसी बिल मंगलवार को पेश हो गया है। इससे पहले उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी का अनोखा अंदाज दिखाई दिया। सीएम धामी भारत के संविधान की मूल प्रति हाथों में पकड़कर विधानसभा पहुंचे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व प्रेमचंद अग्रवाल भी सीएम के साथ मौजूद थे। उनके हाथों में समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट की प्रति थी। दरअसल, आज भारत के बाकी 27 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की नजर उत्तराखंड पर है। आजादी के बाद उत्तराखंड देश का पहला राज्य होने जा रहा है जहां यूसीसी लागू होगा। गोवा में पुर्तगालियों के समय से यूसीसी लागू है। ऐसे में देश के अन्य राज्य भी आगे यूसीसी लागू करने पर विचार करेंगे। रिटायर्ड जज रंजना देसाई की अध्यक्षता में यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। जाहिर है एक महिला ही महिलाओं के सामने आने वाली दिक्कतों को बेहतर समझ सकती है। इसके साथ ही समाज में धर्म के नाम पर व्याप्त अन्य असमानताओं को भी यूसीसी के जरिए दूर करने की कोशिश की जा रही है। उत्तराखंड की धामी सरकार जो यूसीसी बिल पेश किया है उसमें सभी धर्म के विवाह के लिए न्यूनतम आयु भी 18 वर्ष तय की गई है। ऐसा होने से बेटियों के कम उम्र में शादी की व्यवस्था को खत्म हो जाएगी। ड्राफ्ट में शादी के पंजीकरण को भी आवश्यक किया गया है। इससे भविष्य की सुरक्षा तय हो पाएगी। शादी को लेकर महिलाओं की सुरक्षा को मजबूती दी जा सकेगी। ऐसा ना करने वालों को तमाम सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

**सार संक्षेप**

### तुंगनाथ घाटी में कुटीर उद्योग से लेकर पर्यटन व्यवसाय प्रभावित

**रुद्रप्रयाग।** तुंगनाथ घाटी में अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं के साथ ही व्यापारी और स्कूली बच्चे काफी परेशान हैं। विद्युत कटौती से जहां कुटीर उद्योगों पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों पर भी इसका असर पड़ रहा है। इसके अलावा पर्यटन व्यवसाय पर भी बिजली कटौती का असर देखने को मिल रहा है। इस संबंध में प्रधान मक्कू ने डीएम को ज्ञापन भेजकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत प्रधान विजयपाल नेगी ने डीएम सौरभ गहरवार को भेजे ज्ञापन में कहा कि ऊखीमठ ब्लॉक के तुंगनाथ घाटी के गांवों में पिछले सालों की अपेक्षा इस साल ज्यादा विद्युत कटौती की जा रही है। ठंड के मौसम में उपभोक्ता भी विद्युत घोषित से खासे परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले गरीब परिवारों के पास वैकल्पिक रूप में इन्वर्टर और सोलर लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे पढ़ने वाले छात्र विद्युत कटौती के समय पढ़ सकें। कई घंटों तक हो रही विद्युत कटौती का असर लघु एवं कुटीर उद्योगों पर भी पड़ रहा है। विद्युत पर निर्भर व्यवसायी भी इससे काफी परेशान हैं। विद्युत कटौती से सीएससी सेंटरों में बनने वाले जरूरी प्रमाण पत्र और बैंकिंग कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इस अघोषित विद्युत कटौती से तुंगनाथ घाटी समेत अनेक जगह सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं।

### जिंदल को प्राकृतिक चिकित्सा व लोकोपकारी कार्यों में पद्मभूषण से सम्मानित

**देहरादून।** परोपकार एवं स्वास्थ्यसेवा के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम, डॉ. सीताराम जिंदल, को प्रतिष्ठित पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। इस खबर से पूरे भारत में खुशी की लहर फैल गई है। यह सम्मान उन्हें अभूतपूर्व परोपकारी कार्यों के लिए दिया गया है, खासकर प्राकृतिक चिकित्सा (नेचरक?योर) के क्षेत्र में। दवारहित चिकित्सा में डॉ. जिंदल का योगदान और जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट (जेएनआई) की स?थापना ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया है। 1932 में हरियाणा के नालवा गांव में जन्मे डॉ. जिंदल का प्राकृतिक चिकित्सा का कार्य विश्वविद्यालय के दिनों से ही शुरू हो गया था, जब उन्हें पेट की टीबी से जूझना पड़ा था। ऐसा लग रहा था उनकी समस्या का कोई इलाज नहीं है, फिर उन्होंने एक छोटे-से प्राकृतिक चिकित्सा क्लीनिक में शरण ली। उपवास रखने, एनीमा और दूसरे अपारंपरिक तरीकों से उन्हें आराम महसूस होने लगा। इस बदलावकारी अनुभव की वजह से प्राकृतिक चिकित्सा और योग पर उनका गहरा विश्वास हो गया। एक व्यापक नैचुरोपैथी और योग अस्पताल खोलने की सोच से प्रेरित होकर डॉ. जिंदल ने साल 1977-79 में बेंगलुरू के बाहरी इलाके में एक बड़ी जमीन खरीदी।

### सुडोकू 6459 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |

## खट्टर ने ओलावृष्टि से नुकसान की स्पेशल गिरदावरी के दिए आदेश

**चंडीगढ़,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि से हुये फसलों के नुकसान की स्पेशल गिरदावरी के आदेश दे दिये गये हैं। श्री खट्टर ने यह जानकारी मंगलवार पंचकूला में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित नैतिकता शिविर (एथिक्स कॉन्कलेव) को संबोधित करने उपरान्त पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। इस अवसर पर विधान सभा के अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन चार दिनों में हरियाणा भर में वर्षा और ओलावृष्टि हुई है। ओलावृष्टि से कई ज़िलों में फसलों का नुक्सान हुआ है। आज ही हमने ऐसे स्थानों पर स्पेशल गिरदावरी के आदेश कर दिए हैं। जिन किसानों की फसलों का नुक्सान हुआ है उनकी स्पेशल गिरदावरी करवाकर मुआवजे का भुगतान किया जायेगा।



## हरियाणा में बेरोजगारी के कारण 3783 युवा कर चुके हैं आत्महत्याः इंदौरा

**सिरसा,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा के पूर्व सांसद डा. सुशील इंदौरा ने मंगलवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि आज प्रदेश का युवा सड़कों पर है और बेरोजगारी के कारण त्रस्त है। बेरोजगारी के कारण युवा नशे और डिप्रेशन का शिकार हो रहा है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। स्थिति इतनी भयावह है कि हर घर में मां-बाप भी परेशान है, क्योंकि उनके घर का चिराग बेरोजगारी के कारण नशे, अपराध की तरफ चल पड़ा है और आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगा है।

डा. इंदौरा ने दावा किया कि रोजगार न मिलने से युवा अवैध तरीके से विदेश को पलायन करने को मजबूर है, जहां पर युवा अपनी जान तक गवां रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक बेरोजगारी के कारण हरियाणा में 2022-23 में 3783 युवाओं ने आत्महत्या की है, जो 2021-22 के मुकाबले में प्रति एक लाख 2.5 प्रतिशत अधिक है। डा. इंदौरा ने कहा कि हरियाणा में दो लाख से ज्यादा स्वीकृत पद खाली पड़े हैं, जिनपर हरियाणा सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 71000 पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं, प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 42000 और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 29000 पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग में 21500, परिवहन विभाग में 9339, पशुपालन विभाग में 5738, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग में 5073, अग्निशमन विभाग में 3320 और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में 2867 पद रिक्त पड़े हैं, लेकिन भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को भर्ती नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में लगभग 30 बार पेपर लीक हो चुका है, जो पूरे देश में कहीं नहीं हुआ। सरकार ने कौशल विकास के नाम से एक निगम बनाया है, लेकिन आज महंगाई के इस दौर में क्या 18000 रूपए में कोई अपना घर चला सकता है। स्थाई नौकरी न देकर हरियाणा के कौशल विकास के नाम पर युवाओं को बरगलाया जा रहा है। हरियाणा सरकार कौशल विकास के नाम पर युवाओं को केवल धोखा दे रही है।

## उत्तराखण्ड में गौवंश व शराब तस्करी को लेकर बनेगा कड़ा कानून

**देहरादून,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में अवैध शराब और गौवंश तस्करों के खिलाफ सख्त कानून लाने की तैयारी हो रही है। दरअसल गृह विभाग संगठित अपराध से जुड़े कानूनों में बदलाव पर विचार कर रहा है। इसके तहत विभिन्न एक्ट में गैंगस्टर का प्रावधान किया जाएगा ताकि गंभीर मामलों के अपराधियों को आसानी से राहत न मिल सके। उत्तराखंड में अब ऐसे कई कानूनों में संशोधन की तैयारी चल रही है, जिनका ताल्लुक संगठित अपराधों से है। पुलिस मुख्यालय ने इस संदर्भ में शासन को प्रस्ताव भी भेज दिया है। वैसे तो ऐसे 5 से ज्यादा एक्ट हैं। जिनमें कठोरता लाने का प्रयास है, लेकिन इसमें सबसे महत्वपूर्ण गौवंश और शराब तस्करी से जुड़े अपराध शामिल है। एक्ट में संशोधन के जरिए अब इसमें गैंगस्टर का प्रावधान किया जाएगा। खबर है कि पुलिस विभाग ने इसका एक पूरा खाका तैयार करते हुए प्रस्ताव को शासन में भेज दिया है और अब शासन स्तर पर चिंतन के बाद कैबिनेट में प्रस्ताव को लाया जाएगा। अब सवाल यह है कि आखिरकार इन तमाम अपराधों को सख्त करने की क्यों आवश्यकता पड़ रही है। तो इसका जवाब उत्तराखंड में ऐसे अपराधों को लेकर सार्वजनिक हो रहे वह आंकड़े हैं जो इन मामलों में आम लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहे हैं। प्रदेश में केवल गौवंश तस्करी या शराब तस्करी को लेकर ही पुलिस विभाग की चिंताएं नई नहीं है, बल्कि और भी कई एक्ट हैं, जिनको लेकर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के प्रयास हो रहे हैं। इनमें एनडीपीएस एक्ट में गैंगस्टर का प्रावधान किए जाने की कोशिश है। जिससे हर तरह के नशे में शामिल संगठित गिरोह को कड़ी सजा दिलाई जा सके। प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े कानून में भी गैंगस्टर में शामिल किया जाएगा। उधर नकली दवा के कारोबार, वन अधिनियम, पशु क्रूरता के मामले, जाली करंसी का धंधा और चिटफंड समेत सहकारी अधिनियम में भी गैंगस्टर को जोड़ने की कोशिश हो रही है।




- संगठित अपराधों की श्रेणी में आने से अपराधियों की बढ़ेगी मुश्किलें

## दुग्ध क्रांति के लिए संचालित योजनाओं के परिणाम है दुग्ध संघ मे भाजपा की जीतः चैहान

■ अमर नाथ तिवारी

**देहरादून,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश ने सभी दुग्ध संघ चुनावों में भाजपा के निर्विरोध जीत के परचम लहराया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चैहान ने प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जीत का श्रेय देते हुए समितियों से जुड़े सभी काश्तकारों का समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद किया है ।

चैहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य की कुल 9 दुग्ध समितियों में से 8 पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई हैं। जिसमे सभी समितियों के सभापति पद पर भाजपा प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत दर्ज की है इस एकतरफा जीत पर प्रसन्नता जताते हुए उन्होंने कहा, समिति से जुड़े काश्तकारों का यह विश्वास, पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में दुग्ध क्रांति के लिए संचालित योजनाओं के परिणाम हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की देखरेख में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में हुई रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, साथ ही हाल के वर्षों में दुग्ध खरीद के दाम भी सरकार ने बढ़ाए हैं। जिसका लाभ मिला कि किसानों को दुग्ध व्यवसाय से मिलने वाली आय में बड़े पैमाने पर बढ़ोत्तरी हुई हैं। दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों के जीवन में विभागीय प्रयासों से होने वाले बदलावों का नतीजा है कि वे धामी सरकार के साथ है। इसके अतरिक्त प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और चुनाव प्रभारी विशन सिंह चुंफाल की रणनीतिक क्षमता ने सभी समितियों को सर्वसम्मति से पार्टी के पक्ष में लाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार 5 फरवरी को प्रबंध समिति सदस्यों एवं 6 फरवरी को सभापति के चुनाव सम्पन्न हुए हैं। जिसमे खटीमा दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ से सभापति के रूप में प्रभा रावत, चंपावत सेमें प्रभा रावत, चंपावत से पार्वती रावत, पिथौरागढ़ से भावना भट्ट, अल्मोड़ा से गिरीश चंद्र खोलिया, देहरादून से भूमि सिंह, हरिद्वार से प्रमोद कुमार, श्रीनगर गढ़वाल से दीपा देवी, चमोली से मंजू देवी ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में निर्विरोध जीत दर्ज की है। पार्टी ने दुग्ध संघ चुनावों में जीत हासिल करने वाले अपने सभी सभापतियों एवं सदस्यों को बधाई दी है। साथ ही सभी काश्तकारों के कल्याण के लिए कार्य करने का भरोसा दिया है।



## रुद्रप्रयाग में बिजली कटौती से जनता परेशान

**रुद्रप्रयाग,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में बिजली की घंटों कटौती से सभी लोग परेशान हैं। जहां बिजली व्यवयाय से जुड़े लोग बिजली की कटौती से दुखी हैं तो आगामी दिनों में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे बच्चों को 21वीं सदी में लालटेन के सहारे पठन पाठन करना पड़ रहा है। इसके अलावा सरकारी कामकाज पर तो बिजली विभाग ने ब्रेक सा लगा दिया है। पहले ही विभागों में कामकाज को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों में सुस्ती देखने को मिलती है। ऊपर से उन्हें घंटों बिजली गुल होने का बहाना सा मिल गया है। बिजली की कटौती से गृहणी भी खासी परेशान नजर आ रही हैं।

दरअसल, रुद्रप्रयाग जिले में घंटों तक बिजली का गुल रहना आम बात सी हो गई है। आए दिन बिजली विभाग की ओर से सुबह से लेकर देर शाम तक घंटों बिजली की कटौती की जाती है। ऐसे में स्कूली बच्चों से लेकर बिजली व्यापार से जुड़े व्यापारी एवं सरकारी कामकाज प्रभावित हो गए हैं। बिजली कटौती के कारण तहसीलों में दूरदराज से अपने जरूरी कागजातों के लिए पहुंच रही जनता को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

जिला पंचायत सदस्य विनोद राणा, गणेश तिवाड़ी, विपिन सेमवाल ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश में ही गरीब जनता को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। एशिया की सबसे बड़ी बिजली परियोजना उत्तराखंड के टिहरी जिले में होने के साथ ही चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में काफी मात्रा में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के बाद भी बिजली की समस्या आना गरीब जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि बिजली परियोजनाओं से मंदाकिनी और अलकनंदा नदियों का अस्तित्व खतरे में हैं। बावजूद इसके यहां के लोगों को बिजली समस्या से जूझना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई चैपट हो गई है। सरकारी कामकाजों पर बिजली कटौती का बुरा असर पड़ रहा है। बिजली व्यवसाय से जुड़े लोग घंटों तक बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तहसीलों में भी बिजली गुल रहने से गरीब जनता को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली विभाग से जल्द बिजली कटौती समस्या को खत्म करने की मांग की। अन्यथा बिजली विभाग के खिलाफ केदारघाटी की जनता कभी भी सड़कों में उतर सकती है।

- लालटेन के सहारे बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने को मजबूर छात्र

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज सती ने बताया कि केदारघाटी में बिजली कटौती की समस्या बताई जा रही है। समस्या है कि जिस उपभोक्ता ने एक किलोवाट का कनेक्शन लिया है, वो दो से तीन किलोवाट का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे में लो वोल्टेज की भी समस्या हो रही है। बिजली की रोस्टिंग होने से उपभोक्ता परेशान हैं। इस समस्या के निराकरण को लेकर पिटकुल से वोल्टेज बढ़ाने से संबंधित पत्राचार किया जा रहा है। जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

## कांग्रेस ने हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों को लेकर रणनीति

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। चुनावी का बिगुल बजने से पहले कांग्रेस ने हिमाचल की चारों लोक सभा सीटों को लेकर रणनीति बनानी शुरू कर दी है।



**बैठक में हिस्सा लेने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सुबह 11 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनका एक दो दिन पहले से दिल्ली जाने का कार्यक्रम था लेकिन मौसम खराब होने की वजह से वह दिल्ली नहीं जा पाए थे। ऐसे में सोमवार को मौसम खुलते ही सीएम दिल्ली चले गए जहां पर स्क्रीनिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक थी। वहीं दूसरी तरफ प्रतिभा सिंह भी आज ही दिल्ली गई है। उनके अलावा मुकेश अग्रिहोत्री भी दिल्ली पहुंचे जिनको स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में विशेष आर्मंत्रित सदस्य के रूप में बुलाया गया था।**

- हिमाचल से लोक सभा के संभावित चेहरों पर भी चर्चा हुई

चुनावी रणनीति पर मंथन को लेकर दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की अहम बैठक हुई। प्रदेश कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भगतचरण दास ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री व पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह भी उपस्थित हुई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्क्रीनिंग कमेटी बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक में कांग्रेस के हिमाचल से लोक सभा के संभावित चेहरों पर भी चर्चा हुई है। सूत्रों की मानें तो टिकट वितरण के लिए क्या फार्मूला रहेगा। कौन कौन संभावित प्रत्याशी हो सकते हैं। किसके पास कितना जनाधार हैए इन सभी बातों को टिकट आबंटन के दौरान देखा जाएगा। मंडी से हाईकमान पुराने चेहरे पर ही दांव खेल सकता है तो शिमलाए कांगड़ा और हमीरपुर तीनों ही संसदीय क्षेत्रों में नए व दमदार चेहरों की तलाश है। इस बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी चुनावों की तैयारियां शुरू करेगी। टिकट के लिए प्रस्तावित नामों का पैनल तैयार किया जाएगा। जिसे स्क्रीनिंग कमेटी की अगली बैठक में रखा जाएगा। टिकट पर अंतिम मुहर पार्टी हाईकमान ही लगाएगा। चुनाव लडने के इच्छुक प्रत्याशियों से कांग्रेस पार्टी आवेदन मांग सकती है।

हिमाचल में 2014 व 2019 के लोक सभा चुनाव में कांग्रेस चारों सीटों पर पराजित हुई थी। 2014 में प्रदेश में स्व. मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नेतृत्व वाली सरकार थी, बावजूद इसके मोदी लहर में कांग्रेस पराजित हुई। 2019 में कांग्रेस के चारों उम्मीदवार रिकार्ड मतों से पराजित हुए। प्रदेश में इस बार कांग्रेस सत्ता में है। कांग्रेस को विधान सभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिला है। पार्टी की कमान दूसरी पंक्ति के नेताओं के हाथों में है। मुख्यमंत्री संगठन से निकल कर सत्ता तक पहुंचे हैं। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू संगठन की राजनीति के महिर माने जाते हैं। पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह भी लोक सभा सांसद हैं। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री लगातार विधान सभा चुनाव जीत रहे हैं। लिहाजा चुनावी रणनीति तय करने का अच्छा खासा अनुभव इन तीनों नेताओं के पास है। प्रदेश में सत्ता में रहते हुए कांग्रेस हिमाचल की चारों लोक सभा सीटों पर जीत दर्ज करने की कोशिश में रहेगी। लिहाजा पार्टी ने इसके लिए मंथन शुरू कर दिया है।

## महिला कुक-कम-हेल्पर को मातृत्व लाभ के तहत 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का निर्णय

**शिमला,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि समाज का समग्र विकास तभी संभव है, जब कमजोर और पिछड़े वर्ग के साथ महिलाओं और बच्चों का भी समावेशी विकास हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार इन वर्गों के विकास के लिए पहले दिन से ही कार्य कर रही है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में कार्य करते हुए राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत 17,889 महिला कुक-कम-हेल्पर को मातृत्व लाभ अधिनियम, 1962 के तहत 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि महिला कुक के लिए शिक्षा विभाग में पहले इस तरह का कोई प्रावधान नहीं था। लेकिन वर्तमान सरकार ने शिशु और मातृ कल्याण को ध्यान में रखते हुए लम्बे समय से चली आ रही मूलभूत मांग को पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता संभालने के पहले दिन से ही कर्मचारियों और श्रमिकों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय ले रही उन्होंने कहा कि मंत्रिमण्डल की पहली बैठक में पुरानी पेंशन बहाल करना सरकार का ऐतिहासिक फैसला था। इससे 1 लाख 36 हजार कर्मचारियों को लाभ मिला है। कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करना और उनके बुढ़ापे को सम्मानजनक बनाना सरकार का ध्येय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कमजोर वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्राथमिकता प्रदान की है। सरकार ने इन वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आरम्भ की हैं।

# प्रादेशिकी

## मरीजों को समय से खाना उपलब्ध न कराने पर फार्मासिस्ट निलंबित


**फर्रुखाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी ने मरीजों को समय से खाना उपलब्ध न कराने वाले फार्मासिस्ट को निलंबित करने का फरमान जारी कर दिया। डीएम की सख्ती से अस्पताल के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह के द्वारा श्री राम मनोहर लोहिया पुरुष व महिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी वार्डों में जाकर मरीजों से उनके उपचार की जानकारी ली गई। सभी मरीजों से पूछा कि सभी दवाई अस्पताल में मिल रही है कि नहीं, कोई दवा बाहर से तो नही मगाई जा रही है मरीजों द्वारा बताया गया कि दवा मिल रही है। डीएम ने आकस्मिक कक्ष में जाकर मॉनिटर से खुद का ऑक्सीजन लेवल चेक कराया तो मॉनिटर का एसपीओ-टू सेंसर खराब पाया गया।

# लोस चुनाव से पहले कील-कांटे दुरुस्त करने में जुटी उप्र सरकार

**लखनऊ,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले सरकार जमीनी तौर पर कील-कांटे दुरुस्त करने में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर मंडल और चित्रकूट धाम मंडल के भाजपा विधायकों के साथ बैठक कर जमीनी हकीकत जानी। विधायकों ने क्षेत्र के विकास की आवश्यकताओं और समस्याओं से

■ **मुख्यमंत्री ने की विधायकों के साथ बैठक**

मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने जल्द ही विकास कार्यों की स्वीकृति देने और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री आवास पर हुई कानपुर मंडल के विधायकों की बैठक में गोविंदनगर से विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पनकी पावर प्लांट से 400 मेगावाट विद्युत की आपूर्ति मार्च तक शुरू करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष की नियुक्ति कराने का मुद्दा उठाया। बिल्हौर से विधायक राहुल बच्चा ने लेबर कॉलोनी का मालिकाना हक दिलाने और उनके विधानसभा क्षेत्र के दो ब्लॉक का मुद्दा उठाया। किदवई नगर से विधायक महेश



त्रिवेदी ने नगर निगम की ओर से विकास कार्यों में भेदभाव का मुद्दा उठाया। बैठक में कानपुर देहात, औरैया, फर्रुखाबाद, इटावा और कन्नौज के विधायक भी मौजूद रहे। चित्रकूट धाम मंडल की बैठक में मानिकपुर से विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने सड़क और लघु सेतु निर्माण का मुद्दा उठाया। विधायकों ने सड़क निर्माण और विकास कार्य से जुड़े मामले सीएम के सामने रखे। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के निर्देश दिए। कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में अनुकूल माहौल है, इस माहौल में सभी 80 सीटें जीतनी हैं।

## उत्तर प्रदेश के विकास में कारगर साबित होगा बजट

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सोमवार को पेश किये बजट का स्वागत किया है और उम्मीद जतायी है कि यह बजट प्रदेश के विकास में कारगर साबित होगा। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश के दीर्घकालिक विकास के लिए यह बजट अत्यंत ही महत्वपूर्ण है, बजट में प्रदेश सरकार द्वारा शैक्षिक क्षेत्र के ढांचागत विकास के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। अभाविप के प्रांतीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा यूपी सरकार द्वारा बजट 2024 मे शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ धार्मिक नगरों के विकास पर विशेष बल दिया गया है। बजट में वाराणसी के लिए एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव है जो कि स्वागत योग्य है इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा धनराशि भी आवंटित कर दी गई। इसी के साथ उच्च शिक्षा के लिये विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई है।

## एंटीबायोटिक का ज्यादा सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : प्रो. अमित कुमार

**मेरठ,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में चल रही सात दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर अमित कुमार, सरदार वल्लभभाई कृषि विश्वविद्यालय मेरठ रहे। विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने प्रोफेसर अमित कुमार का स्वागत किया। प्रोफेसर अमित कुमार ने अपने व्याख्यान में बताया कि आज की दौड़ती भागती जिंदगी में हम छोटी-छोटी बीमारियों जैसे सरदर्द, पेट दर्द बुखार, होने पर बिना डॉक्टर की सलाह लिए एंटीबायोटिक का सेवन करना शुरू कर देते हैं जो की हमारे स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित होती हैं। हमें एंटीबायोटिक का उपयोग कम से कम एवं बहुत ही सावधानी से करना चाहिए। प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने कहा एंटीबायोटिक का अवशोषण और अनावश्यक इस्तेमाल से बैक्टीरिया प्रतिरोधकता विकसित कर सकते हैं जिससे एंटीबायोटिक के प्रभाव में कमी हो सकती है। डॉ लक्ष्मण नागर के अनुसार माइक्रोब्स जैसे कि बैक्टीरिया, फंगस और वायरस छोटे संरचनात्मक माइक्रोब्स होते हैं जो जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इन माइक्रोब्स आइसोलेशन करना और उनका पहचाना वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ अंजलि एवं डॉक्टर दिनेश पवार ने माइक्रोब्स की पहचान करने तकनीकी पर विस्तृत जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. अश्वनी शर्मा,डॉक्टर शशांक राणा, डॉ. कपिल स्वामी, वह अन्य मौजूद रहे।

## प्रेरणा दिवस पर अंतर विवि खेल प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

**मेरठ,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में प्रेरणा दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन का शुभ आरंभ कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलपति प्रो डॉ. जयानंद कुलसचिव गणेश भारद्वाज द्वारा मशाल जलाकर किया गया तत्पश्चात छात्रों द्वारा मसाल को लेकर विश्वविद्यालय के समस्त विभागों में ले जाया गया। इस अवसर पर एनसीसी के छात्रों द्वारा शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वाणी स्कूल के बच्चों ने भी प्रेरणा दिवस पर विश्वविद्यालय प्रांगण में पहुंचकर भिन्न-भिन्न प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें शिक्षा के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हर छात्र कुछ न कुछ सिखाता है इसलिए हमें सभी से सीखने की आवश्यकता है। प्रेरणा दिवस के अवसर पर सभी छात्र अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकाले और बढ़ चढ़कर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें। तीन दिवसीय प्रेरणा दिवस की शुरुआत फुटबॉल मैच से की गई। जिसकी शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने छात्रों का परिचय प्राप्त कर टॉस उछलकर की। जिसमें टीम अंबर जिसके कप्तान पियूष पंत के नेतृत्व में ऋषभ छेत्री ने निर्णायक गोल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी को 3-2 से पराजित किया। इसके



अलावा शुरुआती चरण के इवेंट्स कबड्डी, वालीबाल बास्केटबाल, बैडमिंटन, कैरम, चौस, टेबल टेनिस, हाई जंप, लॉन्ग जंप, पोस्टर मेकिंग, नुकड़ नाटक, इत्यादि प्रतियोगिताओं में छात्रों ने पर चढ़कर हिस्सा लिया और बेहतर प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। कबड्डी के मैच में छात्रों ने खासतौर पर अपना खूब दम खम दिखाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेरणा दिवस के संयोजक डॉ विनोद त्यागी, डॉ दिव्या प्रकाश, मीडिया प्रभारी डॉ. अभिषेक डबास, राज किशोर सिंह, राजेश पांडे जितेंद्र जादौन, शमशाद हुसैन, कुलदीप, नेहा त्यागी, ममता बंसल, शिखा चौधरी, एवगेनिय जरिकोवा,अभिनव पाठक, निशांत चौधरी एवं सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### योजना में लाभ के लिए मजदूर से मांगी रिश्वत

**मेरठ।** गांव रहावति में रहने वाले मजदूर का मकान जर्जर हालत होने की वजह से गिर गया। पक्का मकान नहीं बनने की वजह से मजदूर की पत्नी बच्चों को साथ लेकर चली गई। भीमराव अंबेडकर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मजदूर ने लोन के लिए एप्लाई किया। लेकिन योजना के लिए मजदूर से रिश्वत मांगी गई। जो पीड़ित ने देने से मना कर दिया। मजदूर ने डीएम दीपका मीणा से मामले की शिकायत की हैं।

### लोस चुनाव ईवीएम से नहीं बल्कि बैलेट पेपर से कराएं

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के प्रदेश सचिव मोनू पंवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान डीएम ऑफिस पहुँचे। उन्होंने डीएम कार्यालय के गेट के पास बैठकर प्रदर्शन किया। मोनू पंवार का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव ईवीएम से नहीं बल्कि बैलट पेपर से कराया जाए। यूपी में किसानों की हालत बेहद खराब है। यहां आवारा पशु समस्या बने हुए हैं, जो किसानों की फसल खराब कर देते हैं। किसानों को बाहर से उधारी लेनी होती हैं, और किसान कर्ज में डूब जाता हैं। इतना ही उन्होंने वृद्ध पेंशन 5000, गन्ना मूल्य 100 प्रति कुंतल बढ़ाने के साथ किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की है। किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देते हुए कहा कि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो दिल्ली जाकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

### गुनाह छिपाने के लिए लाश को जलाया

**मेरठ।** ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां सगे मामा ने भांजी के प्रेम-प्रसंग से नाराज होकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद गुनाह छिपाने के लिए युवती के शव को उपले के ढेर में रखकर जला दिया। पूछताछ के दौरान मामा ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। पांच फरवरी यानी सोमवार की सुबह भावनपुर थाना क्षेत्र के छिलोरा गांव में सड़क किनारे उपले के ढेर में युवती की जली हुई लाश मिली थी। लाश की कलाई पर कलावा बंधा था। तन पर टीशर्ट और जींस थी। ग्रामीणों ने पुलिस को लाश होने की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और अज्ञात शव को मोर्चरी में भेज दिया। इसके बाद लाश की शिनाख्त में जुट गई। पहचान के लिए फोटो सर्कुलेट की गई। इसके बाद मऊखास, मुंडाली निवासी प्रमोद पुलिस के पास पहुंचा। जली हुई लाश अपनी 21 साल की बेटी टीशा की बताई। पुलिस मामले की छानबीन में लग गई तो सारा सच सामने आया।

### पुलिस की पोल खुली तो मांगी महोलत

**मेरठ।** पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के आरोप में पकड़े गए दो युवकों ने भरी अदालत में पुलिस की हकीकत बयांन कर दी। पकड़े गए युवकों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें झूठा फंसाया है। दो अन्य युवकों को पुलिस ने पैसे लेकर छोड़ दिया। इस मामले में कोर्ट ने पुलिस से गिरफ्तारी से लेकर थाने तक के सीसीटीवी फुटेज मांगे हैं। सोमवार को परतापुर थाना पुलिस को कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन डिटेल पेश करनी थी। लेकिन गत सोमवार को पुलिस ये सभी जानकारियां पेश नहीं कर सकी।



## भारतीय जीवन बीमा निगम में मनाया संकल्प सप्ताह

**मवाना,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय मवाना में संकल्प सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर शाखा प्रबंधक भूपेंद्र कुमार द्वारा किया गया। संचालन सहायक शाखा प्रबंधक मथन सिंह द्वारा किया गया। शाखा प्रबंधक भूपेंद्र कुमार ने अभिकर्ता ओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्म ही प्रधान है। यदि कर्म करोगे तो उसका फल भी जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्य को लगन व महनत के साथ करना चाहिए। कठिन परीश्रम से कामयाबी के रास्ते आसान होते हैं। सभी अभिकर्ता को इन दो महीनो मे अधिक से अधिक कार्य कर अपनी इन्कम बढायें। अपना व शाखा का नाम रोशन करे। इस दौरान विकास अधिकारी निरंजन सिंह , मंजीत सिंह, भूपेंद्र अरोड़ा एवं सचिन कुमार उपस्थित रहे।

■ **परीश्रम से ही खुलेंगे कामयाबी के रास्ते : भूपेन्द्र कुमार**

■ **कर्मठ अभिकर्ताओं को सम्मान पत्रिका देकर किया सम्मानित**

## श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का किया गया आयोजन

**मेरठ,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 'रणभूमि-2024' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग हाउस (रेड हाउस, ग्रीन हाउस, यलो हाउस एवं ब्लू हाउस) के लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने दो दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

■ **12 सौ से अधिक खिलाड़ियों ने दो दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा**

पांच दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुम्भ में शनिवार को समापन पर विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को संस्थान की ओर से ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के मेजर ध्यानचन्द ओपन खेल परिसर में ''खेल महाकुम्भ'' वार्षिक स्पोर्ट्स मीट रणभूमि-2024 का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रधान सलाहकार प्रो. वी. पी. एस. अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. अनिल



कुमार शुक्ला एवं नर्सिंग डीन डॉ. एना ऐरिक ब्राउन ने खेल मशाल जलाकर एवं हवा में गुब्बारे उड़ाकर किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि खेल ही नहीं बल्कि जीवन की किसी भी स्पर्धा में हम कभी हारते नहीं है, जब हम किसी स्पर्धा में प्रतिभाग करते हैं तो, या तो हम जीतते हैं या फिर सीखते हैं कि हमारे प्रदर्शन में कहां कमी रह गई। इसलिए युवा विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग अवश्य करें। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि फिट इण्डिया 'खेलो इण्डिया' जैसी शानदार योजनाओं से आज भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

## फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

**मेरठ,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सर छोटूराम अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कंप्यूटर साइंस व एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित द रिसेंट ट्रेंड्स आफ बिग डाटा एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन द फील्ड ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एग्रीकल्चर इंजिनियरिंग विषय पर ऑनलाइन मोड में एक छह दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन पहले सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो शशिकांत पाटिल, एटलस स्किलटेक युनिवर्सिटी, मुंबई ने बिगडाटा आधारित एग्रीकल्चर सिस्टम ले लाभ गिनाए। वहीं दूसरे सत्र मुख्य वक्ता नवनीत कुमार, आनंद एग्रिकल्चर विश्वविद्यालय, गुजरात ने पीपीटी के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फूड प्रोसेसिंग के साझा प्रयोग को भविष्य की तकनीक बताया। एफडीपी के कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर मिलिंद ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के सह समन्वयक जे आर बेंन्थम, स्वाति सिंह आदि का सहयोग रहा।

## डीएम से पूर्व विधायक के खिलाफ मामला दर्ज कराने की लगाई गुहार

**फर्रुखाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी से पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने व सरकारी कर्मचारी के द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायतें की गई। थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी मास्टर नाहर सिंह राजपूत ने डीएम से पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत व उनके पति रामकृष्ण राजपूत के विरोध रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की फरियाद की। राजपूत ने शिकायती पत्र देकर डीएम को अवगत कराया की थाना मऊदरवाजा के ग्राम हाथीपुर स्थित मन्दिर श्री रामचन्द्र जी महाराज व सीताजी महारानी मंदिर की भूमि का फर्जी महात्माओं इतिहास वेत्ता डा. रामकृष्ण राजपूत व उनकी धर्मपत्नी पूर्व चर्चित विधायिका भू-माफिया घोषित उर्मिला राजपूत ने बैनामा करवा लिये थे। जिसकी शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर, के द्वारा 18.12.2020 को जांच की गयी थी। जांच रिपोर्ट में तमाम अनियमितताओं का उल्लेख किया गया। कई बार शिकायतों के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### आशा बहूओं से अवैध वसूली

शमशाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा सीताश्री, सुष्मिता व लज्जावती ने जिला अधिकारी को शिकायती पर देकर लैब टेक्नीशियन कुलदीप कठेरिया के द्वारा बेतन रुपयो की आधी जबरन वसूली एवं मरीज के उपचार वाले रूपयों में भी बंटवारा किए जाने की शिकायत की है। रिश्वतखोरी का विरोध करने पर फार्मासिस्ट कुलदीप कठेरिया ने आशा बहूओ को धमकाया कि मरीज का इलाज न करके तुम्हारी नौकरी फंसा देंगे। तुम चाहे डॉक्टर सीएमओ या डीएम से शिकायत करो।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के अधिक निस्तारण को किया निर्देशित

**मेरठ,**6 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के अनुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों को चिन्हित करते हुए निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुकम में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण किए जाने हेतु ब्रजेश मणि त्रिपाठी, अपर जिला न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, लोक अदालत द्वारा समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ चौदह न्यायालय भवन के सभागार कक्ष में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक जनता को लाभान्वित किया जा सकें। उक्त बैठक में अमित कुमार सिहं, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), राघवेन्द्र कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक (यातायात), सुश्री नीलम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, विपिन कुमार सिहं ने विचार व्यक्त किए।

## नारी शक्ति वंदन कार्यशाला का किया गया आयोजन

**फर्रुखाबाद,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। आवास विकास कॉलोनी स्थित जिला भाजपा मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बबीता पाठक सहित महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही इस अभियान को लेकर महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी व दिशा निर्देश दिए गए। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है संगठन स्तर पर शक्ति वंदन अभियान चलाया जाएगा जो की पांच चरणों में चलाने के निर्देश मिले हैं इस अभियान में भाजपा महिला मोर्चा की भागीदारी रहेगी पहले चरण में 10 फरवरी से शक्ति संवाद कार्यक्रम जिला स्तर पर होगा जिसमें महिला संबंधित विशिष्ट एनजीओ के प्रमुख (शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारी समितियां, कृषि, लीगल अवेयरनेस, पर्यावरण, स्केल के क्षेत्र में काम करने वाली एनजीओ) एवं जिले में




अच्छा कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष/सचिव शामिल होंगे। 11 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य शक्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में एनजीओ से संबंधित प्रमुख महिलाओं को अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिस विस क्षेत्र के अंतर्गत होगा वहां के स्थानीय विधायक इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से देखेंगे।

**आयोजन** *शोभित विश्वविद्यालय में होगा वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आयोजन*

# छात्रों के बीच की दूरियों को पाटना हमारा लक्ष्य : कुंवर शेखर विजेन्द्र

**मेरठ,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय मेंआयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 9 एवं 10 फरवरी को कर रहा है। संगीतम 2024, शोभित विश्वविद्यालय का बहुप्रतीक्षित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव है। कला और संस्कृति के उत्सव से कहीं अधिक, संगीतम एकता, विविधता और असीमित रचनात्मकता का प्रतीक है।

■ **दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर की संस्कृतियों का प्रदर्शन करेंगे छात्र**

■ **आपसी सम्मान, अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना रहेगा उद्देश्य**

इस वर्ष के लिए चुनी गई थीम, संस्कृतियों का सामंजस्य है। प्रतिभाओं को बढ़ाना, आपसी सम्मान, अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने और बहुमुखी प्रतिभाओं के उत्सव के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संगीतम 2024 महज एक आयोजन होने से परे हैय यह एक समावेशी, एकजुट और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध परिसर को बढ़ावा देने के लिए हमारे विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का



एक प्रमाण है। विविध संस्कृतियों और प्रतिभाओं का आनंद लेते हुए, हमारा लक्ष्य अपने छात्रों के बीच दूरियों को पाटना, समझ को गहरा करना और सहयोग के बीज बोना है। यह आयोजन हमारी संस्था के मूल्यों के सार को समाहित करता है और एक संपन्न, जीवंत और सामंजस्यपूर्ण समुदाय का पोषण करने के हमारे संकल्प की पुष्टि करता है। संगीतम 2024 में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे जिसमें मुख्य रूप से गायन, बैटल ऑफ बैंड्स, स्टैंड अप कॉमेडि, कविता/शायरी (अतिथि), कवाली, मिमिक्री, नुक्कड़ नाटक, फ्रीस्टाइल नृत्य (समूह एवं एकल) पारंपरिक एवं लोक नृत्य, रैंप वॉक, ट्रेडिशनल एवं फोक डांस, वॉल पेंटिंग, फेस पेंटिंग, पेंटिंग एंड स्केचिंग, फोटोग्राफी कंपटीशन, मूवी मेकिंग कंपटीशन, टी-शर्ट डिजाइनिंग इसके अलावा विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से मैनेजमेंट, बायोमेडिकल, विधि विभाग हिस्सा लेंगे। इसके अलावा ट्रेजर हंट, लॉटरी, अंताक्षरी प्रतिस्पर्धा एवं टग आफ वर इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी इवेंट्स को राष्ट्रीय स्तर के जजों के द्वारा जज किया जाएगा। इस खास अवसर पर समाज के प्रबुधजन अतिथि के रूप मे उपस्थित होंगे। इसके अलावा मशहूर शायर अजहर इकबाल जी अपनी शायरी द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेंगे। संगीतम 2024 के इस खास अवसर पर शोभित विवि एवं उत्तर प्रदेश इंडियन बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस फेडरेशन , बॉडीबिल्डिंग के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। इस अवसर पर बॉडीबिल्डिंग के प्रख्यात एथलीट पदम एवं अर्जुन अवॉर्डी प्रेमचंद डोगरा मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। संगीतम 2024 में प्रतिभाग करने वाली सभी विजेता टीमों को उनके कार्यक्रम के हिसाब से आकर्षक उपहार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी तथा कुछ इवेंट में आकर्षक नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा इसके अलावा सभी इवेंट्स में प्रतिभाग करने वाली टीमों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 7 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

## शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं आमिर खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं। आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आमिर खान ने बताया, आजकल मैं सिंगिंग सीख रहा हूं। मेरे हाथ में आप धागा देख रहे हैं, वह मेरी आधिकारिक गुरु सुचेता बसरूर जी ने बांधा है। मैं उनका शिष्य बना हूं। मैं उनसे भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूं। मैं उनसे पिछले चार-छह महीनों से सीख रहा हूं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद अभिनय से दूरी बना ली थी। आमिर अब भिनय में दोबारा वापसी कर चुके हैं। आमिर खान ने कहा,मैंने दो वर्षों का अच्छा इस्तेमाल किया है। अपने परिवार के साथ खूब वक्त गुजारा। अब मैं काम करने के लिए तैयार हूं।



### शोधकर्ताओं का अध्ययन में खुलासा

# शरीर का उच्च तापमान अवसाद का बन सकता है कारण

- तनावग्रस्त व्यक्ति अपने शरीर के तापमान को कम रखें
- 106 देशों के 20,000 से अधिक प्रतिभागियों के डेटा का विश्लेषण

**न्यूयॉर्क,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। एक अध्ययन में सामने आया है कि अवसादग्रस्त लोगों के शरीर का तापमान उच्च रहता है। वहीं, अगर तनावग्रस्त व्यक्ति अपने शरीर के तापमान को कम रखे, तो यह उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद साबित हो सकता है।

बता दें कि यह अध्ययन जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ है, लेकिन इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि तनाव शरीर के तापमान को बढ़ाता है या उच्च तापमान तनाव को बढ़ाता है।

यह भी अज्ञात है कि क्या अवसाद से ग्रस्त लोगों में उच्च शरीर का तापमान स्वयं को ठंडा करने की क्षमता में कमी, चयापचय प्रक्रियाओं से गर्मी की बढ़ी हुई पीढ़ी या दोनों के संयोजन को दर्शाता है।

वहीं, अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन फ्रांसिस्को में मनोचिकित्सा के एसोसिएट प्रोफेसर और मुख्य लेखक एशले मेसन ने कहा कि निष्कर्ष इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि एक नई अवसाद उपचार पद्धति कैसे काम कर सकती है।

यूसीएसएफ में क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक मेसन ने कहा कि विडंबना यह है कि वास्तव में लोगों को गर्म करने से शरीर का तापमान फिर से कम हो सकता है, जो लोगों को सीधे बर्फ स्नान के माध्यम से ठंडा करने की तुलना में लंबे समय तक रहता है। क्या होगा अगर हम अवसाद ग्रस्त लोगों के शरीर के तापमान को समय-समय पर गर्मी-आधारित उपचारों पर अच्छी तरह से ट्रैक कर सकें?

शोधकर्ताओं ने 106 देशों के 20,000 से अधिक प्रतिभागियों के डेटा का विश्लेषण किया, जिन्होंने शरीर के तापमान को मापने वाला उपकरण पहना था और प्रतिदिन अपने शरीर के तापमान और अवसाद के लक्षणों की स्वयं रिपोर्ट भी की थी। परिणामों से पता चला कि अवसाद के लक्षणों की गंभीरता के प्रत्येक बढ़ते स्तर के साथ, प्रतिभागियों के शरीर का तापमान अधिक था। शरीर के तापमान के आंकड़ों ने उन लोगों में उच्च अवसाद स्कोर की प्रवृत्ति भी दिखाई, जिनके तापमान में 24 घंटे की अवधि के दौरान कम उतार-चढ़ाव था, लेकिन यह खोज महत्व तक नहीं पहुंची।

## 'पोचर' सह-अस्तित्व को अपनाने का आह्वान है : आलिया भट्ट



**मुंबई,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस आलिया भट्ट रिची मेहता द्वारा बनाई गई क्राइम सीरीज 'पोचर' में कार्यकारी निर्माता के रूप में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव बेहद व्यक्तिगत था और एमी-पुरस्कार प्राप्त फिल्म निर्माता द्वारा वन्यजीव अपराध के तत्काल मुद्दे का चित्रण उन पर गहरा प्रभाव डालता है।

'पोचर' के लिए कार्यकारी निर्माता के रूप में आने के बारे में बात करते हुए, आलिया ने साझा किया कि इस अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे और इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस की पूरी टीम के लिए सम्मान की बात है। 'पोचर' का प्रभाव बेहद व्यक्तिगत था और वन्यजीव अपराध के जरूरी मुद्दे पर रिची का चित्रण मुझे और टीम को बहुत पसंद आया। उन्होंने आगे कहा कि स्टोरीटेलिंग ने वास्तव में मुझे प्रभावित किया, खासकर यह जानकर कि यह सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जो हमारे जंगलों में होने वाले क्रूर अपराधों पर प्रकाश डालती है। मुझे विश्वास है कि 'पोचर' आंखें खोलने का काम करेगी और सभी जीवित प्राणियों के प्रति अधिक दयालु और विचारशील होने का एक शक्तिशाली संदेश देगी।

यह सह-अस्तित्व को अपनाने का आह्वान है। मैं रिची, क्यूसी और प्राइम वीडियो के साथ सहयोग करने और इस नैरेटिव में योगदान करने के लिए वास्तव में रोमांचित हूं।

## महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर 3 दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन



नई दिल्ली6 फरवरी (एजेंसियां)। वेदों और वैदिक संस्कृति के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए भारत में सुधार आंदोलन की नींव रखने वाले आर्य समाज के संस्थापक, महर्षि दयानंद सरस्वती की इस वर्ष 200वीं जयंती मनाई जा रही है। इस ख़ास अवसर का जश्न मनाने के लिए 10 फरवरी से 12 फरवरी 2024 तक उनके जन्मस्थल टंकारा, जिला मोरबी, गुजरात में एक भव्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

इस भव्य समारोह में लाखों आर्य समाज अनुयायियों के उत्सव में शामिल होने के लिए टंकारा आने की संभावना है। दुनिया भर से लाखों अनुयायी आर्य संदेश टीवी चैनल और आर्य समाज के अन्य सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इस भव्य समारोह से जुड़ेंगे।

आयोजन के तीसरे दिन, 12 फरवरी को, भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। महर्षि के इस स्मरणोत्सव में दुनिया के अलग अलग कोनों से दो करोड़ से ज्यादा आर्य समाज के वे सदस्य शामिल होंगे जो वैक्ष्विक स्तर पर महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं का प्रतीक है। जन्मोत्सव के पहले दिन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल एवं राज्यपाल आचार्य देवव्रत और दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगें एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली इस आयोजन से जुडेंगें।

2 फरवरी, 1824 को टंकारा, जिला मोरबी, गुजरात में जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपना पूरा जीवन वैदिक ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया। महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं ने धर्म, समाज और राष्ट्र के सामंजस्यपूर्ण भाईचारे का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके दूरदर्शी विचार और संदेश समाज को समृद्धि, स्वतंत्रता और समानता के आदर्शों की ओर हमेशा से प्रेरित करते रहे हैं। भारतीय संस्कृति में उनके इस अतुलनीय योगदान को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फरवरी 2023 में साल भर चलने वाले समारोहों का उद्घाटन किया गया था जिसके अंतर्गत इस विशेष समारोह का आयोजन टंकारा में किया जाएगा। महर्षि दयानंद की गहन अंतर्दृष्टि और विचारों ने सच्ची भारतीयता और राष्ट्रवाद की गहरी समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह आयोजन हर किसी को उस उत्साह, विचारशीलता और राष्ट्रवाद का एक नया रंग देगा जिसकी नींव महर्षि दयानंद सरस्वती ने रखी थी। 200वीं जयंती समारोह उनकी शिक्षाओं पर विचार करने और उनके अमूल्य योगदान को श्रद्धांजलि देने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन में आने वाले मेहमान आर्य समाज की उन शिक्षाओं को आत्मसात करेंगें जो हमें एक उज्जवल और अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की ओर ले जाती हैं।

## ऋतिक-दीपिका के किसिंग सीन पर 'फाइटर' को मिला कानूनी नोटिस!

**मुंबई,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। हाल ही में रिलीज हुई ऋतिक रोशन स्टारर एक्शन फिल्म 'फाइटर' कानूनी पचड़े में फंस गई है। फिल्म के निर्माताओं को ऋतिक और दीपिका के बीच किसिंग सीन को लेकर कानूनी नोटिस भेजा गया है, जो फिल्म में भारतीय वायु सेना के अधिकारी बने हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स के खिलाफ नोटिस असम के एक वायुसेना अधिकारी सौम्य दीप दास ने जारी किया है।

सौम्य दीप दास ने कहना है कि वायुसेना की वर्दी में किसिंग सीन, भारतीय वायु सेना का अपमान है। अपनी शिकायत में अधिकारी ने कहा है कि भारतीय वायुसेना की वर्दी कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता, राष्ट्रीय सुरक्षा और निस्वार्थ सेवा का एक शक्तिशाली प्रतीक है। इसका इस्तेमाल रोमांटिक एंगल दिखाने के लिए करना गलत है। यह सिर्फ कपड़ा नहीं है। फिल्म में इसके साथ किसिंग सीन दिखाना, देश की सेवा में अनगिनत जवानों के बलिदान, उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाता है।

'फाइटर', जो भारत में गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले रिलीज हुई थी, पुलवामा में सीआरपीएफ कर्मियों पर हमले के बाद नाटकीय घटनाओं का वर्णन करती है। 'फाइटर' में जबरदस्त एरियल एक्शन देखने को मिला। फिल्म में दीपिका पादुकोण, ऋतिक रोशन के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर और अक्षय ओबेरॉय भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## कपल ने कूड़े के ढेर के पास शादी की सालगिरह मनाई, हैरान करने वाली है वजह



**आगरा,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में आगरा शहर के नगला काली इलाके में सड़क पर गंदगी और कूड़े के ढेर के बीच एक कपल ने दूल्हा-दुल्हन के वेश में अपनी 17वीं शादी की सालगिरह मनाई। कपल ने ऐसा जिला प्रशासन का ध्यान गंदगी और कूड़े के ढेर की ओर आकर्षित करने के लिए किया।

कपल ने एक-दूसरे को मालाएं पहनाईं, जबकि स्थानीय निवासियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। इन तख्तियों पर 'अगर सड़क और नाली का निर्माण ठीक से नहीं किया गया तो वे वोट नहीं देंगे' लिखा था।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, समस्या 15 साल से बनी हुई है। लेकिन, पिछले आठ महीनों में सड़क गंदे नाले में तब्दील हो गई है। इससे इलाके के लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

इस सड़क से 30 से ज्यादा कॉलोनियों के लोग आते-जाते हैं। गंदगी के कारण स्थानीय लोगों को अब दो किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इलाके की एक दर्जन कॉलोनियों के बाहर 'विकास नहीं तो वोट नहीं' के पोस्टर भी चिपकाए गए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

- निवासियों के शिकायत करने के बावजूद जन प्रतिनिधियों ने कोई कार्रवाई नहीं की
- भगवान शर्मा ने अपनी पत्नी उमा शर्मा के साथ किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

निवासियों के शिकायत करने के बावजूद जन प्रतिनिधियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए भगवान शर्मा ने अपनी पत्नी उमा शर्मा के साथ इस अनोखे विरोध प्रदर्शन का फैसला किया।

भगवान शर्मा ने कहा कि बीते 15 सालों से हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम सभी जन प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के पास गए। कोई कार्रवाई नहीं होने पर हमें इस तरह से विरोध करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उमा शर्मा ने कहा कि विरोध इस मुद्दे को बड़े स्तर पर उजागर करने के लिए है।

## महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की



**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ, आज प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अन्य विषयों के साथ-साथ प्लेटफॉर्मों का विस्तार, प्लेटफॉर्मों की सतह को ऊंचा करने, वाशेबल एप्रन, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट-ओवर-ब्रिजो, एस्केलेटरों, दिव्यांगजनों के लिए लिफ्ट की सुविधा, मुख्य द्वार सहित स्टेशन भवन का सुधार जैसी यात्री सुविधाएं स्टेशनों पर उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने गतिशीलता वृद्धि, विकासात्मक ढांचागत कार्यों, माल लदान और रेलपथों पर संरक्षा की प्रगति की भी समीक्षा की। चौधुरी ने रेलपथों पर संरक्षा विशेष रूप से सुरक्षित रेल परिचालन पर बल दिया और मानवीय त्रुटियों को कम करके रेल दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें कोई त्रुटि नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से रेल परिचालन के साथ-साथ कार्यों की प्रगति का आकलन अपने निरीक्षण के दौरान बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने रेलगाड़ियों की समयपालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड को बनाए रखने और गतिशीलता वृद्धि से जुड़े कार्यों की प्रगति जॉंचने के लिए चलाए गए अभियानों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोन पर रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने और रेल पथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के कार्य की समीक्षा भी की। महाप्रबंधक ने रेलपथों के किनारों पर उग आई वनस्पतियों को हटाने और पेड़ों की छंटाई करने के कार्यों का जायज़ा लिया। चौधुरी ने रेल परिचालन में मानवीय असफलताओं को कम करने तथा रेल दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन कामों में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को कार्यों और रेल परिचालन की प्रगति जांचने के लिए अपने निरीक्षण बढ़ाने चाहिए।

## राम माधवानी ने मेरे अंदर छिपी खास कला को ढूंढा, जिसके बारे में मुझे खुद नहीं पता था : सुष्मिता सेन



**मुंबई,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने निर्देशक राम माधवानी के साथ काम करने पर खुशी व्यक्त की और साझा किया कि कैसे राम माधवानी ने उनके अंदर छिपी खास कला को खोजा, जिनके बारे में उन्हें खुद भी नहीं पता था। सुष्मिता राम माधवानी की क्राइम थ्रिलर सीरीज 'आर्या' में मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं।

'नीरजा' के निर्देशक के साथ काम करने के बारे में जानकारी साझा करते हुए सुष्मिता ने कहा कि राम माधवानी के साथ काम करना हमेशा आनंददायक होता है। मैं वास्तव में उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करती हूं। उन्होंने सीधी-साधी आर्या को जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम व्यक्ति के रूप में बदल दिया। पूर्व मिस यूनिवर्स ने कहा कि ऑफ-स्क्रीन, राम ने मेरे भीतर उस कला को खोजा है, जिनके बारे में मैं कभी खुद भी नहीं जानती थी। मुझ पर उनका भरोसा अविश्वसनीय है, उन्होंने मुझसे पहले ही मुझमें आर्या को देख लिया था।

सुष्मिता ने आगे कहा कि आर्या अंतिम वार के लिए, राम और मैंने आर्या के किरदार को समझा। जब उन्होंने मुझसे उस किरदार में ढलने के लिए कहा, तो मैंने उनकी बात मानी और ठीक वैसे ही किया। आप स्क्रीन पर दर्द और गुस्सा देख सकते हैं, यह सब राम के मार्गदर्शन के कारण हुआ। आर्या अंतिम वार 9 फरवरी से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी।

## सूरजकुंड मेले में खूब लोकप्रिय हो रही हरियाणवी पगड़ी व हुक्का



**चंडीगढ़,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में 'हरियाणवी पगड़ी' पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पगड़ी बंधवाने और 'हुक्का सेल्फी' लेने के लिए दिनभर पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। हरियाणा के 'विरासत' की ओर से लगाई गई सांस्कृतिक प्रदर्शनी पर 'पगड़ी बंधाओ - फोटो खिंचाओ' में हरियाणवी पगड़ी बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बुजुर्गों तक सभी को अपनी ओर लगातार आकर्षित करती दिख रही है।

'विरासत' के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी को अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में खूब लोकप्रियता प्राप्त हो रही है। पर्यटक पगड़ी बांधकर हुक्के के साथ सेल्फी, हरियाणवी झरोखे, हरियाणवी दरवाजों, आपणा घर के दरवाजों के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। इससे हरियाणा की लोक सांस्कृतिक 'विरासत' खूब लोकप्रिय हो रही है।

डॉ. पूनिया ने बताया कि मेले के दूसरे दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ भी मेला अवलोकन के दौरान हरियाणवी पगड़ी बंधवा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लोकजीवन में पगड़ी की विशेष महत्वता है। पगड़ी की परंपरा का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। यह जहां एक ओर लोक सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी हुई है, वहीं पर सामाजिक सरोकारों से भी इसका गहरा नाता है।

### किसानों को समृद्ध बनाने के लिए बस्ती में अनूठी पहल

# तालाबों में की जा रही केले की खेती और मछली पालन

**बस्ती,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी में किसानों को समृद्ध बनाने के लिए बस्ती में अनूठी पहल की गई है। यहां के गांवों में मनरेगा के तहत खोदे गए तालाबों में केले की खेती और मछली पालन किया जा रहा है। गांव के किसान खेती किसानी के साथ मत्स्य पालन की नई तस्वीर गढ़ने में लगे हैं। पूरे जिले में अब तक ऐसे 1085 केला और मछली तालाबों को विकसित किया गया है।

**ग्रामीणों को आर्थिक सुरक्षा, रोजगार और आजीविका के नए स्रोत प्राप्त होंगे**

जानकारों का कहना है कि जिले के ग्रामीणों को आर्थिक सुरक्षा, रोजगार और आजीविका के नए स्रोत प्राप्त होंगे। यह अनूठी परियोजना एकीकृत खेती के साथ बागवानी और मछलीपालन को एक समन्वित तरीके से समर्थ बनाएगी।



इसके अलावा, यह प्रकल्प स्थानीय ग्रामीणों को निरंतर आय का स्त्रोत प्रदान करेगा और साथ ही प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित करेगा।

बस्ती जिले के डीएम आंद्रा वामसी ने बताया कि इस स्मार्ट पहल के माध्यम से, बस्ती जिले की समृद्धि को सुनिश्चित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत अब तक पूरे जिले में कुल 1085 तालाबों का निर्माण किया गया है। जिले के 1085 गांवों का संवर्धन किया गया है। यानी 14 विकास खंडों में गांवों में एक केला और मछली तालाब विकसित किया गया है। प्रति तालाब खर्च की गई राशि 1.28 लाख से 6 लाख रुपए के बीच है, जो तालाब के आकार पर निर्भर करती है।

उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए कुल 1111 तालाबों को चिन्हित किया गया था, जिनमें से 1085 में काम पूरा कर लिया गया है। कुल मिलाकर इन तालाबों में 9761 किग्रा मछलियों का संचयन किया गया है।

डीएम आंद्रा वामसी के अनुसार, इस परियोजना के दौरान 547129 मानव दिवस सृजित किए गए हैं। इसके माध्यम से कुल 9150 जॉब कार्ड धारकों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इन तालाबों की मेड़ पर कुल 42493 केले के पौधे रोपे गए हैं। इनके माध्यम से बड़ी संख्या में केलों का उत्पादन सुनिश्चित होगा।

इसके साथ ही, प्रत्येक तालाब से अगले वर्ष 682 किलोग्राम का अपेक्षित मछली उत्पादन होने की उम्मीद है। वहीं, प्रति तालाब प्रति वर्ष 1364 किलोग्राम का अपेक्षित मछली उत्पादन होने की संभावना है।

## मां की भक्ति में लीन दिखीं देवोलीना भट्टाचार्जी, कामाख्या मंदिर में किए दर्शन

**मुंबई,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। 'साथ निभाना साथिया' फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर में आशीर्वाद मांगा और नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित मंदिर की अपनी पवित्र यात्रा की तस्वीरें साझा की। फोटो-शेयरिंग एप्लिकेशन इंस्टाग्राम पर देवोलीना ने मंदिर की अपना तस्वीरें साझा की। मंदिर के सामने पोज देते हुए, देवोलीना को येलो कलर के सलवार सूट और बेज कलर का कोट पहने देखा जा सकता है। उन्होंने नो मेकअप लुक चुना और अपने बालों को खुला रखा। उनके माथे पर टीका लगा हुआ है और हाथ में लाल चुनरी है। उनके गले में एक छोटी सी माला भी है। पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मां कामाख्या'



कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 13वें, 14वें और 15वें सीजन की कंटेस्टेंट रहीं देवोलीना आखिरी बार शो 'दिल दियां गल्लां' में नजर आई थीं। शो में कावेरी प्रियम, पारस अरोड़ा और देवोलीना लीड रोल में थे। एक्ट्रेस ने वेब सीरीज 'फर्स्ट सेकेंड चांस' में भी अभिनय किया।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 4.43 प्रतिशत |
| मारुति | 4.06 प्रतिशत |
| टीसीएस | 4.05 प्रतिशत |
| विप्रो | 3.59 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 2.52 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.97 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.84 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.52 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.21 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.14 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## खनिज गैस का उपयोग बढ़ाया जाएगा: मोदी

**पंजिम,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत जल्दी ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तथा देश की आर्थिक वृद्धि में ऊर्जा क्षेत्र का महत्व बढ़ रहा है और देश प्राथमिक ऊर्जा के विभिन्न रूपों में प्राकृतिक गैस के उपयोग बढायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में हर जगह किफायती दर पर ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है तथा वैश्विक बाजार में उथल-पुथल के बाद भी भारत एक ऐसा देश है, जहां भी बीते दो वर्षों में पेट्रोल और डीजल के दाम कम हुये हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश इस समय विभिन्न प्रकार की प्राथमिक ऊर्जा जिस अनुपात में कर रहा है, उसमें प्राकृतिक गैस का अनुपात छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। इसके लिये पांच-छह वर्ष में सात अरब डालर का निवेश करने की योजना है। प्रधानमंत्री गोवा में आयोजित 'भारत ऊर्जा सप्ताह 2024' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसमें दुनिया भर से आमंत्रित तेल और प्राकृतिक गैस उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री मोदी ने गोवा के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत , केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, रामेश्वर तेली और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कहा, 'भविष्य की इन जरूरतों को देखते हुये, समझते हुये भारत अभी से तैयारी कर रहा है।' उन्होंने दुनिया भर से जुटे इस उद्योग के प्रतिनिधियों को आपस में उन्नत प्रौद्योगिकीय सहयोग करने , एक-दूसरे से सीखने और स्वस्थ ऊर्जा के स्रोतों के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन ऐसे समय हो रहा



है जबकि चालू वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में ही, भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि दर साढ़े सात फीसदी से अधिक रही है और यह पहले के अनुमानों से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था है और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का अनुमान है 'हम ऐसे ही तेज गति से आगे बढ़ेंगे।' उन्होंने कहा , 'आज पूरी दुनिया के एक्सपर्ट ये मान रहे हैं कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत की आर्थिक वृद्धि की इस गाथा में ऊर्जा क्षेत्र की बहुत महत्वपूर्ण है, स्वाभाविक रूप से उसका महात्मय बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की खपत के मामले में भारत पहले ही विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एनएनजी आयातक , चौथा सबसे बड़े तेल शोधनकर्ता और चौथा सबसे बड़ा वाहन विनिर्माता हैवाले देश हैं। भारत इस समय 25.4 करोड़ टन वार्षिक शोधन क्षमता के साथ पहले ही विश्व के सबसे बड़े तेल शोधनकर्ताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा, 'हमने 2030 तक भारत की रिफाइनिंग कैपेसिटी को 45 करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। भारत पेट्रो रसायन और अन्य तैयार पेट्रोलियम उत्पादों के क्षेत्र में भी एक बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा की बढ़ती मांग के बीच भारत, देश के हर कोने में किफायती ऊर्जा की उपलब्धता को भी सुनिश्चत कर रही है। उन्होंने कहा भारत ऐसा देश है, जहां अनेक वैश्विक कारणों के बाद भी बीते दो सालों में पेट्रोल और डीजल के दाम कम हुये हैं। इसके अलावा भारत ने 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी कवरेज हासिल करते हुये बिजली को करोड़ों घरों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों के कारण ही आज भारत विश्व के मंच पर ऊर्जा क्षेत्र में इतना आगे बढ़ रहा है। भारत ना सिर्फ अपनी जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि विश्व के विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पुनःप्रयोग की अवधारणा पर आधारित चक्रीय अर्थव्यवस्था भारत की प्राचीन परंपरा का हिस्सा रही है। पिछले वर्ष जी-20 समिट में हमने जिस वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन शुरू किया था, वह हमारी इसी भावना का प्रतीक है। बहुत कम समय में ही, 22 देश और 12 इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन इससे जुड़ गये हैं। इससे पूरे विश्व में जैव के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा। इससे करीब 500 अरब डॉलर की आर्थिक संभावनाओं को बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के कारण भारत जल्द ही हाइड्रोजन प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट का केंद्र बनने वाला है।

## फिनटेक प्लेटफॉर्म जसपे ने लोटसपे का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी जसपे ने मंगलवार को पूर्ण नकद सौदे में लोटसपे के अधिग्रहण की घोषणा की। वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया गया। जसपे बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई), ई-कॉमर्स, यात्रा, फिनटेक, एयरलाइंस आदि जैसे क्षेत्रों में अग्रणी कंपनियों के लिए भुगतान समाधान प्रदान करता है। कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण बीएफएसआई सेगमेंट और व्यापारियों के लिए उसकी पेशकश को मजबूत करेगा, इसमें उसकी आवर्ती भुगतान क्षमताओं को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जसपे के सह-संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी शीतल लालवानी ने कहा, लोटसपे के एनएसीएच (राष्ट्रीय स्वचालित क्लियरिंग हाउस) समाधान बाजार में सबसे अच्छे हैं, और वे हमारे मौजूदा आवर्ती भुगतान प्रस्तावों को ताकत देते हैं। अब हम अपने उद्यम ग्राहकों (बैंकों, व्यापारियों, एनबीएफसी) को आवर्ती भुगतान विकल्पों के एक पूरे सूट के साथ सेवा दे सकते हैं।' 2016 में आत्मा कृष्णा द्वारा स्थापित और वाई कॉम्बिनेटर द्वारा समर्थित, लोटसपे एनएसीएच डेबिट में अग्रणी है, और व्यापारियों व बैंकों के लिए क्लाउड-आधारित सॉफ्टवेयर प्रदान करता है। एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा संचालित एनएसीएच डेबिट, बैंकों, वित्तीय संस्थानों और व्यापारियों को ऋण, निवेश, बीमा प्रीमियम, सदस्यता आदि के लिए आवर्ती भुगतान एकत्र करने में सक्षम बनाता है। लोटसपे भारत के अग्रणी बैंकों, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, इनक्रेड फाइनेंस और आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस सहित एनबीएफसी और स्टेशफिन, पाइन लैब्स और किश्त सहित प्रौद्योगिकी कंपनियों को सेवा प्रदान करता है। 2023 में, लोटसपे ने पांच मिलियन से अधिक जनादेश पंजीकृत किए, और 20 मिलियन से अधिक लेनदेन संसाधित किए, इसका कुल मूल्य 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक था।

## आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन के कारण पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन पर जुर्माना लगाया

**मुंबई,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और कोर निवेश कंपनियों के लिए तरलता जोखिम प्रबंधन ढांचे से संबंधित मानदंडों के उल्लंघन के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 8.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। आरबीआई द्वारा किए गए कंपनी के वैधानिक निरीक्षण से अन्य बातों के अलावा, पता चला कि कंपनी ने अपात्र संपत्तियों को उच्च गुणवत्ता के रूप में शामिल करने के परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2022 तक 60 प्रतिशत की निर्धारित तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) को बनाए नहीं रखा था। नतीजतन, कंपनी को एक नोटिस जारी किया गया, जिसमें उसे कारण बताने की सलाह दी गई कि आरबीआई के निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर कंपनी के जवाब, उसके द्वारा की गई अतिरिक्त प्रस्तुतियों की जांच और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान की गई मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरबीआई के निर्देशों का अनुपालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ और मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया। हालांकि, आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

## भारत के सीबीएम एक्सप्लोरेशन में पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नवाचार में अग्रणी है सीरोस एनर्जी


**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। कोयला आधारित मीथेन (सीबीएम) एक्सप्लोरेशन में इनोवेटर सेरोस एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने इस सेक्टर में अपनी अत्याधुनिक पहल और प्रगति को प्रस्तुत करते हुए इंडिया एनर्जी वीक में हिस्सा लिया। सेरोस ने श्राम टीएक्सडी और सर्विसकिंग इंटरनेशनल सहित अत्याधुनिक ड्रिलिंग रिग्स में तैनाती का शानदार प्रदर्शन किया। ये रिग उन्नत तकनीक से लैस हैं जो ड्रिलिंग फुटप्रिंट को 150×150 फीट पैड जितना छोटा करने में सक्षम बनाता है। यह अभूतपूर्व दृष्टिकोण अपने संचालन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की सीरोस की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो आत्मनिर्भर भारत और इसके पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार लोकाचार के प्रति उसके समर्पण को दिखाता है।

सेरोस एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ आशीष अग्रवाल ने कहा- 'ऐसे युग में जहां हमारा देश तेजी से स्वच्छ और अधिक टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर हो रहा है, सेरोस न केवल कोयला आधारित मीथेन की खोज कर रहा है, बल्कि एक हरित और अधिक कुशल भविष्य की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा का नेतृत्व कर रहा है। नवाचार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ एक व्यावसायिक रणनीति नहीं है; यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी ऊर्जा परिदृश्य को आकार देने में हमारे समर्पण का प्रदर्शन है। कंपनी ने विशेष रूप से सीबीएम ड्रिलिंग परियोजनाओं के लिए महीने दर महीने 10,000 मीटर से अधिक कुओं की आपूर्ति कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के ग्राहकों में भारत के सीबीएम सेक्टर के प्रमुख प्लेयर शामिल हैं, जैसे एस्सार ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन प्रोडक्शन लिमिटेड, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और ओएनजीसी। इन सीबीएम प्रमुखों के साथ सेरोस का सहयोग इंडस्ट्री लीडर्स की ड्रिलिंग मांगों को पूरा करने में विश्वसनीयता और दक्षता के लिए इसकी प्रतिष्ठा का उदाहरण देता है। अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों में, सेरोस ने ओएनजीसी के लिए 100 से अधिक सीबीएम कुओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसने विशेषज्ञता और विश्वसनीयता की गहराई का प्रदर्शन किया है जिसने कंपनी को ऊर्जा क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया है।

## शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, टेक, आईटी और दूरसंचार समेत सोलह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक की छलांग लगाकर 72,186.09 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 157.70 अंक उछलकर 21,929.40 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.06 प्रतिशत मजबूत होकर 39,348.74 अंक और स्मॉलकैप 1.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,307.84 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3944 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2353 में तेजी जबकि 1508 में गिरावट रही वहीं 83 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियों में लिवाली जबकि शेष 14 में बिकवाली हुई। बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 1.34, ऊर्जा 2.07, हेल्थकेयर 1.41, इंडस्ट्रियल्स 1.45, आईटी 2.94, दूरसंचार 2.17, ऑटो 1.65, कैपिटल गुड्स 1.61, धातु 1.67, तेल एवं गैस 3.02, टेक 2.74 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रूख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.34, हांगकांग का हैंगसेंग 4.04 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 3.23




प्रतिशत उछल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.13 और जापान का निक्केई 0.53 प्रतिशत गिर गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 239 अंक की तेजी के साथ 71,970.82 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 71,625.18 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया वहीं लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 72,261.40 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा और अंत में पिछले दिवस के 71,731.42 अंक के मुकाबले 0.63 प्रतिशत उछलकर 72,186.09 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 54 अंक की बढ़त लेकर 21,825.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,737.55 अंक के निचले जबकि 21,951.40 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,771.70 अंक की तुलना में 0.72 प्रतिशत चढ़कर 21,929.40 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एचसीएल टेक 4.43, मारुति 4.06, टीसीएस 4.05, विप्रो 3.59, इंफ़ोसिस 2.52, एलटी 2.49, टाटा स्टील 2.26, भारती एयरटेल 2.17, टेक महिंद्रा 1.65, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.44, टाटा मोटर्स 1.36, एसबीआई 1.21, आईसीआईसीआई बैंक 0.23 और टाइटन 0.20 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, नुकसान उठाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 2.97, इंडसइंड बैंक 1.84, आईटीसी 1.52, कोटक बैंक 1.21, एक्सिस बैंक 1.14, बजाज फिनसर्व 1.08, रिलायंस 0.70, एनटीपीसी 0.52, एचडीएफ़सी बैंक 0.09 और बजाज फाइनेंस 0.06 प्रतिशत शामिल है।

## टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 15 लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां) । भारत की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण मंगलवार को 15 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस 4.1 प्रतिशत उछलकर 4137 रुपए पर कारोबार करने वाली शीर्ष कंपनी रही। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण अब 15.13 लाख करोड़ रुपए है। सेंसेक्स की बढ़त में आईटी शेयर सबसे आगे हैं, इसमें एचसीएल टेक 4 फीसदी की बढ़त में है। विप्रो में 3 फीसदी से ज्यादा और इंफोसिस में 2 फीसदी से ज्यादा तेजी है। अन्य लाभ पाने वालों में, मारुति 3 प्रतिशत से अधिक ऊपर है जबकि भारती एयरटेल लगभग 3 प्रतिशत ऊपर है। बीएसई सेंसेक्स 372.29 अंक बढ़कर 72,103.71 अंक पर कारोबार कर रहा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार का कहना है कि निकट अवधि के बाजार का रुझान थकावट का संकेत देता है और कोई




स्पष्ट सकारात्मक ट्रिगर नहीं है जो बाजार को तुरंत नई ऊंचाई पर ले जा सके। एक महत्वपूर्ण घटना 8 तारीख को आरबीआई की बैठक होने वाली है। उन्होंने कहा, लेकिन आरबीआई की बैठक से दर में कटौती जैसी कोई सकारात्मक पहल की संभावना नहीं है। वैश्विक बाजार की संरचना भी चुनौतीपूर्ण है, 10 साल की बॉन्ड यील्ड फिर से बढ़कर 4.13 प्रतिशत हो गई है और डॉलर इंडेक्स बढ़कर 104.5 हो गया है। उन्होंने कहा, सकारात्मक बात यह है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था आश्चर्यजनक रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रही है और संभावित अमेरिकी मंदी के कारण तीव्र वैश्विक मंदी की संभावना बहुत कम है।

## बेंगलुरु स्थित ईवी स्टार्टअप रिवर ने यामाहा मोटर के नेतृत्व में जुटाए 335 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। बेंगलुरु स्थित ईवी स्टार्टअप रिवर ने मंगलवार को कहा कि उसने यामाहा मोटर कंपनी के नेतृत्व में सीरीज बी राउंड में 40 मिलियन डॉलर यानी लगभग 335 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस राउंड में मौजूदा निवेशक अल-फुतैम ऑटोमोटिव, लोअरकार्बन कैपिटल, टोयोटा वेंचर्स और मनिव मोबिलिटी की भी भागीदारी देखी गई। यह फंड देश भर में रिवर के डिस्ट्रीब्यूशन और सर्विस नेटवर्क को बढ़ाने में मदद करेगी और इसका उपयोग भविष्य में इलेक्ट्रिक स्कूटरों की श्रृंखला के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश करने के लिए भी किया जाएगा। रिवर के सह-संस्थापक और सीईओ अरविंद मणि ने कहा, 'यह निवेश 2030 तक अरबों डॉलर का ग्लोबल यूटिलिटी-लाइफस्टाइल ब्रांड बनाने की हमारी योजना के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा है। हमने पिछले दो सालों में रिसर्च एंड डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग में एक बड़ा आधार बनाया है और अब, बढ़ने का समय आ गया है।' रिवर ने अक्टूबर 2023 में 'इंडी' नामक अपना पहला प्रोडक्ट बेचना शुरू किया। इंडी को पूरी तरह से बेंगलुरु में अपनी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सुविधा में डिजाइन और डेवलप किया गया था और शहर के बाहरी इलाके में निर्मित किया गया था। यामाहा मोटर के न्यू बिजनेस डेवलपमेंट सेंटर के मुख्य महाप्रबंधक हाजीम 'जिम' एओटा ने कहा, 'हम इतने कम समय में रिवर द्वारा हासिल किए गए अचीवमेंट से प्रभावित हैं, खासकर डिजाइन और टेक्नोलॉजी पर मजबूत फोकस के साथ।' यह राउंड मार्च 2021 में अपनी स्थापना के बाद से कंपनी द्वारा जुटाई गई संचयी निधि को 68 मिलियन डॉलर (565 करोड़ रुपये) तक ले जाता है।

## भारत के ईवी चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़कर 12,146 हो गई, महाराष्ट्र आगे, दिल्ली दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इस साल 2 फरवरी तक देश में चल रहे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों की संख्या 12,146 हो गई है। उन्होंने मंगलवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह बात कही। मंत्री द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र 3,079 ईवी चार्जिंग स्टेशनों के साथ सबसे आगे है, इसके बाद दिल्ली 1,886 स्टेशनों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि कर्नाटक 1,041 चार्जिंग स्टेशनों के साथ तीसरे स्थान पर है। शीर्ष 10 की सूची में शीर्ष तीन राज्य हैं : केरल (852), तमिलनाडु (643), उत्तर प्रदेश (582), राजस्थान (500), तेलंगाना (481), गुजरात (476) और मध्य प्रदेश (341)।

भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) भारत में ईवी को बढ़ावा देने की सुविधा के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। मंत्री ने कहा कि एफएएमई-II योजना में अन्य बातों के साथ-साथ ईवी उपयोगकर्ताओं के बीच विश्वास पैदा करने के लिए सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए सब्सिडी के रूप में वित्तीय



सहायता भी शामिल है। इसके अलावा, बिजली मंत्रालय ने देश में सार्वजनिक ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे की तैनाती में तेजी लाने के लिए कई पहल की हैं। सरकार ने चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो ईवी के मालिकों को अपने मौजूदा बिजली कनेक्शन का उपयोग करके अपने निवास/कार्यालय में अपने वाहनों को चार्ज करने में सक्षम बनाते हैं।

सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए प्रचार दरों पर भूमि के प्रावधान के लिए एक राजस्व साझाकरण मॉडल भी पेश किया गया है और निर्धारित समयसीमा के भीतर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) को बिजली कनेक्शन प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। सरकार ने सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए एकल भाग ईवी टैरिफ भी निर्धारित किया है, यह राशि 31.03.2025 तक आपूर्ति की औसत लागत (एसीओएस) से अधिक नहीं हो सकती है। दिशानिर्देश सौर और गैर-सौर घंटों के दौरान पीसीएस पर ईवी की धीमी एसी चार्जिंग के लिए उपयोग की जाने वाली बिजली की सीमा क्रमश: 2.50 रुपये प्रति यूनिट और 3.50 रुपए प्रति यूनिट निर्दिष्ट करते हैं। इसके अलावा, सौर और गैर-सौर घंटों के दौरान पीसीएस पर ईवी की डीसी फास्ट चार्जिंग के लिए उपयोग की जाने वाली बिजली की क्रमश: 10 रुपए प्रति यूनिट और 12 रुपये प्रति यूनिट की अधिकतम सीमा भी निर्दिष्ट की गई है। सौर घंटों के दौरान डिस्कॉम द्वारा पीसीएस को आपूर्ति की औसत लागत (एसीओएस) पर 20 प्रतिशत की छूट और अन्य सभी समय के दौरान 20 प्रतिशत का अधिभार होगा। मंत्री ने कहा कि हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस नियम, 2022 को नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में और तेजी लाने, सभी के लिए सस्ती, विश्वसनीय, टिकाऊ और हरित ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिसूचित किया गया है।

**सार संक्षेप**

### तरुण छाबड़ा को नोकिया इंडिया का नया प्रमुख नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** मोबाइल नेटवर्क के प्रमुख और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट तरुण छाबड़ा को संगठनात्मक पुनर्गठन के अंतर्गत कंपनी का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। कंपनी ने अपने बयान में पुष्टि की है कि छाबड़ा भारतीय बाजार के नए देश प्रमुख के रूप में पदभार संभाल चुके हैं, जो कि अप्रैल 2024 से प्रभावी हो जाएगा। वहीं, मलिक ने फैसला किया है कि वो 31 मार्च 2024 को रिटायर हो जाएंगे। इसके बाद वो अपना पद तरुण को हस्तांतरित कर देंगे। छाबड़ा ने संजय मलिक का स्थान लिया, जो वरिष्ठ उपाध्यक्ष थे। हालांकि, मलिक 31 मार्च 2024 तक कंपनी में बने रहेंगे। वह भारत के वैश्विक ग्राहक अनुभव या बिक्री कार्यक्षेत्र का हिस्सा थे और उन्होंने लगभग आठ वर्षों तक भारतीय बाजार संचालन का नेतृत्व किया। मलिक ने रिक कॉर्कर को सूचना दी, जो नोकिया के मुख्य ग्राहक अनुभव अधिकारी हैं। नोकिया द्वारा घोषित बदलाव कंपनी की वैश्विक पुनर्गठन योजना के अनुरूप हैं, जिसकी घोषणा पिछले साल अक्टूबर में की गई थी। इस योजना के हिस्से के रूप में, कंपनी का इरादा दुनिया भर में 11,000 से 14,000 नौकरियों में कटौती करने का है। 19 अक्टूबर, 2023 को नोकिया ने अपने लागत आधार को रीसेट करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम के साथ-साथ अपने रणनीतिक और परिचालन परिवर्तनों का अनावरण किया।

### सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान देश के खुदरा ऋण में मध्यम वृद्धि


**नई दिल्ली।** सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान भारत के खुदरा ऋण में मध्यम वृद्धि देखी गई ,क्योंकि वित्तीय संस्थानों ने ऋण की आपूर्ति कड़ी कर दी, खासकर क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता टिकाऊ ऋण और व्यक्तिगत ऋण जैसे उपभोग-आधारित उत्पादों पर। सितंबर 2023 के लिए ट्रांसयूनियन सिबिल क्रेडिट मार्केट इंडिकेटर (सीएमआई) रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट कार्ड और व्यक्तिगत ऋण के अलावा, अधिकांश उत्पादों में बैलेंस-स्तर की चूक से मापा गया क्रेडिट प्रदर्शन बेहतर हुआ है। सीएमआई के निष्कर्षों से पता चला है कि समग्र उत्पत्ति की वृद्धि दर में साल-दर-साल गिरावट आई है, इसके परिणामस्वरूप सीएमआई आपूर्ति सूचकांक सितंबर 2022 में 98 से सितंबर 2023 में 95 तक मामूली गिरावट आई है। सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में व्यक्तिगत ऋण सहित उपभोग-आधारित क्रेडिट उत्पादों की वृद्धि कम हुई। सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में होम लोन के मूल्य में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। हालांकि, मात्रा के संदर्भ में, कम मूल्य वाले गृह ऋण जो कि 76 प्रतिशत उत्पत्ति का हिस्सा हैं, 4 प्रतिशत कम हो गए हैं, इससे समग्र गृह ऋण उत्पत्ति वृद्धि प्रभावित हुई है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि उत्पत्ति में न्यू-टू-क्रेडिट (एनटीसी) उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही में 17 प्रतिशत से घटकर सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में 14 प्रतिशत हो गई, इसके परिणामस्वरूप एनटीसी उत्पत्ति मात्रा में हिस्सेदारी में कमी आई।

# खेल जगत

## भारतीय बैटिंग लाइनअप में सुधार चाहते हैं जहीर खान

**नई दिल्ली**, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर भारत की 106 रन की शानदार जीत के बाद पूर्व क्रिकेटर जहीर खान ने टीम की बल्लेबाजी इकाई के बारे में एक बड़ा मुद्दा उठाया है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए जहीर खान ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में सुधार की काफी गुंजाइश है। विजाग टेस्ट में जायसवाल का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिन्होंने पहली पारी में 209 रन बनाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। फिर, गिल ने दूसरी पारी में 104 रन की शानदार पारी खेली। इन पारियों ने मैच में भारत की मजबूत स्थिति की नींव रखी और इंग्लैंड के सामने 399 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। हालांकि, जहीर खान ने अन्य भारतीय बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की। श्रेयस अय्यर और रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ी अपने अवसरों को भुनाने में विफल रहे, जो एक गंभीर मुद्दे को उजागर करता है।





## चोटिल डिफेंडर लिसेंड्रो मार्टिनेज आठ सप्ताह के लिए एक्शन से बाहर

**मैनचेस्टर,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। प्रीमियर लीग क्लब ने बताया कि डिफेंडर लिसेंड्रो मार्टिनेज को घुटने की चोट के कारण कम से कम आठ हफ्ते तक एक्शन से बाहर रहना पड़ सकता है। मैच में विरोधी खिलाड़ियों से टैकल के दौरान मार्टिनेज़ चोटिल हो गए थे, जिसके कारण उन्हें 71वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा। यूनाइटेड ने एक बयान में बताया, 'लिसेंड्रो मार्टिनेज के घुटने के मेडियल कोलैटरल लिगामेंट में चोट लग गई है और उनके कम से कम आठ सप्ताह तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है।' यह मार्टिनेज के लिए बड़ा झटका है। वो हाल ही में लंबी चोट के बाद वापसी कर रहे थे। उन्हें अप्रैल में सेविला के खिलाफ बार-बार होने वाली पैर की समस्या को ठीक करने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मार्टिनेज़ ने फैंस के साथ एक मैसेज साझा किया। उन्होंने कहा, 'मुझे मिले समर्थन के लिए मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं और आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं जल्द ही वापसी करूंगा।

## द. अफ्रीका का भारत के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल में चुनौतीपूर्ण स्कोर

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (देशबन्धु)। विकेटकीपर बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज लुआन ड्री प्रिटोरियस (76 रन, 111 गेंद, तीन छक्के, छह चौके) और रिचर्ड सेलेत्सवाने ((64 रन, 100 गेंद, दो छक्के, चार चौके) के शानदार अर्धशतक और तीसरे विकेट की 72 रन की भागीदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने भारत द्वारा बिनोनी में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी की दावत दिए जाने पर निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 244 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका को इस चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने में निचले क्रम में कप्तान युआन जेम्स (24 रन, 19 गेंद, एक चौका, एक छक्का) और ट्रस्टन लूस की मात्र 12 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से अविजित 23 रन की पारी की भी अहम भूमिका रही। तेज गेंदबाज राज लिम्बानी (3/60) भले ही भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे लेकिन पारी और अपने अंतिम ओवर में 15 और सातवें ओवर में 16 रन देने उनका गेंदबाजी विश्लेषण ही बिगड़ गया। भारत के लिए बाएं हाथ के स्पिनर मुशीर खान (2/43) ने दो तथा बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे (1/38) और नमन तिवारी (1/52) ने एक-एक विकेट लिया। धीमा आगाज करने वाले रिचर्ड सेलेत्सवाने ने पारी के 38 वें ओवर में गियर बदला और पहले बाएं हाथ के स्पिनर मुशीर खान की गेंद को स्लॉग स्वीप कर डीप मिड विकेट के उपर से उड़ा अपना पहला और अगले ओवर में ऑफ स्पिनर प्रियांशु मोलिया की गेंद पर अपना दूसरा छक्का जड़ा। सेलेत्सवाने पारी के 47 वें और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी के सातवें ओवर की तीसरी गेंद को उड़ाने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर प्रियांशु मोलिया के हाथों लपके गए और दक्षिण अफ्रीका ने अपना छठा विकेट 214 रन खोया। मुशीर ने ओलिवर वाइटहेड (22 रन, 34 गेंद, तीन चौके) ने बाएं हाथ के स्पिनर मुशीर खान के दसवें और आखिरी तथा पारी के 40 ओवर की अंतिम गेंद पर तेजी से प्रहार किया और गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा ले उछली और सचिन दास ने कवर में अच्छा कैच लपक उन्हें आउट कर उनकी और रिचर्ड सेलेत्सवाने की चौथे विकेट की भागीदारी को तोड़ कर दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 40 ओवर में चार विकेट पर 163 कर दिया। सेलेत्सवाने ने पारी के 42 वें नमन तिवारी के पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर एक रन लेकर 90गेंदों में दो छक्कों और दो चौकों की मदद से पारी के 42 वें और अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर की अंतिम पूर्व गेंद पर लिम्बानी बैकवर्ड स्कवॉयर पर उनका मुश्किल कैच लपकने से चूक गए। डेवन मराइस (3) पारी के 43 वें और बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे के अंतिम पूर्व ओवर की दूसरी गेंद को स्लॉग स्वीप करने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर कैच थमा बैठे और दक्षिण अफ्रीका ने पांचवां विकेट 174 पर खो दिया। पारी के 46 वे और राज लिम्बानी के दूसरे स्पेल के पहले और सातवें ओवर में 16 रन दिए और सेलेत्सवाने ने दो और कप्तान जेम्स ने एक चौका जड़ा।

> ■ प्रिटोरियस और सेलेत्सवाने ने द. अफ्रीका अंडर-19 के लिए जड़े अर्धशतक



दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज स्टीव स्टोक (14 रन, 17 गेंद, एक छक्का, दो चौके) ने भारत के तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने ऑफ स्टंप पर गिर कर बाहर निकलती गेंद को कट करने की कोशिश की लेकिन अतिरिक्त उछाल से मात खा गए और विकेटकीपर अरावली अविनाश को कैच थमा कर पैवेलियन लौट गए और दक्षिण अफ्रीका ने पहला विकेट पारी के पांचवें ओवर में 23 रन पर खो दिया। दूसरे छोर से नमन तिवारी के चौथे ओवर में लुआन ड्री प्रिटोरियस ने डीप स्कवायर लेग के उपर से छक्का और डीप मिड विकेट के उपर से चौका जड़ने सहित 15 रन जुटाए। लिम्बानी ने अपने पांचवें ओवर की पहली ही बेहतरीन इनस्विंगर पर डेविड टीगर(0) को बोल्ड कर अपना दूसरा विकेट चटका कर दक्षिण अफ्रीका का स्कोर दो विकेट पर 46 कर दिया। नमन तिवारी की जगह पहले बदलाव के तौर पर भारत के कप्तान उदय सहारन ने दसवें ओवर में ऑफ स्पिनर मुरुगन अभिषेक को थमाई और उनकी पांचवी गेंद को प्रिटोरियस ने स्वीप कर बैकवर्ड स्कवायर लेग के उपर से उड़ा अपना दूसरा छक्का जड़ कर दक्षिण अफ्रीका को 50 के पार पहुंचाया। पहले पॉवरप्ले में शुरू के दस ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट खोकर 55 रन बनाए। प्रिटोरियस (44) ने अषिभेक की तेजी से घूमी गेंद को कट करने की कोशिश की लेकिन विकेटकीपर अरावली अविनाश हड़बड़ी में कैच टपका बैठे तब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 16 ओवर में दो विकेट पर 75 रन था।

## टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता वरुण कुमार के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज



**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार पर मंगलवार को कर्नाटक पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। एनएनआईएस स्पोर्ट्स के मुताबिक, एक 22 वर्षीय महिला ने वरुण पर शादी के बहाने उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। महिला का दावा है कि जब वह 17 साल की थी तब उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम पर वरुण से हुई थी और वे दोनों अक्सर मिलते थे। महिला ने वरुण पर उस समय उसके साथ यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया, जब वह भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए बेंगलुरु में था। यह मामला एफआईएच प्रो लीग सीजन 2023-24 में स्पेन के खिलाफ भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारत के शुरुआती मैच से कुछ दिन पहले दर्ज किया गया था। हालांकि वरुण को टूर्नामेंट के 24-व्यक्ति रोस्टर में शामिल किया गया था, लेकिन सबसे हालिया घटना अब उनके चयन पर सवाल उठाती है। वरुण टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली ऐतिहासिक टीम के सदस्य थे और पिछले कुछ वर्षों से भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लगातार सदस्य रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने 2023 में चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के लिए प्रतिस्पर्धा की।

## जूनियर विश्व रैंकिंग में टॉप 10 में पांच भारतीय शतरंज खिलाड़ी

**चेन्नई,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। शतरंज के इतिहास में पहली बार युवा भारतीय खिलाड़ियों ने जूनियर विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान सहित पांच स्थानों पर कब्जा किया। इस लिस्ट में शीर्ष रैंक वाले ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) आर. प्रगनानंद (एलो रेटिंग 2747), डी.गुकेश (2743) तीसरा स्थान, निहाल सरीन (2693) छठा स्थान, रौनक साधवानी (2654) सातवां स्थान और लियोन ल्यूक मोंडोंका (2631) अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ या फिडे की नई रैंकिंग सूची के अनुसार दसवें स्थान पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि आर. प्रगनानंद और गुकेश कनाडा में आगामी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेलेंगे। टूर्नामेंट का विजेता विश्व शतरंज चैंपियन लिरेन डिंग (2762) को विश्व खिताब के लिए चुनौती देगा। लड़कियों के वर्ग में भी दो भारतीय खिलाड़ी सरयू वैलपुला (2444, दूसरी रैंक) और दिव्या देशमुख (2427, तीसरी रैंक) शीर्ष 10 क्लब में शामिल हैं।

महिला वर्ग में भारत की अनुभवी जीएम कोनेरू हम्पी 2554 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर हैं। कोनेरू हम्पी कनाडा में महिला उम्मीदवारों में भी खेलेंगी। हालांकि, दुनिया में शीर्ष दस में स्थान नहीं पाने वाली डब्ल्यूजीएम आर.वैशाली भी महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी। हालांकि, ओपन वर्ग में कोई भी भारतीय शतरंज खिलाड़ी शीर्ष दस में शामिल नहीं है।



## जुलाई में जिम्बाब्वे दौरे पर जाएगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे क्रिकेट और बीसीसीआई ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारत की मेजबानी करेगा। पांच मैचों की शृंखला 6 से 14 जुलाई तक हरारे के हरारे स्पोर्ट क्लब में होने वाली है। जिम्बाब्वे क्रिकेट के बयान में बताया गया है कि इस दौरे की पुष्टि जिम्बाब्वे क्रिकेट और बीसीसीआई के बीच सार्थक चर्चा के बाद हुई है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है।

तवेंगवा मुकुहलानी ने सीरीज की घोषणा करते हुए कहा, हम जुलाई में भारतीय टीम की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह इस साल घरेलू मैदान पर हमारा सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय आकर्षण होगा। भारतीय टीम के प्रभाव और खेल के प्रति समर्पण से क्रिकेट के खेल को हमेशा बहुत फायदा हुआ है और मैं एक बार फिर जिम्बाब्वे का दौरा करने के लिए बीसीसीआई को धन्यवाद देना चाहता हूं।



## न्यूजीलैंड के खिलाफ मॉरिस के खेलने पर सस्पेंस

**कैनबरा,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में गेंदबाजी करते समय दाएं हाथ के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को साइड स्ट्रेन का सामना करना पड़ा। इसके बाद उनके इस महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के साथ न्यूजीलैंड का दौरा करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। लांस मॉरिस ने एक मेडन ओवर के साथ 13 रन देकर 2 विकेट लिए और वेस्टइंडीज को 86 रन पर समेटने में मदद की, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में उनका दूसरा सबसे कम स्कोर था। लेकिन, तेज गेंदबाज ने मनुका ओवल में अपने पांचवें ओवर के दौरान खुद को चोटिल कर लिया जिससे ओवर की तीन गेंद शेष रहते हुए मैदान से बाहर जाना पड़ा। टीम अधिकारियों ने कुछ देर बाद चोट की पुष्टि की और तेज गेंदबाज को जांच के बाद डगआउट भेज दिया। क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार, चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए मॉरिस को स्कैन के लिए भेजा जाएगा। पिछले शुक्रवार को पहले वनडे में अपने अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के बाद यह दूसरी बार था जब मॉरिस ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। मॉरिस बुधवार को पश्चिम ऑस्ट्रेलिया लौटने पर अपनी पुनर्वास यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं। 29 फरवरी से वेलिंगटन में शुरू होने वाले न्यूजीलैंड के आगामी दो टेस्ट दौरे के लिए चयन के लिए पात्र होने के लिए उन्हें समय पर अपनी फिटनेस साबित करने की कड़ी समय सीमा का सामना करना पड़ सकता है।

## रणजी में वापसी करने को तैयार हैं मयंक अग्रवाल

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। मयंक अग्रवाल को फिट घोषित कर दिया गया है और वह हेल्थ इमरजेंसी से उबरने के बाद तमिलनाडु के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के छठे दौर में कर्नाटक का नेतृत्व करने के लिए वापसी को तैयार हैं। अगरतला से सूरत की उड़ान के दौरान मयंक अग्रवाल ने फ्लाइट में गलती से एक थैली से पानी समझकर एक अनजान पदार्थ पी लिया था। ऐसे में उन्हें गले और मुंह में तकलीफ महसूस होने लगी और उल्टी भी हुई। मयंक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें मेडिकल हेल्प दी गई।



शुरुआत में मयंक पेट में तकलीफ और सूजन के कारण 48 घंटों तक बोल नहीं सके। बाद में उनकी हालत ठीक थी और मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चला कि उन्हें कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी नहीं है। मयंक अब पूरी तरह से ठीक हैं और वे मैदान पर वापसी के लिए बेताब हैं। देवदत्त पडिक्कल के साथ अग्रवाल की वापसी से कर्नाटक लाइनअप मजबूत होगा। 9 फरवरी से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के छठे दौर में कर्नाटक का मुकाबला तमिलनाडु से होगा।

कर्नाटक टीम - मयंक अग्रवाल (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, आर समर्थ, निकिन जोस, मनीष पांडे, शरथ श्रीनिवास (विकेटकीपर), अनीश केवी, विशाक विजय कुमार, वी कौशिक, के शशिकुमार, सुजय सातेरी (विकेटकीपर), एम वेंकटेश, विदवथ कावेरप्पा, किशन बेदारे, रोहित कुमार, हार्दिक राज।

## होबार्ट हरिकेंस के साथ जुड़े रहेंगे निखिल चौधरी

**होबार्ट,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। बिग बैश लीग (बीबीएल) क्लब होबार्ट हरिकेंस ने निखिल चौधरी के साथ 2026 तक अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की है। बिग-हिट बल्लेबाज और लेग-स्पिन गेंदबाज ने ऑप्टस स्टेडियम में पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ हरिकेन्स के लिए बीबीएल में डेब्यू किया। उन्होंने 31 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली। निखिल चौधरी ने कहा, 'मैं होबार्ट हरिकेंस के साथ फिर से अनुबंध करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं बहुत खुश हूं कि मुझे हरिकेंस के साथ फिर से जुड़ने का मौका मिल रहा है।' निखिल चौधरी का बीबीएल 13 का हाईएस्ट स्कोर ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ 55 था, जिसमें सीजन के दो सबसे बड़े गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उन्होंने सिडनी थंडर के खिलाफ 2/26 का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य साबित हुए और उन्होंने अंतिम क्रम में कुछ पावर हिटिंग प्रदान की, जिसमें गेंद के साथ महत्वपूर्ण ओवर भी शामिल थे। पंजाब में जन्मे निखिल चौधरी 2020 में भारत से ऑस्ट्रेलिया चले गए, जहां उन्हें केएफसी क्वींसलैंड टी20 मैक्स प्रतियोगिता में होबार्ट हरिकेंस के सहायक कोच, जेम्स होप्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया। होप्स ने हरिकेंस कोचिंग स्टाफ को चौधरी की प्रतिभा के बारे में बताया जिसके बाद उन्हें घरेलू खिलाड़ी के रूप में हरिकेंस द्वारा अनुबंधित किया गया। हरीकेन के मुख्य कोच, जेफ वॉन चौधरी के कौशल से प्रभावित थे और उनकी मानसिकता को पसंद करते हैं।

## सबसे तेज 31 टेस्ट शतक जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज बने विलियमसन

बे ओवल, 6 फरवरी (एजेंसियां)। केन विलियमसन ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में अपना 31वां टेस्ट शतक जड़ा। इस शतकीय पारी के साथ उन्होंने अपने नाम कई बड़े रिकॉर्ड भी किए। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में 170 पारियों में 31वां शतक लगा दिया है, और बेन स्टोक्स को पीछे छोड़कर ऐसा करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं। हालांकि, वो 165 पारियों में सबसे तेज 31 शतक तक पहुंचने वाले सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड से चूक गए। इसके अलावा, यह पहली बार था जब विलियमसन ने एक ही टेस्ट मैच में दो शतक जड़े। दुनिया के नंबर 1 रैंक वाले टेस्ट बल्लेबाज ने अपने हालिया शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 118 और दूसरी पारी में 109 रन की पारी खेली। ग्लेन टर्नर (1974), ज्योफ हॉवर्थ (1978), एंड्रयू जोन्स (1991) और पीटर फुल्टन (2013) के बाद विलियमसन एक टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें खिलाड़ी बन गए।

## दक्षिण एशिया की पहली महिला हैंडबॉल लीग भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली,** 6 फरवरी (एजेंसियां)। भारत एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करते हुए दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) की मेजबानी का गवाह बनने जा रहा है। इस लीग में मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व, यूरोप और अफ्रीका के प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे। इस लीग को पावना स्पोर्ट्स वेंचर द्वारा प्रोमोट किया जा रहा है, जो दक्षिण एशियाई हैंडबॉल फेडरेशन, एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में आधिकारिक लाइसेंसधारी है और जिसे हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का समर्थन प्राप्त है। उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेने के लिए तैयार छह टीमों के साथ, यह लीग भारत में महिला हैंडबॉल के लिए गेम-चेंजर बनगी, जो न केवल खिलाड़ियों को अपने कौशल दिखाने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच प्रदान करेगी बल्कि एक ऐसा मंच भी बनाएगी, जो भविष्य को बदलने में सक्षम होगा। दुनिया भर से खिलाड़ियों को शामिल करने से लीग में विविधता आएगी और इसका स्तर भी ऊंचा रहेगा। इससे देश भर के खेल प्रशंसकों को क्वालिटी हैंडबॉल एक्शन देखने का मौका मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस क्रांतिकारी लीग की घोषणा हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लीग चेयरमैन और दक्षिण एशियाई हैंडबॉल फेडरेशन के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने कहा, 'हमें इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने पर गर्व है।'



भारत की पहली महिला हैंडबॉल लीग का शुभारंभ होना गौरव का क्षण है। यह लीग देश भर में महिला हैंडबॉल को बढ़ावा देने और विकसित करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। पावना स्पोर्ट्स वेंचर और एशियाई और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ जुड़कर, हमारा उद्देश्य भारत में महिला हैंडबॉल के मानक को ऊपर उठाना और हमारे एथलीटों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए विश्व स्तरीय मंच प्रदान करना है। यह लीग हमारे देश में महिला हैंडबॉल के साथ-साथ महिला खेलों के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। भारत की महिला हैंडबॉल टीम ने पिछले साल जॉर्डन में पहली बार प्रतिष्ठित 'एशियन प्रेसिडेंट्स कप' का खिताब जीता था, जबकि भारतीय जूनियर लड़कियों की हैंडबॉल टीम ने एशियन जूनियर गर्ल्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था और पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

## सार संक्षेप

### एथर्टन ने स्टोक्स को बुमराह से निपटने के लिए दी सलाह

**नई दिल्ली**। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथर्टन ने अपनी विविधताओं और घातक यॉर्कर से दिग्गज बल्लेबाजों को भी परेशान करने की क्षमता के लिए जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा की है। एथर्टन की यह सराहना इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के खिलाफ बुमराह की लगातार सफलता के मद्देनजर आई है। भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज में बुमराह स्टोक्स के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हुए हैं। बुमराह ने स्टोक्स को चार पारियों में दो बार आउट किया। दोनों बार स्टोक्स ऐसी गेंदों पर आउट हुए, जिससे स्टोक्स को गति और उछाल को समझने में संघर्ष करना पड़ा। एथर्टन ने स्काई क्रिकेट को बताया, 'गेंद की गति के अनुसार चयन करना उनके लिए कठिन है। स्टोक्स वास्तव में तेज गेंदबाजी के खिलाफ अच्छे बल्लेबाज हैं। हालांकि, उन्होंने बुमराह को लेकर जल्दबाजी की है।' उन्होंने स्टोक्स को बुमराह के खिलाफ सही लेंथ चुनने की सलाह दी है।

### क्रिकेटर फैबियन एलन के साथ गन पॉइंट पर लूटपाट: रिपोर्ट

नई दिल्ली। 28 साल के फैबियन एलन एसए20 में पार्ल रॉयल्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। उन्हें जोहान्सबर्ग में टीम होटल के बाहर बंदूक से लैस हमलावरों ने निशाना बनाया है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि बंदूक से लैस हमलावरों ने होटल के बाहर एलन को बंदूक दिखाकर उनका फोन और बैग समेत निजी सामान छीन लिया। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पार्ल रॉयल्स और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इस घटना की पुष्टि की है। सीडब्ल्यूआई के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रिकबज को बताया, हमारे मुख्य कोच एंड्री कोली, जो जमैका के ही रहने वाले हैं। उन्होंने फैबियन से संपर्क किया। हमने औबेड मैकॉय के जरिए उनसे बात की।

### अबू धाबी ओपन के दूसरे दौर में रादुकानु

**अल रावदाह**। ब्रिटेन की एम्मा रादुकानु ने अपने अबू धाबी ओपन अभियान की विजयी शुरुआत करते हुए पहले दौर के मुकाबले में चेक गणराज्य की मैरी बौजकोवा को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हराया। चोटों से जूझने के बाद साल की शुरुआत में एक्शन में लौटने के बाद रादुकानु को अपनी लय हासिल करने में कुछ समय लगा। जबकि, मैरी बौजकोवा शुरुआती चरण में अधिक आश्वस्त दिखीं और पहले दो गेम भी अपने नाम किए। धीरे-धीरे 2021 यूएस ओपन चैंपियन ने कुछ बेहतरीन ड्रॉप-शॉट्स के साथ खेल में पैर जमाना शुरू कर दिया।